https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 27 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 110 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 | 24.0 |
| डालटनगंज | 31.0 | 24.7 |
| धनबाद | 31.1 | 25.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**संडे की खास खबर**

# देश में वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल फॉरेस्ट' नहीं



सुधीर पाल

अल्फ्रेड उरांव कहते हैं, अध्यक्ष महोदय! छोटानागपुर के जो बाशिंदे हैं उनका जंगल से संबंध है और वे जानते हैं कि जंगल ही हमारे जीवन-मरण का सवाल है. वे यह भी जानते हैं कि जंगल का रहना जरूरी है. छोटानागपुर के बाशिंदे यह नहीं चाहते हैं कि जंगल उजाड़ हो जाए और उसकी रक्षा ना हो. ठेकेदार-जमींदार से ठेका लेकर उसको उजाड़ने की कोशिश करें, तो वे लोग उसकी रक्षा करते आए क्योंकि उन्हें जंगल की रक्षा करने में काफी इंटरेस्ट था.

जंगल की रक्षा करने के लिए वे लोग अपनी तरफ से एक आदमी मुकर्रर करते थे और उनको मेहनताना भी देते थे. इसलिए उस आदमी के जरिए जंगल की देखभाल होती थी. इसके अलावा गांव के सब लोगों को जंगल से इंटरेस्ट था और हर एक आदमी उसकी निगरानी करते थे. लेकिन अब तो उन लोगों के बदले में फॉरेस्ट गार्ड वहां पर रख दिया गया है, उनके रहने से खर्च बढ़ता ही जा रहा है और जंगल की रक्षा भी नहीं हो रही है.

इसका कारण यह है कि वे लोग जंगल की रक्षा करना नहीं चाहते हैं और ना वह ठीक से रक्षा ही कर सकते हैं. गांव वाले तो को-ऑपरेशन से जंगल की रक्षा कर लेते हैं. इसलिए मेरा कहना है कि जंगल की रक्षा का इंतजाम गांव वालों के ही जिम्मे में सौंप दिया जाए. छोटानागपुर के रहने वाले तो जंगल की रक्षा करने वाले हैं. फॉरेस्ट गार्ड जंगल में विहार करते हैं, जैसा कि हमारे दोस्त हरमन लकड़ा ने बताया है. लेकिन फॉरेस्ट गार्ड से जंगल की रक्षा नहीं होती है. वे औरतों की साड़ी भी छीनने में हिचकते नहीं



हैं. (बिहार विधान सभा वाद वृत, vol-1, no.34)

अल्फ्रेड उरांव, सिमडेगा (एसटी) से विधायक थे और मंगलवार, 1 जुलाई, 1952 को रिजर्वेशन ऑफ फॉरेस्ट पर बिहार विधान सभा में विमर्श में हिस्सा ले रहे थे. क्या सात दशकों के बाद भी सरकार और खासकर वन विभाग की मानसिकता में कोई बदलाव आया है? अभी हाल में उसी सिमडेगा के एक युवा डीएफओ ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में ग्राम सभाओं को फ़रमान दिया कि साबित करो कि तुम्हारे पूर्वजों ने जंगल बचाया है? बहरहाल भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट, 2023 के प्रकाशन के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या वन अधिकार कानून की वजह से जंगलों की सघनता कम हो रही है. ऐसी दलील दी गई है कि वन अधिकार कानून लागू होने के बाद जंगलों की सघनता और संरक्षण में कमी आई है और जंगलों को नुकसान पहुंचा है. अच्छी बात यह है कि आदिवासी मामलों के मंत्रालय ने इस पर वन मंत्रालय से जवाब भी मांगा है. आदिवासी मंत्रालय ने वन मंत्रालय से उन तथ्यों, आंकड़ों और विशेषज्ञ अध्ययनों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है जिसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि वनाधिकार से जंगलों को नुकसान पहुंचा है.

### क्या कहती है वन सर्वेक्षण रिपोर्ट?

वर्ष 2023 की 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट' के अनुसार देश का कुल वन एवं वृक्षावरण 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% है. इसमें से वनावरण क्षेत्रफल 7,15,343 वर्ग किमी (21.76%) तथा वृक्षावरण 1,12,014 वर्ग कि.मी. (3.41%) है. 2021 की तुलना में देश के वन एवं वृक्षावरण में कुल 1,445.81 वर्ग किमी की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें सीधे वनावरण की वृद्धि 156.41 वर्ग किमी है. खास बात यह है कि वनाधिकार लागू होने के वर्षों बाद भी भारत में वन क्षेत्र व वृक्षावरण में वृद्धि दर्ज हो रही है, स्पष्टत: वनाधिकार के क्रियान्वयन ने जंगलों को हानि नहीं पहुंचाई. 2006 में लागू वनाधिकार कानून का उद्देश्य आदिवासी एवं वनाश्रित समुदायों को उनके पारंपरिक वन अधिकार देना व वन संसाधनों पर उनके नियंत्रण को मान्यता देना है. वनाधिकार के मुख्य उद्देश्य हैं, सदियों से जंगल में रह रहे आदिवासी एवं वनाश्रित समुदायों के कानूनी अधिकारों को पहचानना और उन्हें सुरक्षा देना. जंगलों के सतत संरक्षण में उनकी साझीदारी को मान्यता देना तथा ग्रामसभा की सहमति से सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधन एवं संरक्षण. कानून की मूलभावना जंगल और समुदाय के सह अस्तित्व पर आधारित है. जंगलों के संरक्षण की भूमिका में यह वन विभाग की मोनोपली को तोड़ता है और समुदाय को भी बराबर की जिम्मेवारी सौंपता है.

**क्या है सच्चाई?:** इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट भी मानती है कि वैश्विक स्तर पर जहां स्थानीय/आदिवासी समुदाय जंगल संरक्षण में शामिल हैं, वहां वनों की सुरक्षा और पुनरुत्थान की दर बाकी अन्य क्षेत्रों से ज्यादा है. आईआईटी गांधीनगर और एफआरसी (फॉरेस्ट राइट्स कलेक्टिव) के संयुक्त अध्ययन बताते हैं कि जिन गांवों को सामुदायिक वनाधिकार (सीएफआर) प्राप्त हुआ है, वहां जंगल का घनत्व और विविधता अधिक पाई गई. मध्य भारत, खासकर गोंड, कोरकू और मुंडा बहुल क्षेत्रों में सीएफआर क्षेत्र की तुलना में राज्य द्वारा प्रबंधित जंगलों में अतिक्रमण और कटाई अधिक पाई गई. टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) का शोध (2021) बताता है कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जहां सीएफआर अधिकार दिए गए हैं, वहां वन आवरण में 10% से अधिक वृद्धि दर्ज की गई. मध्य प्रदेश और ओडिशा के उदाहरण बताते हैं कि एफआरए के तहत सामुदायिक अधिकार मिलने के बाद स्थानीय समुदायों ने पारंपरिक जंगल प्रबंधन प्रणालियां फिर से लागू कीं हैं, जैसे कि ठेका-बंदी, निशानबंदी, पतरोल आदि.

**क्या है झारखंड का हाल :** झारखंड के ज्यादातर आदिवासी बाहुल्य जिलों में जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की व्यवस्था ग्रामीणों की परंपरा का हिस्सा है. खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड क्षेत्र में स्थित बुरुमा जंगल में हर साल एक बार ग्रामीणों की बैठक होती है. इस बैठक में चुना जाता है - बिर होरो नी. बिर होरो नी का मतलब है जंगल का रखवाला. यही बिर होरो नी जंगलों की रखवाली करते हैं. एक साल के लिए एक बिर होरो नी को चुना जाता है. 100 वर्षो से जंगल की रक्षा और रक्षक को रखने की परंपरा गांव में चली आ रही है.

शेष पेज 09 पर देखें

---

**ब्रीफ न्यूज**

### संजय सेठ ने द्रास में शहीदों को किया नमन

**द्रास।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को लद्दाख में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों युवाओं के साथ पदयात्रा की. मांडविया के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के अध्यक्ष मोहम्मद जाफर अखून भी शामिल हुए. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया और युवाओं की ऊर्जा और सशस्त्र बलों के बलिदान की प्रशंसा की.

### पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नयी दिल्ली।** वाशिंगटन के बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स कंपनी मार्निंग कंसल्ट ने ताजा सर्वे रिपोर्ट में पीएम नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता बताया है, जबकि ट्रंप आठवें और इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी 10वें स्थान पर हैं. कंपनी की जुलाई 2025 की ताजा सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी को 75 प्रतिशत लोगों की अप्रूवल रेटिंग मिली है. यह सर्वे 04 से 10 जुलाई के बीच किया गया और इसमें 20 से अधिक देशों के नेताओं की रेटिंग शामिल की गयी.

### बीजापुर में मुठभेड़ जारी चार नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है. मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली मारे गए हैं. फिलहाल इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है. सुरक्षाबल के जवान मिशन पर निकले थे इसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. नक्सलियों की गोलीबारी का जवान जवाब दे रहे हैं.

---

**बड़ी खबर:** गुमला के घाघरा में पुलिस और उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़

# जेजेएमपी के 3 उग्रवादी ढेर

निर्मल सिंह। गुमला

जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के लावा दाग जंगल में शनिवार को उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है. पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया है. नक्सल विरोधी इस अभियान में जिले की घाघरा, बिशनपुर व गुमला थाना पुलिस के साथ-साथ झारखंड जगुआर के जवान भी शामिल रहे. इस संयुक्त अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मौके से एक एके-47 और दो इंसास राइफल शामिल हैं.

गुमला के एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि जेजेएमपी के कमांडर दिलीप लोहरा दस्ते के साथ इस क्षेत्र में मौजूद है. इसके बाद पुलिस ने एक टीम का गठन किया और इलाके की घेराबंदी की गई. उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी जंगल में ही मारे गए. सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

एसपी ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों में जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर दिलीप लोहरा सहित दो अन्य शामिल हैं. समाचार लिखे जाने तक अन्य दो की पहचान नहीं हो सकी थी. एसपी के अनुसार मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान जारी है. तीनों उग्रवादियों के शव को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है. मारे गए उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद किया है.

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई :** जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर दिलीप लोहरा के दस्ते की घाघरा बिशुनपुर क्षेत्र में होने की गुमला के एसपी हारिश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर लावादाग जंगल की घेराबंदी की. पुलिस के बीच फंसते देख उग्रवादियों ने गोली चलानी शुरू कर दी. तभी जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई और तीन उग्रवादियों के मार गिराया. मुठभेड़ में मिली सफलता के बाद पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया और मारे गए उग्रवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है.



सर्च अभियान में पुलिस ने हथियार व गोला बारूद किया बरामद

### जेजेएमपी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

गुमला जिला की पहचान घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में था. घाघरा बिशुनपुर चैनपुर कुरुमगढ़ क्षेत्र में जहां प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी का वर्चस्व था और बसिया कामडारा पालकोट क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का. गुमला पुलिस ने एमसीसी और पीएलएफआई के प्रभाव को इस क्षेत्र से लगभग समाप्त कर दिया है. यही कारण है कि जे जे एम पी उग्रवादी संगठन के सदस्यों से इस क्षेत्र में पैर पसारने की योजना बना रहे थे. एसपी हारिश बिन जमा के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी उग्रवादी संगठन की कमर तोड़ दी है.

**झारखंड में नक्सलियों का काउंटडाउन शुरू**

## 6 महीने में 20 ढेर, अब बारी है सारंडा की

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के बुरे दिन शुरू हो चुके हैं. ऐसा इस लिए क्योंकि पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों के अभियान ने नक्सल नेटवर्क की कमर तोड़ दी है. मुठभेड़ों की तेज़ रफ्तार, बड़े इनामी नक्सलियों की मौत और सैकड़ों गिरफ्तारियों ने साफ कर दिया है कि अब जंगलों में नक्सलियों का अंत करीब है. ऐसा इस लिए क्यों कि पुलिस और सुरक्षाबलों की जमीनी कार्रवाई का असर अब दिख रहा है. पिछले छह महीनों की बात करें, तो अब तक 20 नक्सलियों मुठभेड़ में मार गिराया गया है, जबकि 197 नक्सलियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है. ये आंकड़े साफ तौर पर दिखाते है कि झारखंड की तस्वीर अब बदल रही है.

### डीजीपी का दावा: मानसून खत्म होने से पहले नक्सलवाद का खात्मा

इस बीच, झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मानसून खत्म होने से पहले झारखंड को नक्सल मुक्त बना दिया जाएगा. मानसून के दौरान आमतौर पर ऑपरेशन धीमे हो जाते हैं, लेकिन इस बार ऐसा होता नहीं दिख रहा है. फोर्स की सक्रियता और लगातार होती कार्रवाई बता रही है कि यह अभियान थमने वाला नहीं है.

### अब ऑपरेशन सारंडा

अब सुरक्षाबलों का अगला टारगेट है पश्चिमी सिंहभूम के घने जंगलों में बसा सारंडा. यहां डेरा डाले बैठा है 1 करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा, असीम मंडल, अनल दा और अनुज जो पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं और लंबे समय से सारंडा के जगलों में छिपे हुए है. इसे देखते हुए झारखंड पुलिस ने अपनी विशेष टीम को सारंडा में तैनात कर दिया है और ऑपरेशन को लेकर रणनीति दिन प्रतिदिन सख्त होती जा रही है.

### एनकाउंटर दर एनकाउंटर, गिरते गए नक्सली

- 21 जनवरी 2025, बोकारो: पुलिस ने एरिया कमांडर शांति देवी और नक्सली मनोज टुडू को ढेर किया.
- 29 जनवरी, चाईबासा: एनकाउंटर में जोनल कमांडर संजय गंझू और नक्सली एनाल्डा की महिला सहयोगी हेमंत मांगियां मारी गईं.
- रामगढ़ में, जनवरी में ही नक्सली राहुल तुरी मारा गया.
- 21 अप्रैल 2025, राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा एनकाउंटर हुआ. एक ही दिन में 8 नक्सलियों को ढेर किया गया, जिनमें शामिल था 1 करोड़ का इनामी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी.
- जुलाई में, बोकारो में 5 लाख के इनामी कुंवर का एनकाउंटर किया गया.

इसके साथ ही, गुमला जिले में जेजेपीएम के सब-जोनल कमांडर दिलीप लोहरा को भी आज मुठभेड़ में मार गिराया गया है.

---

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को तीन साल की सजा

शुभम संदेश। रांची



रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने धोखाधड़ी और साजिश कर 28.66 लाख के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के 21 साल पुराने मामले में अपना फैसला सुनाया है. शनिवार को कोर्ट ने जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सुधीर जैन और सुरेंद्र जैन को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.

सजा सुनाने के बाद कोर्ट ने सभी को जमानत दे दी, जिसके बाद वे अपने-अपने घर चले गए. बता दें कि कोर्ट द्वारा किसी मामले में तीन साल तक की सजा देने पर उसी कोर्ट को जमानत देने का अधिकार है. इसलिए कोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी.

### पहला मामला, जिसमें कोर्ट ने सुनाई सजा

बता दें कि वर्ष 2004 में हुए घोटाले को लेकर सीबीआई ने 2013 में एफआईआर दर्ज की थी. इसमें दिलीप प्रसाद पर अध्यक्ष रहते कई नियुक्तियों में अपने पद का दुरूपयोग करने का आरोप है. सीबीआई ने नियुक्ति घोटाले में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है. यह पहला मामला (आरसी 6/2013) है, जिसमें सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाया है.

---

अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर भड़के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत, कहा

## लगता है सीएम फिर जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक रखने के फैसले पर भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा से कोई समस्या नहीं है. वह एक विदेशी थीं. यह राज्य अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बनाया था. अगर मदर टेरेसा के नाम पर कुछ करना है, तो अलग से कीजिए. किसी का नाम मिटा कर किसी और का नाम स्थापित करने से मदर टेरेसा की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी. राज्य सरकार ने बहुत गलत और निंदनीय काम किया है. राज्य सरकार की गतिविधियों को देखकर मैं कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिर से जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं.

**भाजपा के दूसरे नेता भी जता चुके हैं नाराजगी:** बता दें कि झारखंड में अटल मोहल्ला क्लीनिकों का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम पर करने के राज्य सरकार के फैसले पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, दीपक प्रकाश समेत कई नेताओं ने भी नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसी महान विभूति के प्रति कृतघ्नता ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार के नैतिक पतन का भी उदाहरण है.

---

कारगिल विजय दिवस पर बोले आर्मी चीफ

## ऑपरेशन सिंदूर में कायरता का उत्तर हमने पराक्रम से दिया

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को द्रास में बोलते हुए इंडियन आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि हमने कायरता का उत्तर पराक्रम से दिया. ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी. पहलगाम में हुआ आतंकी हमला पूरे देश के लिए एक गहरी चोट थी, लेकिन भारत ने सिर्फ शोक नहीं जताया, बल्कि ठान लिया कि जवाब निर्णायक होगा.

जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा, 'सेना ने 6-7 मई की रात को पाक और पीओके में 9 हाई वेल्यूड आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बिना किसी नागरिक को नुकसान पहुंचाए. यह संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे.' पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि 7 से 9 मई को पाकिस्तान की तरफ से की गई सैन्य कार्रवाइयों का हमने सटीक जवाब दिया. उन्होंने कहा कि हमारी आर्मी एयर डिफेंस एक अजेय दीवार बन कर सामने खड़ी रही, जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल भेद नहीं सका. यह सब होल -ऑफ-नेशन अप्रोच के अंतर्गत हुआ, जहां सेना, वायुसेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे.

**स्पेशल फोर्स यूनिट का गठन:** इसी क्रम में, 'रुद्र-भैरव' कमांडो बटालियन के रूप में बहादुर और घातक स्पेशल फोर्सेज यूनिट्स का गठन किया गया है. जो शत्रु को चौंकाने के लिए तैयार हैं. हर इनफेंट्री बटालियन में ड्रोन प्लाटूंस, वहीं, ऑर्टिलरी में 'दिव्यास्त्र बैटरीज' के माध्यम से और लाइटर माउंटेन बैटरीज से मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया गया है. आर्मी एयर डिफेंस को स्वदेशी मिसाइल सिस्टम्स से लैस किया जा रहा है.

---

**देश की नई ताकत :** भारतीय सेना कर रही बड़ी तैयारी, सरहद पर कांप उठेगी दुश्मन की रूह

## जब सामने आएंगे हमारे 'रुद्र' और 'भैरव' जैसे मुस्तैद कमांडो

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय सेना आज न सिर्फ मौजूदा चुनौतियों से लड़ रही है, बल्कि एक आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार शक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रही है. इस कड़ी में सेना ने दो इन्फेंट्री ब्रिगेड को रुद्र ब्रिगेड में तब्दील कर दिया है, जो सीमाओं पर तैनात हैं. साथ ही, नई भैरव लाइट कमांडो बटालियन का गठन भी हुआ है, जो दुश्मन को चौंका देने के लिए तैयार हैं. ये बदलाव भारत की रक्षा को नई ऊंचाई देने वाले हैं.



### भैरव लाइट कमांडो बटालियन: दुश्मन का काल

भैरव लाइट कमांडो बटालियन सेना की नई खतरनाक यूनिट है, जो हल्की, तेज और घातक है. ये स्पेशल फोर्सेज की तरह काम करेंगी, लेकिन इनका फोकस सीमाओं पर अचानक हमले और दुश्मन को परेशान करना है. इनकी खासियतें हैं.

- **एजाइल:** हल्के हथियार और गियर से लैस, जो पहाड़ों और जंगलों में आसानी से चल सकें.
- घातक: छोटे लेकिन शक्तिशाली हथियार, जैसे एमपी5 सबमशीन गन और स्वदेशी ड्रोन बम.
- **सीक्रेट ऑपरेशन:** रात में या कोहरे में दुश्मन पर अचानक हमला करने की ट्रेनिंग.
- **काम:** ये बटालियन दुश्मन की सप्लाई लाइन तोड़ सकती है. उनके ठिकानों को नष्ट कर सकती है. एलएसी या एलओसी पर ये यूनिट्स भारत को बढ़त दिलाएंगी.

### रुद्र ब्रिगेड: एक नई लड़ाकू ताकत

रुद्र ब्रिगेड सेना की नई अवधारणा है, जिसमें अलग-अलग तरह की फाइटिंग यूनिट्स को एक साथ मिलाया गया है. ये ब्रिगेड सीमाओं पर तैनात हैं. दुश्मन के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ने के लिए तैयार हैं. इसमें शामिल हैं.

- **इन्फैंट्री:** पैदल सैनिक, जो जमीन पर मोर्चा संभालते हैं.
- **मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री:** बख्तरबंद गाड़ियों से लैस सैनिक.
- **आर्मर्ड यूनिट्स:** टैंक और भारी हथियार.
- **आर्टिलरी:** तोपखाने, जो दूर से हमला करते हैं.
- **स्पेशल फोर्सेज:** खास मिशन के लिए ट्रेनिंग पाए सैनिक.
- **यूएवी (ड्रोन):** बिना पायलट वाले हवाई हथियार, जो जासूसी और हमले करते हैं.

**खास बात:** मान लीजिए, एलएसी पर चीन के सैनिक बढ़ रहे हैं. रुद्र ब्रिगेड के ड्रोन दुश्मन की पोजीशन बताएंगे, तोपें हमला करेंगी और स्पेशल फोर्सेस घात लगाकर दुश्मन को चौंका देंगी.

### क्यों जरूरी है ये बदलाव?

- सीमा सुरक्षा: एलएसी और एलओसी पर चीन और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच ये ब्रिगेड्स भारत को मजबूत बनाएंगी. रुद्र और भैरव दुश्मन के अचानक हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं.
- आधुनिकीकरण: सेना अब पुराने तरीकों से हटकर टेक्नोलॉजी और स्पेशल फोर्स पर भरोसा कर रही है. स्वदेशी हथियारों से आत्मनिर्भरता बढ़ रही है.
- भविष्य की तैयारी: ड्रोन और मिसाइल युद्ध का भविष्य हैं. भारत इनके साथ आगे बढ़ रहा है. भैरव जैसे कमांडो भविष्य की गुप्त जंगों के लिए ट्रेनिंग पा रहे हैं.

**भारतीय सेना अब तकनीक के मामले में भी आगे बढ़ रही है.**

### नई तकनीक से लैस सेना

- **ड्रोन प्लाटून:** हर इन्फैंट्री बटालियन में ड्रोन होंगे, जो रियल-टाइम जासूसी करेंगे. दिव्यास्त्र बैटरीज: ये आर्टिलरी सिस्टम हैं, जो सटीक और लंबी दूरी तक मार कर सकते हैं.
- **लॉयटर मुनिशन:** ये हथियार हवा में मंडराकर दुश्मन पर हमला करते हैं, जैसे छोटे स्वचालित बम.
- **स्वदेशी मिसाइल:** एयर डिफेंस को मजबूत करने के लिए आकाश और क्यूआरएसएएम जैसी मिसाइलें लगाई जा रही हैं.

ये तकनीकें एआई और सैटेलाइट डेटा से चलती हैं, जो दुश्मन की हर चाल पर नजर रखती हैं. ड्रोन और मिसाइलें स्वचालित हैं, इसलिए सैनिकों को कम जोखिम होता है.

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से

# सत्र की अवधि को लेकर गरमाई सियासत

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है जो कि 7 अगस्त तक चलेगा. सात दिनों की कुल अवधि वाले इस सत्र में केवल पांच कार्य दिवस निर्धारित किए गए हैं, क्योंकि 2 और 3 अगस्त को शनिवार और रविवार की छुट्टी रहेगी. अब यह सत्र सियासी आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक बयानबाज़ी का केंद्र बन गया है.

**राज्य का राजनीतिक माहौल गर्म :** बहरहाल झारखंड विधानसभा का यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य में राजनीतिक माहौल गर्म है. और लगातार भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, अवैध खनन, लचर स्वस्थ व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जा रहे है. ऐसे में अब देखना यह होगा कि सीमित समय में यह सत्र जनता के हितों पर कितनी गंभीर चर्चा को आगे बढ़ा पाता है.

### कम समय में भी की जा सकती है सार्थक चर्चाः झामुमो

वहीं, सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है. झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि जब विपक्ष सत्ता में थी, तब भी इतने ही कम दिनों का सत्र होता था. उन्होंने कहा कि असली सवाल सत्र की अवधि नहीं, बल्कि इस दौरान सदन की कार्यप्रणाली और मुद्दों की गुणवत्ता है. अगर विपक्ष केवल हंगामे के इरादे से आएगा तो समय हमेशा कम लगेगा. लेकिन अगर मुद्दों के साथ आए तो कम समय में भी सार्थक चर्चा हो सकती है.

### नीयत साफ हो तो पांच दिन काफी हैः कांग्रेस

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी और महासचिव राकेश सिन्हा ने भी विपक्ष पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि भले ही सत्र का समय कम हो, लेकिन अगर नीयत साफ हो और उद्देश्य स्पष्ट हो तो पांच दिन भी काफी हो सकते हैं. उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह केवल प्रचार पाने के लिए सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालती है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है.

### विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है सरकार

विपक्ष का आरोप है कि सत्र की छोटी अवधि सरकार की राजनीतिक चाल है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है. भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि विधानसभा में जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए, लेकिन सरकार इसे जानबूझकर सीमित कर रही है ताकि विपक्ष की आवाज़ दबाई जा सके.

# जिस सोशल मीडिया ने जयराम को ताकत दी क्या वही कर रहा जेएलकेएम को कमजोर?

**शुभम संदेश। रांची**



सोशल मीडिया ने झारखंड के एक युवा को फर्श से अर्श पर लाकर खड़ा कर दिया. यू-ट्यूब, फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बीते कुछ सालों से जयराम महतो धूम मचा रहे हैं. सोशल मीडिया पर झारखंड के सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले नेता जयराम महतो ही हैं. जयराम से जुड़ी खबरें सोशल मीडिया पर खूब देखी जाती है. खुद जयराम महतो भी मानते हैं कि सोशल मीडिया की ताकत ने आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है. सोशल मीडिया की वजह से ही वे आज झारखंड के युवाओं के दिलों में राज कर रहे हैं. इसी की ताकत ने उन्हें डुमरी से विधायक बनाया और पूरे राज्य में जेएमएम का जनाधार खड़ा किया, लेकिन अब यही सोशल मीडिया जेएलकेएम को कमजोर कर रहा है.

यह बात खुद जयराम महतो ने कही है. बोकारो में जेएलकेएम के महाधिवेशन में जयराम महतो ने कहा है कि "सोशल मीडिया सदैव हमारी पार्टी की ताकत रही है. इतने कम समय में इस मुकाम पर पहुंचे हैं. इसमें सोशल मीडिया का बहुत बड़ा रोल है. साथ ही हमारी कमजोरी भी रही है. अगर कोई पार्टी के साथी को सोशल मीडिया पर मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम करती है तो उनपर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी.

दरअसल हाल के दिनों में जेएलकेएम के कई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर सोशल मीडिया में खूब किचड़ उछाले हैं. इससे पार्टी और जयराम की खूब बदनामी हुई है. इसी कारण जयराम अपने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी पोस्ट करने से मना कर रहे हैं. जयराम ने कहा कि "हम जब तक जिंदा हैं तब तक निंदा होगी, लेकिन आप निंदा सोशल मीडिया पर न करके पार्टी के प्लेटफार्म पे करें. जयराम ने यह भी कहा कि पूरे राज्य में अगर जनता के लिए कोई पार्टी काम कर रही है तो वह सिर्फ जेकेएलएम है. इसलिए आपसी एकजुटता बनाए रखें.

### खरसावां में चेक डैम में डूबने से 4 युवकों की मौत

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां में चेकडैम में डूबने से चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना दलाईकेला गांव की है. गांव के 6 युवक चेक डैम में नहाने गये थे. इनमें से चार युवकों ने पानी में छलांग लगाई, जबकि दो बाहर खड़े रहे. बताया जाता है कि पानी में कूदने के बाद युवकों का सिर किसी पत्थर से टकरा गया, जिससे वे बेहोश हो गये पानी में ही दम तोड़ दिया.

**गांव में पसरा मातम :** घटना की जानकारी जैसे की गांववालों और युवकों के परिजनों को मिली पूरे गांव में कोहराम मच गया. चीख-पुकार मच गई. पुलिस को मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

**16 से 20 वर्ष के हैं सभी मृतक :** सभी युवकों की उम्र 16 से 20 वर्ष के बीच है. मृतकों में वीरेंद्र साहू का 16 वर्षीय पुत्र सुनील साहू, सागर मंडल का 17 वर्षीय पुत्र सिद्धेश्वर मंडल, स्व अर्जुन दास का 20 वर्षीय पुत्र हरिवास दास और पंकज साहू का 20 वर्षीय बेटा मनोज साहू और शामिल है. ग्रामीणों ने बताया कि सभी युवक आज सुबह करीब 10 बजे दलाईकेला और जोजोडीह गांव के बीच स्थित नाला पर बने कलवर्ट के पास नहाने गये थे.

## राज्यपाल ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को प्लेटिनम जुबिली की दी शुभकामनाएं, कहा-

# उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में चैंबर की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित

**शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में सम्मिलित हुए और संस्था को 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं. राज्यपाल ने कहा कि सिंहभूम चैंबर केवल एक संस्था नहीं, बल्कि झारखंड के औद्योगिक इतिहास की आत्मा रही है, जिसने दशकों से राज्य को दिशा भी दी है और दशा भी बदली है. उन्होंने संस्था की नींव रखने वाले संस्थापकों के दृष्टिकोण, परिश्रम और प्रतिबद्धता की सराहना की. जमशेदपुर को एक आदर्श सामाजिक-औद्योगिक मॉडल बताते हुए कहा कि टाटा समूह की दूरदृष्टि ने इस नगरी को न केवल औद्योगिक, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास के क्षेत्रों में भी अग्रणी बनाया है. उन्होंने शहर द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर नागरिकों को बधाई दी.

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड के चैंबर इन पहलों में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों, श्रमशक्ति और युवाशक्ति से समृद्ध है और यदि उद्योग, नीति और कौशल का समन्वय हो, तो यह राज्य देश की आर्थिक रीढ़ बन सकता है.

राज्यपाल ने आह्वान किया कि चैंबर सामाजिक विकास, महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के कार्यों में भी पूरी रुचि ले व गहराई से जुड़े, ताकि विकास समावेशी बने. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम करना है, विशेषकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारा राज्य राष्ट्रीय स्तर पर बहुत पीछे है. उद्योग को आगे बढ़ाने हेतु शिक्षा के क्षेत्र में चैंबर की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है. मौके पर राज्यपाल से चैंबर के सदस्यों ने अपने विचार साझा किए.

# तेतुलिया वन भूमि मामले में सीआईडी ने कोर्ट में सौंप दी केस डायरी

- आरोपित पुनीत की जमानत पर दो अगस्त को सुनवाई

**शुभम संदेश। रांची**

बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपित राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब सीआईडी की विशेष अदालत में दो (2) अगस्त को सुनवाई होगी. शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी ने केस डायरी सौंप दी है. रांची स्थित सीआईडी की विशेष अदालत में आज हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से केस डायरी सौंप दी गई. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए दो अगस्त की तिथि निर्धारित की है. पुनीत अग्रवाल पर आरोप है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से उसने तेतुलिया मौजा की वन भूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ चालीस लाख रुपए का भुगतान किया था. आरोपों के मुताबिक, बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया. इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की भी मिलीभगत है.

यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया था. सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है. इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है.

# मंत्री ने 131 छात्राओं को साइकिल और 15 लाभुकों को दी अबुआ आवास की चाभी

**शुभम संदेश। रांची**



राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 131 छात्राओं के बीच साइकल, 15 लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना के गृह प्रवेश के लिए चाबी और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लाभुकों के बीच वस्त्र वितरित किया. आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से वर्ष 2023 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटना, पानी में डूबने और सर्पदंश से हुई मौत का मुआवजा राशि का भी वितरण किया गया.

मंत्री मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि का चेक वितरण करने के बाद सभा को संबोधित कर रही थीं. इस अवसर पर सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपए और पानी में डूबने और सांप काटने से हुई मौत के बाद उनके आश्रितों को चार लाख रुपए की राशि दी गई. वहीं घर से स्कूल तक पहुंचने के लिए कल्याण विभाग की ओर से दी गई साइकल को पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी.

मौके पर मंत्री ने कहा कि वे मंत्री हैं, लेकिन मांडर के प्रति उनकी जवाबदेही पहले की तरह ही है. राजनीति में जितनी दूरी भी तय कर पाई हूं या जिस मुकाम तक पहुंची हूं. यह सबकुछ मांडर की जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है. मौके पर मंत्री तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन वाली सरकार ने हर वर्ग, हर समाज, हर तबके के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रखा है. जरूरत है तो सिर्फ योजनाओं के प्रति आम जनता को जागरूक होने की. आम जनता को सिर्फ को सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए बिचौलियों से बचने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि अक्सर ये बातें सामने आती है कि योजना के नाम पर किसी ने गांव के भोले भाले लोगों से पैसा ले लिया या ऑनलाइन पैसा डलवा लिया गया. यह गलत है. उन्होंने कहा कि योजना पाने के लिए लाभुक को सिर्फ अपना अंशदान का भुगतान एस्क्रो एकाउंट से करना है. मौके पर अंचलाधिकारी चंचला, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव , प्रखंड प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, अमानत अंसारी , नसीम अंसारी , जमील मल्लिक, सेराफिना मिंज सरिता तबारक खान सहित अन्य मौजूद थे.

## झारखंड में जनगणना की तैयारी शुरू

### सरना धर्म कोड पर भी हो सकता है फैसला

**रांची ।** झारखंड सरकार ने आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर काम शुरू कर दिया है. राज्य सरकार 31 जुलाई तक जनगणना से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकती है. खास बात यह है कि इस बार सरना धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की अनुशंसा भी की जा सकती है. राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर लिया है, जिसे अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जाएगा. झामुमो व कांग्रेस पहले से ही सरना धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की मांग करते आ रहे हैं. विस में इस पर प्रस्ताव भी पास हो चुका है, जिसे केंद्र को भेजा गया था. केंद्र ने 16 जून को 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र जारी किया है. इसके बाद राज्य सरकार की ओर से जनगणना प्रोफाइल तैयार हो रहा है. अधिसूचना जारी होने के बाद घर की लिस्टिंग, फील्ड स्टाफ की तैनाती और अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी.अगस्त 2025 में जनगणना से जुड़े कर्मियों का प्री-टेस्ट होगा। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 में मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जाएगा. जनवरी 2026 में जनगणना से जुड़े सवालों की अधिसूचना (गजट) प्रकाशित होगी. फरवरी 2026 में जनगणना कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी.

# मदरसा व संस्कृत विद्यालय कर्मियों को अब तक नहीं मिली पेंशन

- दो वर्षों से लंबित निर्णय

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार द्वारा दो साल पहले लिया गया निर्णय अब भी जमीनी हकीकत नहीं बन पाया है. राज्य के 180 अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों और 11 अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को पेंशन देने का फैसला सरकारी तंत्र की जटिलता और नियमों की उलझन में फंस कर रह गया है. वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी कि इन शिक्षण संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा. लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण यह योजना अभी तक धरातल पर नहीं उतर सकी है. हाल ही में वित्त सचिव प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में भी पेंशन योजना के क्रियान्वयन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका. अब शिक्षा विभाग को कहा गया है कि वह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे, जिसके आधार पर यह पेंशन योजना लागू की जा सके. उसके बाद ही इसे कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा.

इस मुद्दे की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी, जब तत्कालीन शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के कर्मियों को पेंशन देने का निर्णय लिया था. उस समय वित्त विभाग ने तकनीकी आधार पर इस प्रस्ताव को अमान्य बताया, लेकिन राजनीतिक दबाव में अंततः इस पर सहमति दी गई. बावजूद इसके चार वर्षों तक योजना लागू नहीं हो सकी. 2018 में रघुवर दास सरकार ने इस फैसले को निरस्त कर दिया. बाद में 2022 में हेमंत सोरेन सरकार ने फिर से इस निर्णय को पुनर्जीवित करते हुए दिसंबर 2023 में इसे कैबिनेट से पारित भी कराया.

पेंशन योजना में भी कई बार बदलाव किए गए. 14 अक्तूबर 2022 को तय किया गया कि 30 नवंबर 2004 या उससे पहले नियुक्त कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना और एक दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त कर्मियों को नई अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) का लाभ मिलेगा. हालांकि पांच सितंबर 2022 को वित्त विभाग ने इस निर्णय को संशोधित कर सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की बात कही. इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ा पेच यह है कि इन शिक्षकों और कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन नहीं मिलता, बल्कि स्कूल प्रबंधन समितियों के जरिए भुगतान होता है. परिणामस्वरूप इनके पास न जीपीएफ, सीपीएफ और न ही एनपीएस खाता नंबर है, जो पेंशन की पात्रता के लिए आवश्यक है.

## एक नजर

### कारगिल विजय दिवस : मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने शहीदों को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करने वाले वीर जांबाजों और उनके परिवारजनों को नमन करता हूं. कारगिल विजय दिवस की सभी को शुभकामनाएं और जोहार. वहीं, बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और बलिदान के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा.

### रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ को जान से मारने की धमकी दी गई है. संजय सेठ कारगिल दिवस पर द्रास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये थे. इसी दौरान किसी अंजान नंबर से एक शख्स ने उन्हें फोन किया और जान से मारने की धमकी दी. धमकी के बाद संजय सेठ ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री को धमकी की खबर मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हरकत में आ गई. पुलिस फोन करने वाले का लोकेशन और नंबर ट्रेस करने में जुटी है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर ली जाएगी.

### हाईकोर्ट ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी पर लगाया जुर्माना

**रांची।** राजधानी की कांके सीट से कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा के निर्वाचन को चुनौती देने वाले भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम की चुनाव याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता द्वारा आईए (हस्तक्षेप याचिका) दायर कर उन्हें केस से हटाए जाने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया और उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी, रांची पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया है. दरअसल भाजपा के कांके विधानसभा प्रत्याशी रहे जीतू चरण राम ने कांग्रेस के विधायक सुरेश कुमार बैठा के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है. वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में सुरेश कुमार बैठा ने जीतू चरण राम को 968 मतों से हराया था.

### मंत्री दीपिका पांडे सिंह का जनता दरबार कल

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस कोटा के मंत्रियों की ओर से आयोजित किए जाने वाले जनता दरबार की कड़ी में सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगी. उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के कोटा के मंत्रियों की ओर से जन समस्याओं के समाधान के लिए की जाने वाली पहल का महत्वपूर्ण माध्यम जनता दरबार का आयोजन है. इसमें लोग बेहिचक अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उनकी समस्याओं का हर संभव निदान किया जा रहा है.

### आपदा मंत्री ने कहा, किसी भी स्थिति के लिए तैयार

**रांची।** झारखंड में सक्रिय डिप्रेशन और भारी बारिश की आशंका के बीच आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी है. राज्य में आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विभाग तैयार है. मंत्री ने कहा कि हम हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति में लोगों को मदद पहुंचायी जाएगी. मंत्री ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रांची से 20 किमी उत्तर-पश्चिम में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले 36 घंटों में झारखंड होते हुए अन्य राज्यों की ओर बढ़ेगा. इससे तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका जताई गई है. अंसारी ने सभी जिलों को सतर्क रहने और स्वास्थ्य सेवाओं को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं.

## बदलाव : झारखंड में नाम बदलने की राजनीति अब थमने वाली नहीं

# राजनीतिक सोच और पहचान के संघर्ष का प्रतीक बनते जा रहे हैं नाम परिवर्तन

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड में इन दिनों एक बार फिर नाम बदलने की राजनीति गरमा गई है. हाल में अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक किए जाने के बाद राजनीतिक हलकों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है. हालांकि यह सिलसिला कोई नया नहीं है. झारखंड ही नहीं, पूरे देश में नामों को लेकर सियासत लंबे समय से होती रही है और संकेत यही हैं कि यह प्रक्रिया अब थमने वाली नहीं है.

**नाम बदलनाः सत्ता परिवर्तन का प्रतीकः** केंद्र की भाजपा सरकार से लेकर राज्यों की सरकारों तक, नाम बदलना अक्सर सत्ता परिवर्तन के बाद नीतिगत बदलावों का प्रतीक बन चुका है. जी-20 समिट के दौरान जब निमंत्रण पत्रों पर 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ' और 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया' की जगह 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' छपा, तो यह भी नाम बदलने की राजनीति का बड़ा उदाहरण बन गया. बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने कई योजनाओं और प्रतिष्ठानों के नाम बदले हैं. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, इंदिरा आवास योजना को प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राजीव ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, और राजीव आवास योजना को सरदार पटेल राष्ट्रीय शहरी आवास मिशन में बदला गया. इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन का नाम भी बदला गया. वहीं रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का उदाहरण भी सामने आया है – गोमो स्टेशन को सुभाष चंद्र बोस स्टेशन और मुगलसराय को दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन कर दिया गया.

**यूपी से लेकर लखनऊ तक बदले गए नाम :** उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक शहरों के नाम भी बदले गए हैं. इलाहाबाद अब प्रयागराज है, फैजाबाद अब अयोध्या. लखनऊ में भी कई सार्वजनिक स्थलों और चौराहों का नाम बदला गया है. बर्लिंगटन चौराहा अब अशोक सिंघल चौराहा है, सर्वोदयनगर में द्वार का नाम विनायक दामोदर सावरकर द्वार कर दिया गया है, और सिकंदराबाग चौराहा अब वीरांगना उदा देवी चौराहा बन चुका है.

### झारखंड में भी पुराना है यह सिलसिला

झारखंड में नाम बदलने की परंपरा भी कोई नई नहीं है. 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अर्जुन मुंडा की मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना का नाम बदल कर मुख्यमंत्री सुकन्या योजना कर दिया था. इसके बाद सत्ता में आई हेमंत सोरेन सरकार ने इसका नाम बदलकर सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना रख दिया. वहीं 2021 में हेमंत सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री झारखंड जन आरोग्य योजना कर दिया. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय किया गया, और 'कमल क्लब' का नाम सिदो-कान्हू क्लब कर दिया गया.

### नामों से ज्यादा जरूरी है नीयत

यह साफ है कि नाम बदलने की यह राजनीति केवल पहचान और विचारधारा का प्रतिनिधित्व भर नहीं, बल्कि सत्ता में आने वाली सरकार की प्राथमिकताओं और प्रतीकों के प्रति नजरिए को भी दर्शाती है. हालांकि, आम जनता के लिए वास्तविक मुद्दे योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि उनका क्रियान्वयन और लाभ है. इसलिए जरूरी है कि नाम बदलने से अधिक योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया जाए. वरना यह प्रक्रिया सिर्फ प्रतीकात्मक राजनीति बनकर रह जाएगी.



जरीन खान, बूढ़ी हो रही हो, कब कर रही हो शादी?

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 07

03

धनबाद, रविवार 27 जुलाई 2025, श्रावण, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2082


## सदर अस्पताल में आज

### गायनी इमर्जेंसी

| | |
|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ. सुमन |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ. संध्या तिवारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ. अपूर्वा दत्ता |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | |
|---|---|
| सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | डॉक्टर शीला |
| दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक | डॉ. पीपी पांडेय |
| रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक | डॉक्टर मंगेश |

## ब्रीफ खबरें

### एलप्पी एक्सप्रेस से दस किलो गांजा बरामद

**धनबाद** । एलप्पी एक्सप्रेस से शनिवार को दस किलो गांजा बरामद किया गया. गाड़ी संख्या 13352, एलप्पी एक्सप्रेस के मार्गरक्षण दल द्वारा S6 कोच की सीट संख्या 41 और 42 के पास लावारिस हालत में एक पिठ्ठू बैग और एक कपड़े के थैले में 05 पैकेटों में लगभग 10.2 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ पाया गया. आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी इसका मालिकाना हक नहीं बताया. उक्त गाड़ी के धनबाद स्टेशन पहुँचने पर उपरोक्त गांजा जैसे पदार्थ को आरपीएफ के एसआई शाहिना इस्लाम द्वारा जब्त कर लिया गया और लिखित शिकायत पत्र के साथ जीआरपी को अग्रसारित किया गया. इसके आधार पर जीआरपी ने कांड संख्या 66/25 के तहत मामला दर्ज किया. बैग से कुल 05 पैकेटों में लगभग 10.2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया. जिसकी कीमत करीब एक लाख 53 हजार हैं.

### पति-पत्नी ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर महिला थाने में किया हंगामा



**धनबाद**। हीरापुर निवासी प्रिया देवी ने अपने पति मुन्ना साहू पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है. शनिवार को वह धनबाद महिला थाना पहुंचीं, जहां उन्होंने हंगामा किया और न्याय की मांग की. प्रिया ने बताया कि उनकी शादी तीन साल पहले मुन्ना साहू से हुई थी. शादी के बाद वह लगभग डेढ़ साल तक दुर्गापुर में किराए के मकान में पति के साथ रही. इस दौरान वह गर्भवती हुईं, जिसके बाद पति ने उन्हें धनबाद भेज दिया और दोबारा साथ नहीं रखा. प्रिया का आरोप है कि गर्भवती होने के बाद उन्हें धनबाद के प्रेम नगर में एक किराए के मकान में रखा गया. प्रिया ने बताया कि दुर्गापुर में रहते समय उन्होंने स्थानीय पुलिस में शिकायत की थी कि उनका पति उन्हें जान से मारने की धमकी देता है. इसके बाद, उन्होंने 22 जुलाई को धनबाद महिला थाना में भी आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी. शनिवार को महिला थाना पहुंचकर प्रिया ने रोते हुए कहा कि अब उनके पति ने उनके बच्चे को भी उनसे छीन लिया है और उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं.

### 916 बेटिकट यात्री धराए

**धनबाद**। धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इसी क्रम में शनिवार को को धनबाद मंडल में एक मेगा टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया. इस अभियान के तहत मंडल के विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली स्टेशनों पर गहन टिकट जांच की गई. यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित ढंग से दिन-रात चलाया गया. इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 916 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले, और बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे. इस दौरान उनसे 5,40,235 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए. पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई. चेकिंग टीमों ने स्टेशनों और विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जांच की.

# श्री लेदर के नाम पर ठगी का प्रयास

- युवक की सतर्कता से बची मेहनत की कमाई

शुभम संदेश। धनबाद

श्री लेदर कंपनी के नाम पर फर्जी वेबसाइट और संपर्क नंबरों के जरिए ठगी का एक और मामला सामने आया है. धनबाद के बबलू कुमार इस ठगी के जाल में फंसते-फंसते बचे, जब उन्होंने कंपनी का ऑथराइज्ड सेंटर खोलने के लिए गूगल पर मिली जानकारी के आधार पर प्रक्रिया शुरू की. उनकी सतर्कता ने न केवल उनकी रकम बचाई, बल्कि इंटरनेट पर फर्जी लिंक के खतरे को भी उजागर किया.




### ये है पूरा मामला

बबलू कुमार ने श्री लेदर का ऑथराइज्ड सेंटर खोलने की इच्छा से गूगल पर सर्च किया और वहां मिले एक नंबर व ईमेल के जरिए गौरव नामक व्यक्ति से संपर्क किया. वेबसाइट पर दी गई जानकारी इतनी विश्वसनीय थी कि उसे फर्जी समझना मुश्किल था. पहले गौरव ने बबलू से दो तीन फॉर्म भरवाए. फिर दुकान खोजने के लिए कहा. दुकान मिलने के बाद जब बबलू ने गौरव से दुकान की लोकशन वेरिफाई करने के लिए बुलाया तो उसने एक शर्त रख दी. गौरव ने दुकान के लिए जगह के सत्यापन से पहले 25 हजार रुपये श्री लेदर के नाम से बने बैंक खाते में जमा करने को कहा. बबलू ने प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी संदेह होने पर रांची के श्री लेदर आउटलेट मालिक से संपर्क किया.

### रांची आउटलेट ने खोला राज

रांची के आउटलेट मालिक ने बताया कि श्री लेदर के नाम पर फर्जी वेबसाइट और खातों के जरिए पहले भी कई लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं. यह सुनते ही बबलू ने पैसे जमा करने से मना कर दिया. इसके बाद गौरव ने कई बार फोन किया, लेकिन बबलू ने साफ इंकार कर दिया.

### विशेषज्ञों की सलाह

किसी भी कंपनी के साथ फ्रेंचाइजी या ऑथराइज्ड सेंटर के लिए सौदा करने से पहले उसकी आधिकारिक वेबसाइट और संपर्क नंबर की पुष्टि करें. साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि गूगल पर मिलने वाली हर जानकारी प्रामाणिक नहीं होती. भुगतान से पहले कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधियों से सीधे संपर्क करना जरूरी है.

# लॉटरी से 130 शराब के दुकानों की होगी बंदोबस्ती

## विभाग का दावा : एक रुपये निवेश करने पर 12 प्रतिशत लाभ की गारंटी

शुभम संदेश। धनबाद

**उत्पाद विभाग को इस बंदोबस्ती से मिलेगा 216 करोड़ रुपये का एमजीआर**

1 सितंबर से धनबाद जिले की सभी 130 देशी और विदेशी शराब दुकानों का संचालन निजी स्तर पर होगा. इसके लिए उत्पाद विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. ये दुकानें लाटरी के माध्यम से आवंटित की जाएंगी. इच्छुक व्यक्तियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा और 17 से 19 अगस्त के बीच होने वाली लाटरी प्रक्रिया में भाग लेना होगा. जिसके नाम लाटरी निकलेगी, उसे दुकान संचालन का अधिकार दिया जाएगा. सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि इस व्यवसाय में 12 प्रतिशत मुनाफा सुनिश्चित है.

रवानी ने बताया कि आवेदन शुल्क नगर निगम क्षेत्र की दुकानों के लिए अधिकतम 25,000 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए न्यूनतम 15,000 रुपये निर्धारित है. देशी शराब की दुकानों के लिए यह शुल्क 12,000 रुपये है. आवेदन के साथ 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) भी जमा करना होगा. आवेदन शुल्क वापस नहीं होगा, लेकिन यदि लाटरी नहीं निकलती, तो ईएमडी राशि आवेदक को वापस कर दी जाएगी. दुकान आवंटन के बाद आवेदक को 3 प्रतिशत अतिरिक्त ईएमडी और 7 प्रतिशत उत्पाद शुल्क का भुगतान करना होगा.

धनबाद जिले में 104 कंपोजिट और 26 देशी शराब दुकानों की बंदोबस्ती लाटरी के माध्यम से होगी. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी. इसके लिए 51 लाट बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक लाट में 2 से 4 दुकानों का समूह शामिल है. प्रयास है कि दुकानें उसी क्षेत्र के लोगों को आवंटित की जाएं, जहां वे स्थित हैं.

**17 से 19 अगस्त के बीच पूरी होगी लॉटरी प्रक्रिया**




### इच्छुक व्यक्तियों को दी गई नई उत्पाद नीति की जानकारी

शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में उत्पाद विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शराब दुकान लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नई उत्पाद नीति की विस्तृत जानकारी दी गई. इस दौरान पंजीकरण प्रक्रिया, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट, आवेदन शुल्क, और आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में उत्पाद निरीक्षक जमन कुजूर, जय हेम्ब्रम, कुमार सत्येंद्र, सब इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे.

# लोकलेखा समिति की रिपोर्ट में लापरवाही उजागर

## कोलकर्मियों के पीएफ के पैसे का ग़लत निवेश

एजेंसी । नई दिल्ली

- डीएचएफएल की खराब आर्थिक हालत की अनदेखी कर निवेश

संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने पाया कि कोयला खदान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के पैसे को डीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के डिबेंचर में निवेश किया गया, जबकि इसकी 'खराब प्रतिष्ठा' थी और प्रतिकूल क्रेडिट रेटिंग के बावजूद इसके डिबेंचर को भुनाने में लापरवाही बरती गई। कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली पीएसी ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की, जिसमें कहा गया कि सीएमपीएफओ द्वारा डीएचएफएल के डिबेंचर को समय पर भुनाने में निर्णय लेने में विफलता के कारण 315.35 करोड़ का नुकसान हुआ, जिसे टाला जा सकता था। यह रिपोर्ट शुक्रवार को लोकसभा में पेश की गई। समिति ने डीएचएफएल की व्यापक फॉरेंसिक ऑडिट की सिफारिश की है ताकि धोखाधड़ी की गतिविधियों के दायरे, जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान और धन के हस्तांतरण का पता लगाया जा सके, जैसा कि लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है।

संसदीय पैनल ने उल्लेख किया कि सीएमपीएफओ के पास 864 करोड़ के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को जल्दी भुनाने का विकल्प था और जब डिबेंचर की रेटिंग एए- हो गई थी, तब त्वरित कार्रवाई करके 864 करोड़ के फंड को सुरक्षित किया जा सकता था। पैनल ने देखा कि कोयला मंत्रालय की ओर से सीएमपीएफओ के कामकाज की निगरानी में ₹गंभीर अनियमितता₹ रही, जिसके कारण प्रतिकूल क्रेडिट रेटिंग के बावजूद डीएचएफएल के डिबेंचर को भुनाने में लापरवाही के चलते निवेश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलता हुई। रिपोर्ट में कहा गया, डीएचएफएल 2015 से ही अन्य राज्यों के साथ धन के दुरुपयोग में शामिल था। समिति ने नोट किया कि डीएचएफएल की खराब प्रतिष्ठा के बावजूद, कोयला मंत्रालय के पास ऐसी प्रक्रियाएँ और व्यवस्थाएँ नहीं थीं जो स्थिति की गंभीरता को समझकर पेंशनरों के पैसे को ऐसे बांड में निवेश करने से रोक सकें।

# जीएम ने किया धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड का निरीक्षण

शुभम संदेश। धनबाद

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने शनिवार को को धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया.=इस दौरान उन्होंने रेलखंड के मध्य स्थित स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) और रेलवे ट्रैक का संरक्षा के दृष्टिकोण से गहन निरीक्षण किया. इसी क्रम में, महाप्रबंधक ने शिवपुर साइडिंग स्टेशन पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साइडिंग के बुनियादी ढांचे के विकास और कोयला लोडिंग को बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की. इसके अतिरिक्त, उन्होंने शिवपुर स्टेशन के क्रू-लॉबी और पैनल रूम का भी विस्तृत निरीक्षण किया. इसके बाद धनबाद स्टेशन का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीआरएम सहित रेलवे के वरीय अधिकारी मौजूद थे. जीएम ने धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया.

**धनबाद स्टेशन का भी किया निरीक्षण**



# अशर्फी हॉस्पिटल में मिली कई खामियां

## पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने की अशर्फी व आम्रपाली हॉस्पिटल की जांच

- बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा था आम्रपाली हॉस्पिटल

शुभम संदेश। धनबाद



सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में आज पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने अशर्फी हॉस्पिटल तथा अम्रपाली सिटी हॉस्पिटल की जांच की. सिविल सर्जन ने बताया कि यह रूटीन जांच थी. जांच के दौरान अशर्फी हॉस्पिटल के रसोई घर के रखरखाव में त्रुटि मिली. मरीजों को दिए जाने वाले भोजन में भी अनियमितता मिली. वहीं क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रिसेप्शन एरिया में अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई डिस्प्ले नहीं था. फायर एनओसी भी प्रदर्शित नहीं था. रिसेप्शन काउंटर में बेड चार्ज का लिस्ट रखना जरूरी है, परंतु वह भी नदारत था. इसके बाद टीम ने आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया. यहां भारी अनियमितता देखने को मिली. आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन फेल था. जबकि वहां बिना किसी डॉक्टर के एक मरीज का इलाज चल रहा था. सिविल सर्जन ने बताया कि आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल में डॉ एस.के. दास का फोटो लगा था. जब उनसे फोन कर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे इस अस्पताल में नहीं जाते हैं. उन्होंने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाने पर भारी जुर्माना का प्रावधान है. इसका आकलन कर आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल से जुर्माना वसूला जाएगा. जांच टीम में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ विकास कुमार राणा, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ राकेश इंदर, रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ मंजु दास, रेडियोलॉजिस्ट डॉ शम्स तबरेज, निता सिन्हा, पूजा रत्नाकर शामिल थे.

## धनबाद में सिविल सर्जन की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस में घमासान

# जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने अपनी ही पार्टी के मंत्री इरफान के फैसले को सीएम के सामने दी चुनौती

शुभम संदेश। रांची/धनबाद



धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने अपनी ही पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के फैसले को चुनौती देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. मामला डॉ आलोक विश्वकर्मा की एक बार फिर से धनबाद में सिविल सर्जन के रूप में नियुक्ति से जुड़ा है. सिंह ने आरोप लगाया है कि डॉ आलोक के पिछले कार्यकाल के दौरान उन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, जिनमें दवा खरीदी, अस्पताल निर्माण, डॉक्टरों से निजी लाभ के लिए दबाव, ट्रांसफर-पोस्टिंग में पैसों के लेन-देन, आवास योजना में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताएं शामिल हैं.

जिलाध्यक्ष का कहना है कि डॉ आलोक करीब 20 वर्षों तक धनबाद में पदस्थापित रहे हैं और अब उनकी पुनर्नियुक्ति धनबाद की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाएगी. संतोष सिंह ने कहा कि उन्होंने इस विषय में स्वास्थ्य सचिव और मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है. जिलाध्यक्ष के इस कदम से कांग्रेस के अंदर ही टकराव की स्थिति बन गयी है, क्योंकि सिंह ने सीधे मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी ही पार्टी के मंत्री के निर्णय को सार्वजनिक रूप से चुनौती दी है. जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभी उन्होंने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है और एक-दो दिन में स्वास्थ्य मंत्री से भी मिल सकते हैं.

सिंह ने कहा कि आवास योजना में भी डॉ आलोक पर गड़बड़ी का आरोप लगे थे.

उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग कर अपात्र व्यक्तियों को सरकारी आवास आवंटित था, जबकि वास्तविक जरूरतमंद वंचित रह गए थे. नर्सिंग सटाफ की बहाली, उपकरणों की आपूर्ति तथा भवन मरम्मत जैसी योजनाओं में भी उनके कार्यकाल में भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई है. उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति की फिर से नियुक्ति धनबाद की जनता के विश्वास और स्वास्थ्य की पारदर्शिता पर कुठाराघात है, इसलिए मामले में तत्काल हस्ताक्षेप करते हुए सिविल सर्जन की नियुक्ति पर रोक लगाएं.

# धनबाद के जीएसटी घोटाले को ईडी कर सकती है टेक ओवर

शुभम संदेश। धनबाद

### आरोपी जेल में बंद

वर्तमान में सभी आरोपी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। ईडी ने आरोपियों के ठिकानों से 29 लाख रुपये नकद जब्त किए थे। साथ ही, इन 135 कागजी कंपनियों के बैंक खातों में जमा 63 लाख रुपये फ्रीज किए गए और 5 .30 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति भी जब्त की गई।

जमशेदपुर के बाद अब धनबाद में जीएसटी घोटाले से संबंधित मामले को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टेक ओवर के सकती है । झारखंड में जीएसटी घोटाले से जुड़े सभी मामलों पर ईडी की पैनी नजर है। ईडी इन सभी मामलों का अध्ययन कर रही है और जल्द ही अन्य मामलों में भी केस दर्ज कर सकती है। जमशेदपुर स्थित जीएसटी खुफिया महानिदेशालय की टीम ने धनबाद में 200 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में दो व्यवसायियों, अवनीश जायसवाल और फैजल खान, को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 12 फर्जी कंपनियाँ बनाकर फर्जी चालान जारी करने का आरोप है। अवनीश जायसवाल धनबाद के हीरापुर और फैजल खान मटकुरिया के निवासी हैं। इससे पहले, ईडी ने जमशेदपुर में जीएसटी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जाँच के दौरान एक बड़ा घोटाला उजागर किया था। 8 मई को ईडी ने चार आरोपियों-जमशेदपुर के जुगसलाई के व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया, कोलकाता के शिवकुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता—को गिरफ्तार किया था। जाँच में पता चला कि इन आरोपियों ने 135 कागजी कंपनियाँ बनाकर 5,000 करोड़ रुपये के फर्जी चालान जारी किए और इसके जरिए 730 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ हासिल किया।

# अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलना झारखंड का अपमान : भाजपा

## झरिया में सरकार के विरोध में मार्च, सीएम का पुतला दहन



**शुभम संदेश। झरिया**

झरिया नगर भाजपा ने अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर आक्रोश जताया है. शनिवार को नगर अध्यक्ष अवधेश साहू की अध्यक्षता अध्यक्षता में लक्ष्युनिया मोड से देशबंधु सिनेमा हॉल तक विरोध मार्च निकल गया. झारखंड राज्य निर्माता एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम को हटाए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज किया गया. यह निर्णय राज्य सरकार की राजनीतिक संकीर्णता और जनभावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता को उजागर करता है. सरकार का यह कृत्य न केवल अटल जी का अपमान है, बल्कि झारखंड के करोड़ों लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ भी है. अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम अविलंब पुनः स्थापित करने की मांग की है. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश का समिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, संतोष सिंह, उमेश यादव, शिवांश श्रीवास्तव, दिलीप भारती, अरुण साहू, सुनील साहू, रंजीत रवानी, पिंकू चौबे, परमेश्वर सोनकर, मनोज प्रसाद, अमित साहू, पंकज सिंह, अभिषेक सिंह, अरुण गोस्वामी, अजय वर्मा, रघु राम, अमित चौहान, अर्जुन साहनी, राजेश अग्रवाल, अमित गुप्ता, मोहन पांडे, गोपाल चौधरी सहित सैकड़ो अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

## अटल क्लीनिक का नाम बदलने से गोविंदपुर में आक्रोश



**गोविंदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद जिला ग्रामीण द्वारा झारखंड की तुष्टिकरणकारी और जनविरोधी हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल क्लिनिक का नाम बदलना राष्ट्रनिर्माताओं का अपमान के साथ राज्य के जनमानस की भावनाओं के विरुद्ध भी है. इस निर्णय के विरोध में गोविंदपुर सुभाष चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया. इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष कुमार साव, बीरू आनंद सिंह, जिला महामंत्री जग्गू साव, रातिरंजन गिरी, ओमप्रकाश बजाज, तालेश्वर साव, बलराम साव, दिनेश मंडल, नयन मिश्रा, अवधेश कुमार, कुणाल सिंह, बमबम साव, इंद्रजीत मंडल, सूरज कुमार, गोविंद राय, प्रमोद हेमब्रम अनिल दास, गोपाल पाल, लक्ष्मी साव, बिनोद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## गोमो में भाजपाइयों ने फूंका हेमंत सोरेन का पुतला



**गोमो।** भारतीय जनता पार्टी तोपचांची के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तोपचांची सुभाष चौक पर अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन विरोध जताया. भाजपाइयों ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड निर्माता के नाम से अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम है. नाम को हटाए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज किया गया है. सरकार का यह कृत्य न केवल अटल जी का अपमान है, बल्कि झारखंड के करोड़ों लोगों की भावना के साथ खिलवाड़ भी है. अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम अविलंब पुनः स्थापित करने की मांग की. कार्यक्रम में भाजपा नेता विकास कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी, आशुतोष पाल, क्युम अंसारी, मितेन्द्र दुबे, रणवीर चौबे, ज्योतिलाल महतो, त्रिपुरारी सिंह, मन्टु प्रमाणिक, अजय कुमार, राकेश दास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस से झड़प, एक गिरफ्तार





**निरसा बाजार।**

निरसा में एलिवेटेड रोड निर्माण के चलते एनएच-2 के सर्विस लेन पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। निरसा टेलीफोन एक्सचेंज से सिनेमा मोड़ तक एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने अतिक्रमण किए गए दुकानों और घरों को ध्वस्त करने का काम किया। इस दौरान लगभग 10 से 15 स्थायी और अस्थायी रूप से बनाए गए घरों, दुकानों और दुकान के आगे स्थायी रूप से निकाले गए छज्जों को जेसीबी से ढाह दिया गया। सिनेमा मोड़ के पास स्थित पुराने कलाली के पास अतिक्रमणकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक और झड़प भी हुई। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए एक व्यक्ति को पकड़ कर निरसा थाना के हवाले कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों के हौसले पस्त हो गए। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व सीओ रमेश रविदास और एनएचएआई के अधिकारी निगम बेहरा कर रहे थे। शनिवार को यह अभियान टेलीफोन एक्सचेंज से दिल्ली-कोलकाता लेन में निरसा पुराना थाना तक चला और जहां कल अभियान रुका था, वहां से दोबारा शुरू किया गया। इसके बाद सिनेमा हॉल मोड़ से कोलकाता-दिल्ली लेन के सर्विस रोड के पास से भी अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ। पुराने कलाली के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध शुरू हो गया। इस दौरान एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण हटा रहे अधिकारियों के लिए अपशब्द बोले जाने पर पुलिसकर्मियों ने विरोध किया। इसी दौरान पुलिसकर्मियों के साथ नोकझोंक हुई, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उस व्यक्ति को पकड़कर निरसा थाना ले आई।

### ज्यादातर दुकानदारों ने खुद हटाए छज्जे

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ज्यादातर दुकानदारों ने स्वयं ही अपने-अपने दुकानों के आगे लगे अस्थायी छज्जे हटा लिए। हालांकि, इस दौरान उन्होंने लोहे के गाड़े गए खंभों को नहीं हटाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगी जेसीबी ने गाड़े गए लोहे के खंभों को या तो उखाड़ दिया या उन्हें टेढ़ा करके छोड़ दिया।

## जेपीएससी में वंदना मंडल की सफलता पर लोगों में खुशी की लहर

**गोमो। (शुभम संदेश)।** भारतीय जनता पार्टी, तोपचांची मंडल के उपाध्यक्ष प्रभाष मंडल की बेटी वंदना मंडल की झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में सफलता से तोपचांची प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है. शनिवार को वंदना के अपने पैतृक गांव मदयडीह पहुंचने पर, सूड़ी समाज कल्याण समिति के नेतृत्वकर्ता बी. सी. मंडल, भाजपा तोपचांची के पूर्व मंडल अध्यक्ष खिरोधर मंडल, गोमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील मंडल, पंचानन मंडल, हीरा लाल मंडल, अजीत मंडल, खेसमी की मुखिया सुचित्रा देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा देवी, मुनकी देवी, भाजपा नेता विकास कुमार महतो, निवास तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुँचे. सभी ने वंदना मंडल को गुलदस्ता भेंट किया, मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. लोगों ने वंदना की सफलता को क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके परिवार के सदस्यों को भी बधाई दी. लोगों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है.

# जीतपुर बंद कोलियरी से सामान ले जाने पर प्रबंधन का जमकर विरोध

## कोलियरी चालू कराने के लिए जश्रसं 26 दिनों से धरने पर



**शुभम संदेश। झरिया**

सेल कंपनी प्रबंधन द्वारा जीतपुर कोलियरी की खदानों को जल रिसाव से खतरा बताकर बंद कर दिया गया. निर्णय के खिलाफ तथा कोलियरी को फिर से चालू कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के नेता रंजीत यादव के नेतृत्व में ठेका कर्मियों एवं ग्रामीणों का बेमियादी धरना आंदोलन शनिवार को 26 वें दिन भी जारी रहा. इस दौरान जीतपुर कोलियरी से शनिवार को कुछ समानों को ले जाने के लिए एक पिकअप मालवाहक वाहन के साथ सेल कंपनी चासनाला की कर्मियों का धरना दे रहे आंदोलनकारियों ने समान ले जाने का विरोध किया. मामले को लेकर आंदोलनकारियों द्वारा मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किए जाने के बाद सेल कर्मी वाहन लेकर बैरंग वापस लौट गए.

**मामला लेबर कोर्ट में :** ज्ञात हो कि कोलियरी के बंदी के बाद ठेका कर्मियों और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही आंदोलन के कारण प्रबंधन एवं आंदोलनकारियों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है. कोलियरी बंदी का मामला श्रमायुक्त के यहां चल रहा है. शुक्रवार को लेवर कोर्ट में दोनों पक्षों की फिर सुनवाई हुई है, जिसमें श्रमायुक्त ने डीजीएमएस से जानकारी लेने के बाद 5 अगस्त को अगली सुनवाई करने तथा कोलियरी का निरीक्षण करने की बात कही गई है. इस दौरान कोलियरी से सामानों को ले जाने के प्रबंधन द्वारा लगातार की जा रही प्रयासों से तनाव बढ़ रहा है, जो भविष्य में कोई अप्रिय घटना होने की संभावना की संकेत दे रही है. रंजीत यादव ने कहा कि श्रमायुक्त के यहां से जब तक फैसला नहीं हो जाता है तबतक उसकी यूनियन का मजदूर हित में आंदोलन जारी रहेगा. मौके पर गुड्डू यादव, शिवकुमार तिवारी, सीताराम पासवान, विनय पांडेय, भोला चौहान, लखन पासवान, सतनाम सिंह, संजय थापा आदि थे.

## झाकोमयू ने 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी में शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के ईसीएल जोनल उपाध्यक्ष चांद लाल सोरेन ने कोलियरी पीएम को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा. यह मांग पत्र विगत दिनों लखीमाता कोलियरी ग्रुप के अभिकर्ता के.आर.पी. सिंह को भी सौंपा गया था, जिन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था. चांद लाल सोरेन ने बताया कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी ईसीएल प्रबंधन ने उन समस्याओं का हल नहीं किया है. इसी मामले को लेकर आज श्यामपुर बी कोलियरी के पीएम को दोबारा अवगत कराया गया, जिन्होंने एक सप्ताह के अंदर मांग पत्र की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है. इस दौरान चांद लाल सोरेन, परीक्षित दा, बोदी नाथ सोरेन, महानंद रवानी, आर.एस. शर्मा, पवन साव, विजय हसदा, सुबोध टुडू, ध्वजा धारी हसदा, हेमलाल टुडू और सुनील मरांडी ने प्रबंधन से मिलकर दोबारा समस्याओं के बारे में अवगत कराया.

## खरखरी के ग्रामीणों ने किया बिजली पानी के लिए प्रदर्शन

**शुभम संदेश। मधुबन**



बीसीसीएल गोविन्दपूर एरिया तीन अंतर्गत खरखरी कोलियरी के समीप स्थित खरखरी बस्ती के ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता शेख डब्लू के नेतृत्व में बिजली पानी आपूर्ति में सुधार की मांग को लेकर खरखरी चानक में शनिवार को प्रबंधन के विरोध जमकर प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने प्रबंधन को एक सप्ताह के अंदर बिजली पानी में हो रही समस्या की निदान नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी. इस दौरान कांग्रेस नेता शेख डब्लू ने बताया कि प्रबंधन ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति के लिए एक 500 केवी का और एक 750 केवी का ट्रांसफार्मर स्थपित किया है. 500 केवी वाले ट्रांसफार्मर से खरखरी बस्ती के ग्रामीणों को बिजली दिया जाता है. लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है. कई बिजली के उपकरण का उपयोग करने में ग्रामीणों की काफी समस्या हो रही है. साथ ही नियमित जलापूर्ति की सप्लाई भी कम होती है. उसपर भी कभी पानी दिया कभी नहीं भी दिया. बीसीसीएल प्रबंधन को कई बार समस्या बतायी गई पर अभी तक पहल नहीं की गई. कोलियरी इंजीनियर योगेश सिंह ने बताया कि वास्तव में 500 केवी के ट्रांसफार्मर से कम वोल्टेज मिल रहा है. जिसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दिया गया है. हर संभव समाधान का प्रयास करेंगे. मौके पर शेख डब्लू , चंडी ग्याली, सुनील बाउरी, राजेन्द्र रजक, मोहन बाउरी, शेख आलमगिर, शेख आजाद, शेख हाशिम, शेख कुर्बान, मनीर खान, शेख अमजद, समिर ग्याली, विशाल बाउरी आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

## टुंडी की भूमि मूंगफली की खेती के योग्य है : मथुरा महतो



**टुंडी (शुभम संदेश)।** टुंडी में मूंगफली उपज के लिए अपार संभावनाएं हैं. टुंडी के किसान कृषि विभाग से जुड़कर वैज्ञानिक विधि से बड़े पैमाने पर मूंगफली की खेती करें. मूंगफली की अच्छी फसल उपज होने पर अच्छी रोजगार की जा सकती है. यह बात टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के जांताखूंटी पंचायत भवन में कही. इस दौरान उन्होंने झारखंड के बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत पंचायत के 45किसानों को चिन्हित कर दस दस किलो मूंगफली खेती को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क बीज वितरण किया. कहा कि टुंडी प्रखंड का 17पंचायत मूंगफली पैदावार के लिए अच्छी भूमि है. इस मौके पर टुंडी बीडीओ विशाल कुमार पाण्डेय, टुंडी प्रमुख मालती मराण्डी, झामुमो अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सह मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू, एटीएम संतोष कुमार सिंह, मुखिया आशा मुर्मू, दिनेश हेम्ब्रम, बसंत महतो, आनंद महतो आदि मौजूद थे.

## बाल विवाह , जेंडर हिंसा विषय पर प्रतियोगिता

**महुदा (शुभम संदेश)।** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की और से शनिवार को आँगनबाड़ी केंद्र कंचनपुर में नई किशोरी मण्डल के सदस्यों के साथ बाल विवाह उन्मूलन एवं जेंडर हिंसा पर निबंध, लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में कुल 32 किशोरियों ने भाग लिया. किशोरियों ने बाल विवाह के दुसपरिणाम एवं जेंडर हिंसा रोकथाम पर निबंध एवं चित्रांकन के माध्यम से दिखाया गया. प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किशोरीयों को पुरस्कृत किया जाएगा. ट्रस्ट के निदेशक शंकर रवानी ने किशोरियों ने कहा कि बाल विवाह एवं जेंडर आधारित भेद भाव हिंसा समाज के विकास को बाधित करता है. बाल विवाह एवं जेंडर आधारित हिंसा सभ्य समाज के लिए कलंक है. सब मिलकर इसका रोकथाम करें. मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, पूजा कुमारी, माला कुमारी, गुलनाज बानो, उपासी कुमारी, तन्नू कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, गंगा कुमारी, सुमन कुमारी, यमुना कुमारी सहित दर्जनों किशोरी एवं महिलाएं शामिल थी.

## कारगिल के शहीदों को डीएबी बरोरा में श्रद्धांजलि

**बरोरा (शुभम संदेश)।** डीएवी बरोरा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. छात्र-छात्राओं ने श्रृंखला बनाकर कारगिल दिवस शब्द का प्रदर्शन किया. प्राचार्य राकेश शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने एक मिनट का मौन रखकर शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. प्राचार्य ने कारगिल युद्ध में सैनिकों की वीरता और शौर्य की कहानियां साझा कीं. कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता कुमारी, आशीष कुमार सिंह, संजीव कुमार शास्त्री, प्रणय चटर्जी, राहुल शर्मा, संजय कुमार सिंह, श्रीकांत पांडेय सहित सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# डाकघर में सेवा ठप, नाराज उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

## बांसजोड़ा उप डाकघर में रजिस्ट्री पोस्ट, जमा-निकासी जैसे रोजमर्रा के काम भी बंद

**शुभम संदेश। लोयाबाद**



बांसजोड़ा उप डाकघर में 19 जुलाई से सभी सेवाएं पूरी तरह ठप हैं. क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता परेशानी में हैं. रजिस्ट्री, पोस्ट, जमा-निकासी जैसे रोजमर्रा के काम भी बंद है. पिछले सात दिनों से डाकघर में लगातार हंगामा की स्थिति बनी हुई है. उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच रोजाना बहस हो रही है. पोस्ट ऑफिस इंचार्ज अरविंद सिंह भी तनाव में हैं. कार्य ठप होने का कारण पोस्टल विभाग द्वारा आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर अपडेट होना बताया जा रहा है. अब तक डाकघर का संचालन निजी कंपनी सीसीएस के माध्यम से किया जा रहा था, लेकिन अब इसे केंद्र सरकार की नई डिजिटल प्रणाली के तहत लाया जा रहा है. धनबाद जिले के करीब 40 उपडाकघरों में यह प्रक्रिया एक साथ शुरू की गई है, लेकिन लोयाबाद में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है.

**स्टाफ को दी गई ट्रेनिंग,पर संसाधनों की भारी कमी :** हालांकि डाककर्मियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है,लेकिन कर्मी पूरी तरह से ट्रेंड नहीं हो पाए है. नेटवर्क, बिजली और मशीनों की खराबी के कारण भी सेवाएं बहाल नहीं हो पा रही हैं. रजिस्ट्री,स्पीड पोस्ट, खाता जमा-निकासी,पेंशन भुगतान समेत सभी कार्य ठप हैं. प्रतिदिन लगभग 4 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन प्रभावित हो रहा है.

**रक्षा बंधन से पहले राखी भेजना चुनौती :** डाक सेवाएं ठप होने का सबसे बड़ा असर आने वाले रक्षा बंधन पर पड़ा है. बहनें अपने भाइयों को राखी नहीं भेज पा रही हैं. मजबूरी में लोगों को 10 किलोमीटर दूर धनबाद हेड पोस्ट ऑफिस या रेलवे आरएमएस जाना पड़ रहा है, जो बुजुर्गों और महिलाओं के लिए खासा मुश्किल हो गया है.

**नेटवर्क और बिजली बनी सबसे बड़ी बाधा :** बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह ठप है. डाकघर में इन्वर्टर या जनरेटर जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं. कुछ मशीनें खराब हैं और बाकी बैकअप नहीं दे रही हैं. इन हालात में डाककर्मी अपने निजी मोबाइल इंटरनेट से किसी तरह डाक वितरण का कार्य कर रहे हैं.

**उपभोक्ताओं को लग रहा फाइन, बढ़ रहा गुस्सा :** सेवाएं बंद होने से आरडी और जीवन बीमा जैसे खातों में समय पर किस्त नहीं जमा हो पा रही है, जिससे ग्राहकों को फाइन देना पड़ रहा है. उपभोक्ताओं का कहना है कि जब गलती विभाग की है तो फाइन भी विभाग ही वहन करे.

### 25 हजार की आबादी हो रही प्रभावित

लोयाबाद, बांसजोड़ा, निचितपुर, कनकनी, सेन्द्रा और कोकप्लांट जैसे क्षेत्रों की करीब 25 हजार जनसंख्या डाक सेवाओं के बंद रहने से सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है. लोयाबाद चेम्बर के सचिव सुनील पांडे ने कहा रक्षाबंधन सर पर है और डाक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. सॉफ्टवेयर अपडेट राखी के बाद किया जाता तो अच्छा रहता. हमने विभाग से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है. बांसजोड़ा के कांग्रेस नेता बिनोद विश्वकर्मा ने कहा कि डाक विभाग की सुस्ती से उपभोक्ताओं का विश्वास उठता जा रहा है. व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे. सेन्द्रा के रवि रवानी ने कहा बहन को राखी भेजनी है, लेकिन समय निकट है और डाकघर बंद है. अब समझ नहीं आ रहा कि राखी कैसे पहुंचेगी. वरिष्ठ पेंशनधारक कौशल्या देवी ने कहा, दवा लेनी है लेकिन पैसे निकाल नहीं पा रही हूं. रोजाना पोस्ट ऑफिस का चक्कर लगा रही हूं कोई सुनवाई नहीं हो रही.

> पूरे भारत में एक साथ नई सॉफ्टवेयर लांच की गई है. उसी का काम चल रहा है. ये किसी अधिकारी के हाथ में नहीं है. रक्षाबंधन के बाद काम शुरू हो जाएगा. लोयाबाद मामले की जानकारी नहीं थी, जांच करवा कर समस्याओं को दूर किया जाएगा.
>
> संतोष कुमार, सब-डिविजनल इंस्पेक्टर, पोस्टल विभाग.

▼ ब्रीफ खबरें

### पोक्सो एक्ट वारंटी के घर चस्पा इश्तेहार

**गांडेय (गिरिडीह)।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गोराडीह गाँव में शनिवार को पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त सगीर अंसारी (पिता करमुल मियां) के घर कोर्ट के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया. अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुसैनी अपने दल-बल के साथ ढोल और बैंड बाजा बजाते हुए गोराडीह गाँव पहुँचे और अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया. बता दें कि गोराडीह गाँव निवासी सगीर अंसारी के खिलाफ अहिल्यापुर थाना में कांड संख्या 18/25, दिनांक 27 जून 25 के तहत पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया था. कोर्ट द्वारा अभियुक्त के खिलाफ वारंट भी निकल चुका था, इसके बावजूद आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है.

### डुमरी में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**डुमरी (गिरिडीह)।** ठाकुरचक मस्जिद गली में शनिवार को 100 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर जेएलकेएम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि (प्रशासनिक) अजय कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि (विद्युत) तुलसीराम, विधायक प्रतिनिधि (खनन) प्रकाश कुमार महतो और ठाकुरचक पंचायत के मुखिया पति शहाबुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए विधायक हमेशा तत्पर रहते हैं. मौके पर सदस्य अपलु, शमशाद, जावेद, मोबिन, कौसर, समीउल्लाह, आसिफ अंसारी आदि उपस्थित रहे.

### पारटांड़ में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कसमार (बोकारो)।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निर्देशानुसार, शनिवार को कसमार प्रखंड के मधुकरपुर टोला पारटांड़ में 100 केवीए क्षमता वाले नए विद्युत ट्रांसफार्मर और आरडीएसएस के तहत नए विद्युतीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर दिलीप हेंब्रम ने कहा कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद की प्राथमिकता क्षेत्र और क्षेत्रवासियों का सर्वांगीण विकास है। उनके मार्गदर्शन और प्रयासों से ही पारटांड़ में यह कार्य साकार हुआ है। मौके पर जिला संगठन सचिव नंदलाल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ठाकुर, प्रखंड प्रवक्ता धनंजय स्वर्णकार, संतोष महतो व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को लिखा पत्र

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड की चैनपुर पंचायत की मुखिया रेखा महतो ने विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति विभाग को पत्र लिखकर ग्राम मंगरगड़ी में जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया है. पत्र में मुखिया ने बताया है कि मंगरगड़ी में लगा ट्रांसफार्मर 15 दिन पहले जल गया है, जिससे पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ है. विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. गांव के बच्चे अंधेरे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, वहीं पानी की आपूर्ति एवं अन्य दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने यह भी लिखा है कि कई बार विभागीय कर्मचारियों को सूचना दी गई, पर अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है.

### झारखंड आंदोलनकारियों ने की पेंशन की मांग

**डुमरी (गिरिडीह)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, डुमरी की बैठक शनिवार को जामतारा पंचायत भवन में मोर्चा के अध्यक्ष लालमणि साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के साथ ही सरकार के गृह सचिव द्वारा आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन और उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने की घोषणा की गई थी. हालांकि, झारखंड को अलग राज्य बने 25 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है. बैठक में डालोराम महतो, जागेश्वर यादव, राजकमल महतो, नागेश्वर मंडल, छोटन विश्वकर्मा, लक्ष्मण मंडल, दीपक जैन, अजीज अंसारी, जितेंद्र प्रसाद, काशीनाथ महतो, मजहर अंसारी, ताराचंद महतो, कर्मचंद ठाकुर, उत्तमचंद महतो, बिरेंद्र महतो, कर्मचंद महतो आदि उपस्थित थे.

# मजदूर संगठनों के साथ नियमित बैठक करें कंपनियां : उपायुक्त

शुभम संदेश। बोकारो



उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले की सभी निजी और सरकारी कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों में मजदूर/श्रमिक संगठनों के साथ नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करें. इसका उद्देश्य श्रमिकों की समस्याओं, सुझावों और कल्याण से संबंधित मुद्दों पर संवाद स्थापित कर समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करना है.

**समस्याओं के निराकरण में लापरवाही न हो :** उपायुक्त ने कहा कि कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि मजदूरों द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और उस पर संवेदनशीलतापूर्वक कार्यवाही की जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी संवादहीनता से समस्याएं कंपनियों के हाथ से निकलकर विधि-व्यवस्था की चुनौती बन सकती हैं. उन्होंने कंपनियों को बैठक में लिए गए निर्णयों और उठाए गए बिंदुओं की कार्यवाही रिपोर्ट (प्रोसिडिंग) तैयार कर जिला प्रशासन को अवगत कराने को भी कहा. इससे प्रशासनिक स्तर पर पारदर्शिता एवं निगरानी बनी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर से सहयोग एवं मार्गदर्शन भी मिल सकेगा.

**औद्योगिक विकास के लिए श्रमिक कल्याण आवश्यक :** उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों से अपील की है कि वे अपने श्रमिकों को केवल कार्यबल के रूप में नहीं, बल्कि एक भागीदार के रूप में देखें. उनके हितों की रक्षा और उनके विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएं. इससे कंपनियों की कार्यक्षमता तो बढ़ेगी ही, साथ ही जिले के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी. जानकारी हो कि, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज सीटीपीएस, चंद्रपुरा में मजदूरों ने गेट जाम कर दिया था. उपायुक्त ने श्रमिक नेताओं के साथ हुए संवाद के बाद यह निर्देश सभी निजी एवं सरकारी कंपनियों के प्रबंधन को दिया है.

### श्याम मंदिर में चोरी की घटना निंदनीय : ट्रस्ट

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के प्रसिद्ध श्री श्याम मंदिर में चोरी की शर्मनाक घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है. प्रणामी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इस कृत्य को केवल आर्थिक क्षति नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर हमला बताया है. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ सहित अन्य ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए श्री श्याम प्रभु की प्रतिमा से मुकुट, हार, कंठी, बाजूबंद जैसे कीमती आभूषण और दानपात्र में रखी लाखों रुपये की राशि चुरा ली. इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए ट्रस्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है. उन्होंने कहा कि हाल ही में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में भी इसी तरह की घटना हुई थी. ट्रस्ट ने सरकार से आग्रह किया है कि इस घटना को केवल चोरी नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़ा मामला मानते हुए त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए.

# पिकअप चालक से 65 हजार की लूट, 3 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 49,000 रुपये, मोबाइल और बाइक बरामद

- गोड्डा पुलिस ने महज 4 घंटे में किया कांड का खुलासा

शुभम संदेश। गोड्डा



बीते शुक्रवार रात पिकअप वाहन चालक से मारपीट कर 65,000 छीनने की घटना का गोड्डा पुलिस ने महज चार घंटे के अंदर खुलासा करने का दावा किया है. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए लूटे गए 49,000 रुपये भी बरामद कर लिए हैं. पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब ग्यारह बजे मुफस्सिल थाना अंतर्गत ग्राम कुर्मीचक के समीप एक पिकअप वाहन को रोककर उसके चालक के साथ मारपीट की गई थी और 65,000 नगद व मोबाइल छीन लिए गए थे.

**त्वरित कार्रवाई से मिली सफलता :** घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना निरीक्षक मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में तत्काल एक एसआईटी का गठन किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई. इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि कुर्मीचक हाई स्कूल के पास दो लड़के, जो नीले रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ हैं, शराब का सेवन कर रहे हैं. इस सूचना पर जब पुलिस टीम वहां पहुँची, तो लड़के पुलिस को देखकर भागने लगे. पुलिस जवानों ने उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया. पूछताछ करने पर उनकी पहचान मिथिलेश नदाफ (20), पुत्र मुनर नदाफ और प्रभा दास (23), पुत्र प्रवीण दास, दोनों निवासी ग्राम रतरत्ती, थाना गोड्डा (मु.), के रूप में हुई. तलाशी के दौरान प्रभा दास के पास से पोको कंपनी का वह मोबाइल मिला, जो ड्राइवर से छीना गया था. कड़ाई से पूछताछ करने पर उसी गाँव के एक तीसरे साथी संजीव दास (25), पुत्र माधव दास को भी हिरासत में लिया गया और लूटे गए रुपयों में से 49,000 रुपये बरामद कर लिए गए. घटना को लेकर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 126/25 दर्ज करते हुए तीनों लड़कों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है. छापेमारी टीम में नगर पुलिस निरीक्षक के अलावा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, मुफस्सिल थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, पु.अ.नि. राजेश रंजन, विकास कुमार गुप्ता, मकेश्वर कुमार, परवेज अंसारी, उमेश प्रजापति, राजेश ठाकुर सहित अन्य जवान शामिल थे.

### सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में हुई ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी



शुभम संदेश। गिरिडीह।

सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में सामाजिक विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की एक भव्य मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. यह प्रदर्शनी अनुभवात्मक शिक्षा पद्धति पर आधारित थी, जहां तीसरी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया. स्कॉलर बीएड कॉलेज की एचओडी हरदीप कौर सहित विद्यालय की निर्देशिका रमनप्रीत कौर और प्राचार्या ममता शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस बहुआयामी प्रदर्शनी में 85 से अधिक मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने सिंधु घाटी सभ्यता, नालंदा विश्वविद्यालय, गंगा एक्शन प्लान, ज्यामितीय पार्क और अंग्रेजी व्याकरण के विभिन्न पहलुओं को मॉडल और प्रस्तुतियों के माध्यम से समझाया. मुख्य अतिथि ने सभी मॉडल्स का अवलोकन कर छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें अंक भी दिए. विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर सभी शिक्षकगण भी मौजूद रहे.

### फर्जी कागजात पर चल रहा क्रशर सील

- संचालक पर जालसाजी का केस दर्ज

शुभम संदेश। बेंगाबाद (गिरिडीह)



बेंगाबाद अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शी की सक्रियता से मुंडहरी मौजा में करमजोरा मोड़ पर स्थित एक क्रशर को फर्जी कागजात के सहारे पत्थर भंडारण करने के आरोप में सील कर दिया गया. इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित अन्य क्रशर संचालकों के बीच हड़कंप मच गया है.

**संचालक पर जालसाजी का मामला दर्ज :** सीओ द्वारा थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 113/25 के तहत क्रशर संचालक के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज कर लिया गया है. आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उक्त क्रशर को पत्थर भंडारण की अनुमति अंचल कार्यालय से स्वीकृत नहीं की गई थी. इसके बावजूद संचालक द्वारा क्रशर का संचालन कर पत्थरों का भंडारण किया जा रहा था, जिससे सरकारी कार्य में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई.

**अंचलाधिकारी ने दावों को किया खारिज :** गौरतलब है कि 20 जुलाई 2023 को जिला खनन पदाधिकारी द्वारा पत्थर भंडारण हेतु अनुमति की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन अंचल कार्यालय से इसकी कोई स्वीकृति नहीं दी गई थी. इस विषय पर सीओ ने जिला खनन पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत की, जिसमें खनन विभाग की ओर से अंचल कार्यालय को पोस्टल ऑर्डर के माध्यम से स्वीकृति भेजने की बात कही गई. हालांकि, अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शी ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि अंचल कार्यालय से किसी प्रकार की अनुमति स्वीकृत नहीं की गई है. क्रशर सीलिंग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य क्रशर संचालकों में बेचैनी का माहौल है. प्रशासन द्वारा इस मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है.

## गोड्डा से अजमेर के लिए सीधी रेल सेवा शुरू, निशिकांत दुबे ने दिखाई हरी झंडी

# गोड्डा को मुख्यधारा से जोड़ना केंद्र की प्राथमिकता : सांसद

शुभम संदेश। गोड्डा



गोड्डा से अजमेर के लिए सीधी रेल सेवा का शुभारंभ हो गया है. गोड्डा–दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन शनिवार को एक भव्य समारोह में सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने किया. उन्होंने गोड्डा रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे. समारोह की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने गोड्डा में तेजी से हो रहे रेल संपर्क और अवसंरचना विकास की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रेलवे इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड के गोड्डा जैसे आकांक्षी जिले को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ना केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में गोड्डा में पहली बार रेल सेवा शुरू हुई थी और अब तक यह 15वीं ट्रेन सेवा है, जो यहां से शुरू की जा रही है. वर्तमान में गोड्डा से 09 लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें और 06 पैसेंजर ट्रेनें विभिन्न दिशाओं में संचालित हो रही हैं. गोड्डा–दौराई (अजमेर) साप्ताहिक एक्सप्रेस की शुरुआत झारखंड और राजस्थान के बीच सीधे रेल संपर्क की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. यह ट्रेन गोड्डा को अजमेर के निकट स्थित सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के शहर दौराई से जोड़ेगी. इस सेवा से तीर्थयात्रियों, छात्रों, नौकरीपेशा और व्यापारियों को विशेष लाभ मिलेगा. साथ ही, यह सेवा बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा के यात्रियों को भी बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करेगी.

**नियमित समय-सारणी और ठहराव**

ट्रेन संख्या 19603 (दौराई–गोड्डा एक्सप्रेस) : 03 अगस्त 2025 से हर रविवार को दौराई से 15 :30 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 22 :20 बजे गोड्डा पहुँचेगी.

ट्रेन संख्या 19604 (गोड्डा–दौराई एक्सप्रेस) : 05 अगस्त 2025 से हर मंगलवार को गोड्डा से 05 :00 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 17 :20 बजे दौराई पहुँचेगी.

यह ट्रेन दिल्ली, गुड़गाँव, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर (गोविंदपुरी), प्रयागराज (सूबेदारगंज), मिर्ज़ापुर, चुनार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, किऊल, देवघर, जसीडीह, हंसडीहा, पोडैयाहाट सहित कुल 36 स्टेशनों पर रुकेगी. इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी, एसी थ्री–टियर इकोनॉमी, एसी थ्री–टीयर और एसी टू–टीयर कोचों के साथ चलेगी. यह ट्रेन यात्रियों को किफायती व आरामदायक सफर का अनुभव देगी. इस ट्रेन के संचालन से गोड्डा को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से सीधा जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी.

न्यूज अपडेट ▼

### अवैध शराब बनाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**पौड़ेयाहाट (शुभम संदेश)।** बीड़ी पत्ता गोदाम की आड़ में चल रहा अवैध शराब बनाने का धंधा तब सामने आया, जब गोदाम में आग लगने के दो दिन बाद पुलिस ने इसकी जांच की. थाना क्षेत्र के गायत्री नगर मोहल्ले में स्थित एक पुराने बीड़ी पत्ता गोदाम में दो दिन पहले रात में अचानक आग लग गई थी. अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पा लिया था. इसी दौरान पुलिस को कुछ गड़बड़ी का संदेह हुआ. पुलिस ने जब पड़ताल की, तो अगले दिन बड़ा खुलासा हुआ. गोदाम से शराब बनाने के लिए रखा गया 450 लीटर तरल पदार्थ (स्पिरिट) जब्त किया गया. इस अवैध शराब के कारोबार में शामिल मुख्य बाजार के कमल भगत और सज्जन भगत (जो रिश्ते में पिता-पुत्र हैं) को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया. बाद में पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया. पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार निराला के बयान पर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोप है कि सज्जन कुमार भगत के गोदाम में रात करीब डेढ़ बजे आग लगी थी, जिसे अग्निशमन वाहन के आने के बाद बुझाया गया. गोदाम में आग लगने के बाद जानकारी मिली कि वहां शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले तरल पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था. तीन खाली जर्किन भी मिले. तरल पदार्थ बनाने वाली मशीन भी पुलिस के हाथ लगी है. थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि मामले को लेकर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत कांड संख्या 101/25 दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. आस-पास के लोग इस बात से हैरान हैं कि यह अवैध शराब का कारोबार कई वर्षों से इस जगह पर चल रहा था, लेकिन इसकी भनक तक लोगों को नहीं लगी थी. यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है.

### प्लांट से बदबू की शिकायत पर सीओ ने की जांच

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** फिटकोरिया पंचायत के अंबाटांड मौजा में संचालित मशरूम व अंडा प्लांट से दुर्गंध फैलने की ग्रामीणों की शिकायत पर अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शी ने स्थल का निरीक्षण किया. जांच के बाद सीओ ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्लांट परिसर के बाहर गंदगी नहीं पाई गई, लेकिन प्लांट के भीतर से बदबू जरूर आ रही थी. उन्होंने कहा कि प्लांट संचालक को मौखिक रूप से बदबू नियंत्रित करने का निर्देश दिया गया है. शीघ्र ही लिखित आदेश जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. ग्रामीणों ने इससे पूर्व डीसी, एसडीओ और सीओ कार्यालय में आवेदन देकर प्लांट से हो रही गंदगी और दुर्गंध को लेकर आपत्ति जताई थी. जांच के क्रम में सीओ ने स्पष्ट किया कि प्लांट की भूमि से संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं. उन्होंने बताया कि संबंधित अभिलेखों की मांग हेतु पत्राचार किया गया है. दस्तावेज प्राप्त होने के बाद जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया एवं वैधता की जांच की जाएगी. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे प्लॉट और खाता संख्या से संबंधित सूचनाओं पर भी संशय जताया गया है. सीओ ने कहा कि कागजात की पुष्टि के बाद ही इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाएगा. गौरतलब है कि खंडोली डैम के पास स्थित इस प्लांट से फैल रही गंदगी और दुर्गंध के कारण पोषक क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं और प्रशासन से लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे थे.

### आकाशीय बिजली पीड़ितों को मिली आर्थिक मदद

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो जिले के गोपालपुर गांव में हाल ही में धान रोपनी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पांच बच्चे अनाथ हो गए थे और कई अन्य घायल हुए थे. इस दुखद घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए समाजसेवी विवेक सिंह और बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगे आए. विवेक सिंह ने पीड़ित परिवारों को अनाज और कपड़े वितरित किए. उन्होंने कहा कि बेहतर झारखंड की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब यहां के लोग खुशहाल हों. चैंबर ऑफ कॉमर्स ने शनिवार को पीड़ित बच्चों के भरण-पोषण और शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की. चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने इसे सामाजिक उत्तरदायित्व बताया. चैंबर संरक्षक संजय बैद और महामंत्री राजकुमार जयसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी संवेदना जताई और आपदा से बचाव के उपाय बताए. इस अवसर पर विनय सिंह, सिद्धार्थ पारख, विक्रम महतो समेत कई स्थानीय लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

### सुजीत हेंब्रम को जेपीएससी में मिला 67वां स्थान

**दुमका (शुभम संदेश)।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के कालापानी गांव निवासी सुजीत हेंब्रम ने जेपीएससी 2024 में 67वाँ स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है. उनका चयन पुलिस सेवा के लिए किया गया है और प्रशिक्षण के बाद वे पुलिस उपाधीक्षक के रूप में पदस्थापित होंगे. सुजीत का जन्म शिकारीपाड़ा प्रखंड के कालापानी गांव के एक किसान परिवार में हुआ था. उन्होंने सिद्धो-कान्हू उच्च विद्यालय दुमका से हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी की और बीआईटी सिंदरी से बी.टेक किया. वर्तमान में वे भारतीय रेल सेवा में कार्यरत हैं. सुजीत हेंब्रम के अनुसार, उन्होंने पहले दो बार जेपीएससी की परीक्षा दी थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी. यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्हें यह बड़ी सफलता मिली है.

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा केंद्र का डीडीसी ने किया निरीक्षण

**बोकारो (शुभम संदेश)।** उप विकास आयुक्त बोकारो शताब्दी मजूमदार ने संचालित बीएससी नर्सिंग परीक्षा के केंद्र, बालीडीह स्थित होली क्रॉस स्कूल का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी आदि का जायजा लिया. डीडीसी ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित केंद्राधीक्षक से परीक्षार्थियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति की जानकारी ली. उन्होंने परीक्षा का संचालन कदाचार-मुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी. डीडीसी द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण से केंद्रों में सतर्कता बढ़ी है और परीक्षा की गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई है. आपको बता दें कि बीएससी नर्सिंग परीक्षा के लिए जिले में सेक्टर 04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी हाईस्कूल और बालीडीह स्थित होली क्रॉस स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे.

### डीसी ने किया मूंगफली की खेती का निरीक्षण

**जमुआ (शुभम संदेश)।** उपायुक्त कृषि जाँच के लिए गिरिडीह के जीतपुर पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर गाँव पहुँचे, जहाँ उन्होंने मूंगफली की खेती का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने बीज की उपलब्धता और गुणवत्ता की जानकारी ली. उपायुक्त ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और कृषि विभाग को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए. इसी क्रम में उपायुक्त मिर्जागंज स्थित लंगटा बाबा डिग्री कॉलेज और लंगटा बाबा इंटर कॉलेज भी पहुँचे. उन्होंने कॉलेज का निरीक्षण कर समस्याओं के समाधान की बात कही और पुस्तकालय की भी जाँच-पड़ताल की. उपायुक्त ने कॉलेज प्रबंधन को छात्रों को पुस्तकालय से विशेष सुविधाएँ प्रदान करने की नसीहत दी. उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज कर्मियों की जो भी समस्याएँ हैं, उन्हें जल्द ही समाधान किया जाएगा. उपायुक्त ने विद्यार्थियों के प्लस टू में नामांकन को लेकर भी चिंता जताई. उन्होंने कहा कि जमुआ की आबादी अधिक है और यहाँ बच्चों की संख्या भी अधिक है. हम उन बच्चों को क्लासरूम और हर तरह की सुविधा देने का प्रयास करेंगे. उन्होंने जमुआ में चल रहे सभी प्लस टू विद्यालयों का निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करने की बात कही.

### आजसू मिलन समारोह के लिए निकला विशाल जुलूस

**बोकारो (शुभम संदेश)।** चास के तेलीडीह स्थित आजसू पार्टी के बोकारो कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोक कुमार महतो के आवासीय कार्यालय से आजसू पार्टी द्वारा टाउन हॉल, बोकारो में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होने के लिए एक विशाल जुलूस निकाला गया. इस जुलूस का नेतृत्व करते हुए अशोक कुमार महतो ने कहा कि झारखंड का विकास सुदेश महतो के हाथों ही संभव है, क्योंकि झारखंड के विकास का जो सोच सुदेश महतो के पास है, वह किसी अन्य नेता के पास नहीं है. मिलन समारोह में अशोक कुमार महतो के नेतृत्व में 1000 से अधिक नए कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो एवं आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

### शाहनाज फरहीन को एमबीए में मिली 9 सीजीपीए

**बोकारो (शुभम संदेश)।** जी.जी.एस.ई.एस.टी.सी. की मेधावी छात्रा शाहनाज फरहीन ने एमबीए सत्र 2023-25 में अब तक 9.0 सीजीपीए अर्जित किया है. इसके साथ ही उन्होंने यूजीसी एनइटी और एनपीटीइएल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर शिक्षा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. संस्थान निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जारुहर ने इसे संस्थान की अकादमिक गुणवत्ता का परिणाम बताया और कहा कि छात्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आइएएस अकादमी भी संचालित की जा रही है. शाहनाज ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक और फैकल्टी सदस्यों को दिया. संस्थान सचिव सुरेंद्र पाल सिंह और विधि व प्रशासनिक पदाधिकारी अधि. पल्लवी प्रसाद ने बताया कि शाहनाज को कॉलेज की ओर से 21,000 रुपया प्रतिमाह की इंटर्नशिप दी जा रही है. संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह ने यूजीसी एनइटी जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता पर शाहनाज को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं.

## पुराना स्टेशन यार्ड के समीप दुकान और होटल में लगी आग

**धनसार (शुभम संदेश)।** धनसार थाना क्षेत्र के पुराना स्टेशन यार्ड के समीप शुक्रवार की रात असमाजिक तत्वों ने एक जनरल दुकान व एक होटल में आग लगा दी है. जिससे दोनों दुकान बूरी तरह जल गया. जनरल दुकान का संचालन रेखा देवी करती है जबकि होटल उसके पति दिलीप भगत चलाते है. दुकान संचालक रेखा देवी ने बताया कि लगभग 5 लाख रुपए की नुकसान हुआ है. मामले की सूचना पाकर धनसार थाना पहुंच मामले की छानबीन की. रेखा देवी ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम दुकान बंद कर घर चले गए. तभी किसी ने फोन कर सूचना दी कि उसके दोनों दुकानों में आग लग गई है. रेखा का कहना है कि पहले भी कुछ शरारती तत्व तीन बार चोरी कर चुके है. दुकान के पास नशेड़ियों का जमघट लगने का मैंने विरोध किया था. शक है कि इसी द्वेष मे आकर नशेड़ियों ने मेरे दुकान मे आग लगा दी. होटल संचालक दिलीप भगत का कहना है कि इसी से परिवार का भरण पोषण होता था. पुलिस प्रशासन से शरारती तत्वों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.

# पी बी एरिया के जीएम से मिले विधायक राज, गिनाई समस्याएं

**शुभम संदेश।पुटकी**

विधायक राज सिन्हा ने आज पी.बी. क्षेत्र के पुटकी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मित्तल से मुलाकात की. इस दौरान क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं जैसे जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और स्थानीय निवासियों के नियोजन पर विस्तृत चर्चा हुई. राज सिन्हा ने अधिकारियों के समक्ष कई मांगें रखी. पुटकी पीट से श्रीनगर कॉलोनी तक पाइपलाइन द्वारा पीट वाटर की आपूर्ति और ऊपर धौड़ा जल संचिका में 6/4 इंच पाइप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए. पुटकी ए-टाइप श्रमिक कॉलोनी, श्रीनगर कॉलोनी और दुर्गा मंदिर स्टाफ कॉलोनी के जर्जर आवासों और शौचालयों की मरम्मत के साथ नालियों की नियमित सफाई की जाए।



10/12 पीठ के समीप बजरंगबली मंदिर और बरारी कोल प्लांट के पास शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण शीघ्र शुरू किया जाए. बरारी कोल प्लांट के ट्रांसफार्मर रूम में खराब स्विच को बदलकर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. केंदुआ डी हिंदी भवन के निकट दुर्गा मंदिर की चारदीवारी और नाली का निर्माण, साथ ही पुटकी प्रेम नगर के तालाब का सौंदर्यीकरण सीएसआर मद से किया जाए. दिवंगत कर्मचारी गंगिया देवी की आश्रिता पुत्रवधू सोनी देवी के नियोजन से संबंधित संचिका को कोयलानगर मुख्यालय शीघ्र भेजा जाए. सेवा-निवृत्त कर्मचारी रामकृपाल कुर्मी की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए.बैठक में महाप्रबंधक मित्तल, उपमहाप्रबंधक आर.के. शर्मा और अन्य अधिकारी अमित बेग ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. राज सिन्हा ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कोई कोताही स्वीकार्य नहीं होगी. धनबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है. जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है. इस अवसर पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे, जिनमें हीरालाल पासी, महेंद्र प्रसाद, राहुल बनर्जी, मनोज पासवान, राजेश गुप्ता, परमेश्वर महतो, रंजय सिंह, सदानंद बर्नवाल, शिवनंदन पासवान और उदय कुमार यादव शामिल थे.

## पी.के. राय कॉलेज में डॉ. आलमगीर को दी गई विदाई

**धनबाद (शुभम संदेश)।** पी.के. राय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद के नव पुस्तकालय सभागार में एन.एस.एस. इकाई 2 द्वारा डॉ. आलमगीर अंसारी के लिए एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. डॉ. आलमगीर अंसारी पी.के. राय कॉलेज में उर्दू विभाग अध्यक्ष, एन.एस.एस. इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर और कॉलेज के विभिन्न पदों पर कार्यरत थे. उन्हें अब विश्वविद्यालय के पी.जी. विभाग के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया है. महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने डॉ. आलमगीर अंसारी को विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं. इस अवसर पर एन.एस.एस. इकाई 2 की प्रोग्राम ऑफिसर शर्मिला कुमारी, आशुतोष राहुल तिर्की, पूर्व छात्र शुभम कुमार झा एवं एन.एस.एस. वॉलंटियर मनीषा, केशव, काजल, रतुल, आनंद, इरशाद, पीयूष, कनक आदि मौजूद थे.

# बेहतर पुनर्वास के लिए सीपीआई की विशेष बैठक




**शुभम संदेश।झरिया**

बेहतर पुनर्वास के लिए सीपीआई (एम) झरिया लोकल कमिटी की विशेष बैठक कॉ. नारायण चक्रवर्ती की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई. बैठक में पार्टी राज्य कमिटी सदस्य शिव बालक पासवान ने कहा कि जब तक गरीब गुरुआ को आशियाना नहीं मिल जाए, झरिया विस्थापन के खिलाफ तथा बेहतर पुनर्वास के लिए संघर्ष जारी रहेगा. कोयला खनन में निजीकरण के तहत आउटसोर्सिंग और एमडीओ आने से इस जमीन पर वर्षों से रह रहे नागरिकों को संकट में डाल दिया है.यह स्थिति केंद्र की भाजपा वाली मोदी सरकार की जनविरोधी नीति की वजह से हुआ है. जरेडा धनबाद के समक्ष प्रदर्शन कर मांग पत्र दिया गया है. अगर जल्द सहानुभूतिपूर्वक वार्ता नहीं हुई तो बरसात के बाद तीखा आंदोलन होगा. बैठक में पार्टी कॉ धर्मेंद्र राय नौशाद अंसारी भगवान दास पासवान, राम कृष्णा पासवान, , राम वृक्ष धारी, विनोद पासवान, कुंदन पासवान, मनोज पासवान, सुरेश भुईयां, शंकर पासवान, यद्दु प्रसाद, भोला पासवान, भोला माली, सुरेश पासवान तथा कुंदन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# भाजपा विधायक दल के सचेतक बनने पर राज सिन्हा का स्वागत



**शुभम संदेश।धनबाद**

धनबाद के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा को झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का सचेतक नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ जगजीवन नगर स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय पर उमड़ पड़ी. उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ राज सिन्हा का भव्य स्वागत किया.धनबाद महानगर भाजपा अध्यक्ष श्रवण राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज सिन्हा को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. देर रात तक चले इस अभिनंदन समारोह में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए. मौके पर राज सिन्हा ने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है. मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, धनबाद की जनता और अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूँ. मैं भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक मूल्यों के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करता रहूँगा.उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, कर्मवीर सिंह, संतोष बी.एल. और प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रति विशेष धन्यवाद व्यक्त किया. कार्यक्रम में जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, विष्णु त्रिपाठी, अजय निषाद, जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी, पंकज सिन्हा (कुमार अमित), रीता यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजीत भुइयाँ, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और नागरिक उपस्थित रहे.

## डोमन पर हमला मामले में सांसद ढुल्लू महतो समेत पांच आरोपी रिहा

**शुभम संदेश।धनबाद**

चिटाही निवासी डोमन महतो, उनके पिता कन्हाई महतो पर जानलेवा हमला करने के मामले में शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाया. धनबाद के एमपी/एमएलए के कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो, अजय गोराई, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह को बरी कर दिया है.

बता दें कि इस मामले में एक वर्ष तक एफआईआर नहीं हुई थी. डोमन महतो ने ढूल्लु महतो उनके समर्थक अजय गोराई ,बूढ़ा राय ,कृष्णा रविदास बिट्टू सिंह,एवं डंपी मंडल के विरुद्ध 29 अप्रैल 19 को शिकायत की थी, परंतु उस वक्त इस शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी. पुनः 14 फरवरी 20 को डोमन ने उसी घटना को लेकर बरोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी में डोमन ने आरोप लगाया था कि 29 अप्रैल 2019 को साढ़े छः बजे वह अपने पिता कन्हाई महतो के साथ मिलकर रामराज मंदिर के समीप अपने रैयती जमीन पर रोजगार के लिए बांस से दुकान बना रहा था, तभी ढूल्लु महतो अपने बॉडीगार्ड के साथ आये दुकान बनाने से मना किए. राम की गाली गलौज किया और कहा कि अगर दुकान बनाएगा तो बाप बेटा को हाथ पर तोड़वा कर जान मार देंगे. शाम 7:00 बजे विधायक व उनके समर्थक फिर आए. अजय गोराई ने जान मारने की नियत से उसका गर्दन पकड़कर गला दबाया. दुकान से बाहर लाकर उसे पटक दिया, जब डोमन वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगा तो बिट्टू और कृष्णा गाली देते हुए बोला तेरा बाप ढुलु खड़ा है, कमर से बंदूक निकालकर सर पर तान दिया, मोबाइल फोन छीन कर फेंक दिया. धमकी देते हुए कहा था कि नहीं जाएगा तो मरवा कर फेंकवा देंगे. उसकी भाभो जब बीच-बचाव करने आई तो ढुलू के बॉडीगार्ड ने गाली गलौज कर दुर्व्यवहार किया था.

### नीरज हत्याकांड : सागर की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता ने कहा

# किसी गवाह ने नहीं की शूटर के रूप में सागर की पहचान

**शुभम संदेश।धनबाद**

चर्चित नीरज हत्याकांड में शनिवार को यूपी निवासी सागर सिंह ऊर्फ शिबू सिंह ऊर्फ विजय की ओर से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कौशिक सरखेल ने बहस की. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बहस करते हुए अधिवक्ता कौशिक ने कहा कि सागर सिंह के विरुद्ध सह अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के अलावा कोई साक्ष्य नहीं है, जिसका कानून की नजरों में कोई महत्व नहीं होता. तेरह गवाहों का बयान अभियोजन ने सागर सिंह की अनुपस्थिति में कराया है, जिसका भी कोई कानूनी महत्व नहीं है. अदालत में किसी गवाह ने शूटर के रूप में सागर की पहचान नहीं की है. वहीं पहचान परेड के मुद्दे पर अधिवक्ता ने कहा कि आरोपियों की पहचान परेड गिरफ्तारी के पचहत्तर दिनों के बाद कराई गई उनकी तस्वीर अख़बारों में छप गई थी . जिसकी पुष्टि विभिन्न अखबारों के संपादकों ने अदालत में दिए गवाही में की है. इसलिए पहचान परेड का कोई महत्व नहीं है उन्होंने इस बाबत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित कई निर्णयों का हवाला दिया. साथ ही कहा कि आदित्य राज की गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता सकता. सभी गवाहों के बयान एक दूसरे के विरोधाभासी हैं. मामले के अनुसंधानकर्ता ने किसी भी मोबाइल का टावर लोकेशन नहीं प्राप्त किया और उसे जानबूझकर अदालत से छुपा लिया. अदालत ने अन्य आरोपियों की ओर से बहस करने के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है. बताते हैं इस मामले में अभी तक पंकज सिंह, संजय सिंह, बिनोद सिंह, डब्लु मिश्रा, सागर सिंह की ओर से बहस पूरी हो चुकी है, जबकि पूर्व विधायक संजीव सिंह, धनजी सिंह, पिंटू सिंह और कुर्बान अली की ओर से बहस अभी की जानी है. अमन सिंह के मौत हो चुकी है, इसलिए उसके केस को समाप्त कर दिया गया है.

सुनवाई के दौरान संजय सिंह हाज़िर थे. अन्य आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया. बता दें कि 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे.

वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे. पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे. स्टील गेट के पास बने ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों बरसायी, जिसमें नीरज और अशोक यादव, मुन्ना तिवारी व ड्राइवर घोल्टू महतो की भी मौत हुई थी.

## आसनसोल

# आदिवासी लड़की के दुष्कर्म आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना का घेराव

**खास बातें**

- एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, अन्य की तलाश जारी

**शुभम संदेश।पुरुलिया**



भारतीय आदिवासी भूमि समाज की पुरुलिया शाखा, हदल्दा उपड़रा अंचल, काशीपुर प्रखंड, काठगोड़ा भूमि समाज समिति की ओर से लगभग 250 महिला-पुरुष काशीपुर थाने में शुक्रवार को बलात्कार के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उपस्थित हुए. बताया जा रहा है कि बनगोड़ा गांव में एक नाबालिग लड़की के अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके घर में घुसकर इलाके के ही युवकों के खिलाफ जबरन बलात्कार करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी. बीते सोमवार को दोपहर जब लड़की की मां पानी लेने बाहर गई थी तब लड़की को घर में अकेला पाकर युवक घर में घुस गए और उसके साथ ज्यादती करने लगे. पानी लेकर लौट रही नाबालिग की माँ ने यह नज़ारा देखा और युवकों को पकड़ने की कोशिश की. लेकिन तीनों युवक भाग गए. उसने गाँव वालों और काशीपुर थाने के एक नगर निगम अधिकारी को मामले की सूचना दी. उसने देखा कि बच्ची बेहोश पड़ी है. बच्ची को कल्लोली अस्पताल ले जाया गया. कोलोली अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए उसे रघुनाथपुर सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल ले जाया गया और काशीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई. शिकायत के आधार पर शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने एक आरोपी युवक काशीपुर थाना क्षेत्र के हदल्दा-उपड़रा ग्राम पंचायत के बेराड़ी गाँव का निवासी जयदेव सहिस को मंगलवार को रघुनाथपुर महकमा न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ न्यायाधीश ने उसे जेल भेजने दिया गया था. लेकिन छह दिन बीत जाने के बाद भी अन्य दो अपराधी पकड़े नहीं जा सके. जिसके विरोध में अस्पताल से नाबालिग लड़की के साथ लगभग 250 महिला-पुरुष आदिवासियों के साथ, पश्चिम बंगाल अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के पुरुलिया ज़िले के उपाध्यक्ष और काशीपुर प्रखंड अध्यक्ष निर्मल टुडू काशीपुर थाने पहुँचे और दोषियों की गिरफ़्तारी और सज़ा की माँग की. आदिवासी महिलाओं काजल सद्दार, सविता सिंह, संगीता सिंह सरदार ने कहा कि अगर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो मिल जाने पर हम उसे मार देंगे, हम आदिवासी हैं. अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद पुरुलिया जिला उपाध्यक्ष निर्मल टुडू ने घटना को जघन्यतम बताया. कहा कि यह पूरे आदिवासियों के ख़िलाफ़ किया गया अपराध है. जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आदिवासी समुदाय और भी बड़ा आंदोलन करेगा.

## सालानपुर से लापता नाबालिग महाराष्ट्र में मिली, खुद रचा था अपहरण का ड्रामा

**सालानपुर।** सालानपुर थाना क्षेत्र की एक 10वीं कक्षा की छात्रा की गुमशुदगी ने शुक्रवार देर शाम नया मोड़ ले लिया, जब पुलिस ने उसे महाराष्ट्र के नासिक से सकुशल बरामद कर लिया. पुलिस की जांच में पता चला कि यह कोई अपहरण नहीं बल्कि लड़की द्वारा खुद रचा गया एक ड्रामा था.

19 जुलाई को सालानपुर ब्लॉक के बनजेमहारी इलाके की रहने वाली यह नाबालिग, जो एक ईसीएल कर्मी की बेटी है, घर से भाग निकली थी. पारिवारिक विवाद से परेशान होकर वह आसनसोल स्टेशन पहुंची और ट्रेन पकड़ ली. रास्ते में उसकी मुलाकात कुछ युवकों से हुई जो बिहार से गुजरात और महाराष्ट्र काम के सिलसिले में जा रहे थे. लड़की ने खुद को अनाथ बताकर भावुक कहानी सुनाई, जिससे पिघलकर युवक उसे अपने साथ ले गए .आगे चलकर लड़की महाराष्ट्र के नासिक पहुंची, जहां से उसने अपने ही परिवार को वीडियो कॉल कर खुद को बंधक दिखाते हुए 3 लाख रुपये की फिरौती मांगी. रोती–बिलखती लड़की का वीडियो देख घरवाले हैरान–परेशान हो गए और पुलिस से मदद मांगी .सालानपुर थाना की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मोबाइल लोकेशन ट्रैक की और उत्तर प्रदेश, गुजरात होते हुए महाराष्ट्र के नासिक तक पहुंची. स्थानीय पुलिस की मदद से लड़की को एक झुग्गी बस्ती में बिहार के युवकों के किराये के मकान से बरामद किया गया .शनिवार को उसे नासिक कोर्ट में पेश किया गया और अब उसे वापस पश्चिम बंगाल लाने की प्रक्रिया चल रही है. पुलिस के अनुसार, छात्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थी और कई अजनबियों से संपर्क में थी .घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है. लड़की के पिता ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस का शुक्रिया अदा किया है.

### पुरुलिया के हुड़ा हाई स्कूल में बनेगी नई कक्षाएं

# जिप अध्यक्ष ने किया 38 लाख की योजना का शिलान्यास



**शुभम संदेश।पुरुलिया**

जिले के हुड़ा हाई स्कूल में शुक्रवार को एक नई शुरुआत हुई, जब पुरुलिया जिला परिषद की अध्यक्ष निवेदिता महतो ने 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाली अतिरिक्त कक्षाओं की आधारशिला रखी. यह पहल जिला परिषद द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य स्कूल में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं को दूर करना है. गौरतलब है कि स्कूल की मौजूदा इमारत काफी जर्जर हालत में है. दरवाजे-खिड़कियाँ टूट चुकी हैं, दीवारें दरक रही हैं और छत की टाइलें उखड़ने लगी हैं. बारिश के दौरान पानी कक्षाओं में घुस जाता है, जिससे पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है. हालात इतने खराब हो गए थे कि स्कूल प्रशासन ने मानसून से पहले खतरनाक कक्षाओं को बंद करने का फैसला लिया.कक्षा की कमी के कारण पुस्तकालय को जिम में बदलना पड़ा और कंप्यूटर क्लास भी बंद करनी पड़ी. मजबूरी में एक ही कक्षा में दो या तीन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है.

अब नए कक्ष निर्माण से उम्मीद जगी है. प्रधानाध्यापक पिंटू डे ने खुशी जताते हुए कहा, ₹नई कक्षाओं से छात्र-छात्राएं सुरक्षित और बेहतर माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे.

इस मौके पर जिला परिषद के सहायक अध्यक्ष सुजॉय बनर्जी, सह-संरक्षक सहदेव महतो, पंचायत समिति अध्यक्ष दीपाली महतो, शिक्षा कर्माध्यक्ष प्रसेनजीत महतो व उपाध्यक्ष अरुण कुमार पति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.यह परियोजना स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के लिए राहत की किरण लेकर आई है.

## ईसीएल में सुलह प्रक्रिया पर कार्यशाला

**सांकतोड़िया ।** झालबागान स्थित ईसीएल के ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को सुलह प्रक्रिया पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस सत्र में आसनसोल के क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) वोनमी होराम का ईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा ने हार्दिक स्वागत किया. इस कार्यक्रम का समन्वयन ईसीएल के महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ औद्योगिक संबंध), पुण्यदीप भट्टाचार्य ने किया. इसमें ईसीएल के सभी क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधकों के साथ-साथ एएलसी/आरएलसी स्तर पर औद्योगिक विवादों और सुलह मामलों को संभालने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की. कार्यशाला के दौरान ईसीएल मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी अशोक कुमार पात्रा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ विधि, हिरोक सरकार, मुख्य प्रबंधक (आईआर), अबीर मुखोपाध्याय, मुख्य प्रबंधक (प्रशासन), नज़रुल इस्लाम, मुख्य प्रबंधक (वेज बोर्ड स्थापना) और शारदेंदु तिवारी, विभागाध्यक्ष (सुरक्षा) शामिल थे.

# बाहरी राज्य से आने वाले नए मजदूर हो जाएं सावधान : टीएमसी

### स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने की मांग ने पकड़ा जोर

**शुभम संदेश।बर्नपुर**

सेल इस्को स्टील प्लांट में 36 हजार करोड़ रुपए की राशि से आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण परियोजना शुरू होने के कगार पर है. इस बीच इस्को कारखाना संलग्न इलाके के बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्सिंग के कार्य में प्राथमिकता देने की मांग पर दो दर्जन से अधिक पार्षदों ने कारखाना प्रबंधन को पहले की ज्ञापन सौंप दिया है, जिसमें स्थानीय बेरोजगारों को काम देने के साथ सेल के दुर्गापुर स्टील प्लांट की तरह वेतन देने की मांग शामिल है. इस मांग को लेकर ने प्रबंधन बैठक कर भले ही आश्वासन दिया है लेकिन वर्तमान में कई ठेका कंपनियों द्वारा बाहर से मजदूरों को लाया जा रहा है. इसकी सूचना मिलते ही शनिवार को तृणमूल पार्षद अशोक रुद्र एवं गुरमीत



सिंह आईएसपी के सेफ्टी ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे जहां आउटसोर्सिंग कार्य के लिए नियुक्त होने वाले ठेका मजदूरों को सेफ्टी को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा था. इस दौरान पार्षद अशोक रुद्र ने कई ठेका मजदूरों से परिचय प्राप्त किया. इस दौरान एक ठेका कर्मी ने खुद को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का निवासी बताया. वहीं इस दौरान यहां मौजूद ठेका कर्मियों को पार्षद अशोक रुद्र ने कहा कि यहां 80 प्रतिशत स्थानीय मजदूर दिख रहे हैं लेकिन कई बाहरी राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड से आए हैं. जो पहले से यहां काम कर रहे हैं उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी लेकिन बाहरी राज्य से आने वाले नए ठेका श्रमिक यहां काम करने के लिए स्वयं की जिम्मेवारी पर आए. बाहर से नए आने वाले ठेका मजदूरों को अब यहां परेशानी का सामना करना पड़ेगा. साथ ही उन्होंने स्थानीय ठेका मजदूरों को भी अपने काम के अधिकार की रक्षा करने का आग्रह किया. पार्षद के इस कड़े रुख से बाहर से मजदूर लाकर काम कराने वाले ठेका कंपनियों में हलचल मच गई है.

## न्यूज अपडेट

### बंदूक की नोक पर ग्यारह लाख की छिनतई

**कुल्टी (शुभम संदेश)।** आसनसोल नियामतपुर जीटी रोड के बीच फतेह पुर मोड बाइक पर सवार नियामतपुर व्यवसाई के स्टाफ से बंदूक की नोक पर ग्यारह लाख रुपए की छिनतई कर ली. घटना से व्यवसायियों में रोष है. जानकारी के अनुसार नियामतपुर के गल्ला व्यवसाई राकेश जुलानिया के दो कर्मियों के साथ यह घटना हुई. कर्मियों ने बताया कि आसनसोल बर्नपुर से तकादा कर कैश अपने बैग में लेकर निकले, जिनका बाइक से पीछा करते हुए दो लुटेरों ने फतेहपुर के पास बंदूक की नोक पर बाइक रूकवाई और रूपयों का बैग को छीन कर भाग निकले. इस दौरान उन्होंने गोली भी फायर की. घटना के चश्मदीद स्टाफ ने बताया कि लाल रंग की बाइक पर सवार एक ने हेलमेट पहन कर रखा था जबकि दूसरा मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए था. किसी तरह मालिक को घटना की जानकारी दी. व्यवसाई राकेश खबर मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे. दक्षिण पीपी पुलिस भी मौके पर पहुंच जानकारी प्राप्त की. व्यवसाई ने दक्षिण पीपी में घटना की लिखित शिकायत दर्ज करवाई.नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सचिन बालोदिया ने कहा कि इस तरह सारे आम दिन के उजाले में व्यवसाई की छिनतई काफी गहन विषय का मामला है. यही हाल रहा तो व्यवसायी कैसे अपना व्यवसाय करेंगे. प्रशासन अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करें.

### जयंत ने 80वें रैंक से पास की जेपीएससी परीक्षा

**बराकर (शुभम संदेश)।** वार्ड 68 के मनबढ़िया पंप हाउस इलाके के निवासी मुकेश कुमार सिन्हा के पुत्र जयंत कुमार सिन्हा ने झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 80वीं रैंक हासिल कर झारखंड सरकार में प्रशासनिक पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है.

जयंत की प्रारंभिक शिक्षा गिरिडीह के डीएवी बीएनएस पब्लिक स्कूल से हुई, जहां से उन्होंने 2014 में माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की. इसके बाद उन्होंने 2019 में हजारीबाग के मार्कहम कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की. 2023 में उन्होंने पहली बार JPSC परीक्षा दी और पहले चरण में ही सफलता हासिल कर ली. अपनी सफलता का श्रेय जयंत ने अपने माता-पिता—पिंकी सिन्हा और मुकेश सिन्हा—को दिया, जिन्होंने हमेशा उनका समर्थन किया और कभी कोई दबाव नहीं डाला. जयंत ने कहा कि ईमानदारी, लगन और निरंतर प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है.

### सीआईएसएफ ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** सीआईएसएफ आईएसपी, बर्नपुर यूनिट की ओर से आईएसपी से सटे नाकरासोता ग्राम स्थित कम्युनिटी में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच करने पहुंचे दुर्गापुर पैरामेडिकल कॉलेज के ऑप्टोमेट्री विभाग की प्रमुख डॉ हसीना जहान सिद्दीकी एवं सहायक प्रोफेसर सौरव बंदोपाध्याय को स्थानीय पार्षद अनूप माजी तथा सीआईएसएफ के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. शिविर में सैकड़ों लोगों को स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कर चिकित्सकों ने परामर्श दिए. साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की. इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए. पार्षद अनूप माजी ने सीआईएसएफ के इस पहल की काफी सराहना की. साथ ही आगे भी सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया.

### युवाकांग्रेस का आमरण अनशन समाप्त

**आसनसोल (शुभम संदेश)।** पश्चिम बर्धमान जिला युवा कांग्रेस का आमरण अनशन शनिवार को छठे दिन समाप्त हो गया. जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि यादव की अगुवाई में चल रहा आंदोलन आम जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चलाया जा रहा था. आंदोलन को बड़ी सफलता मिली जब प्रशासन ने उनकी सभी प्रमुख मांगों को गंभीरता से स्वीकार कर लिया. रवि यादव बीते छह दिनों से डीएम कार्यालय मोड़ पर बिना अन्न-जल के आमरण अनशन पर बैठे थे. शनिवार दोपहर एसडीओ और सीओएमएच कार्यालय के प्रतिनिधि अनशन स्थल पर पहुंचे और सभी मांगों को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया. उन्होंने बताया कि ज़्यादातर मांगों पर कार्य प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही ज़मीनी बदलाव दिखाई देगा. इसके बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रवि यादव को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया. रानीबांग्ला अस्पताल के लिए 5.22 करोड़ की स्वीकृति, अर्बन अस्पताल में शीघ्र ही ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं शुरू करना, बंद अस्पताल को पुनः सक्रिय करना, विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा, सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य साथी कार्ड से इलाज योग्य बीमारियों की स्पष्ट जानकारी देना शामिल है.

# चिरकुंडा कांवरिया संघ का जत्था देवघर रवाना

शुभम संदेश। झरिया

चिरकुंडा। चिरकुंडा कांवरिया संघ का 18वाँ जत्था, जिसमें 121 कांवरिये शामिल थे, शनिवार को व्यवसायी व शिव भक्त अजय सिंह और मनोज सिंह के नेतृत्व में चिरकुंडा तीन नंबर चढ़ाई से रवाना हुआ. यह जत्था सुल्तानगंज से कांवर में जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए देवघर में मनोकामना ज्योतिर्लिंग बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ में जलार्पण करेगा. इस बार कर्नाटक, सोनीपत, दिल्ली, धनबाद, मैथन एवं कुमारधुबी से भी शिव भक्त इस कांवर यात्रा में शामिल हुए हैं. इस अवसर पर रीता सिंह, प्रतिभा सिंह, रूपा सिंह, अनिता सिंह, रेखा सिंह, श्वेता, पूनम सिंह, शांति झा, माधुरी, श्वेता, रूबी, लक्ष्मी, कंचन, संध्या, प्रज्ञा, मेघा, माही, निशा, गुंजन, नीलम पाठक, चमेली, उमा, अजय सिंह, मनोज सिंह, पिंटू साव, गुनगुन, अशोक सिंह, सुदेश सिंह, सुनील भगत, वशिष्ठ यादव, शंभूनाथ झा, विक्की प्रसाद, सुनीता देवी, अखिलेश सिंह, संजय सिंह, पिंटू, रोहित, आरके डिटेंशन, संतोष साव, धनंजय, इंद्रदेव प्रसाद, दर्शन, दीपक, नितिन, जतिन, तिलक, सुरेंद्र, पूर्णिमा, नीतू, पूजा, किशोर लाल, गायत्री, लक्ष्मी, पूनम, सीमा सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मामी, मौसी, आशीष, सोनू, सुरेश, सरस्वती देवी आदि मौजूद थे.



## ब्रीफ खबरें

### लोकोबाजार में सांड का आतंक, भय में राहगीर

**चासनाला।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित लोकोबाजार के सब्जी बाजार में इन दिनों साढ़ का आतंक बहुत ही बढ़ गया है. आए दिन बाजार खरीददारी करने आए लोगों को घायल करता है या तो दुकानदार को ही मार बैठता है. इस तरह की कई घटना लोकोबाजार में घट चुकी है. अगर आप चौकन्ना न रहे तो आप के साथ भी घटना घट सकती है. कई सब्जी विक्रेता व खरीदार के अंग भंग कर दिया है. एक आलू प्याज के विक्रेता रामू को ऐसा मारा कि उसके प्राइवेट पार्ट में आठ टांके लगाने पड़े. दुकानदारों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है.

### कारगिल विजय दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा

**धनबाद।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. तिरंगा यात्रा स्टील गेट, सरायढेला, पुलिस लाइन, हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक होते रणधीर वर्मा स्टेडियम तक गई. तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में आर्मी जवान, नेवी के रिटायर्ड कर्मी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे. कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है. भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है. इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ.

### हाथुडीह रेल फाटक कल रहेगा 12 घंटे बंद

**महुदा।** महुदा खानुडीह रेल खंड पर स्थित हाथुडीह रेल फाटक बिजी-21 आवश्यक रख रखाव एवं मरम्मत कार्य को लेकर 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रहेगा. महुदा रेलवे अभियंता विनोद कुमार ने बतायें कि हाथुडीह रेलवे क्रॉसिंग के समीप मेंटेनेंस कार्य को लेकर सुबह 8 बजे से रात्री 8 बजे तक रेलवे फाटक बंद रहेगी. आसपास के लोग अन्य विकल्प का सहारा लेकर यात्रा पर जायें. इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे महुदा के वरिष्ट अनुभाग अभियंता (रेल पथ) ने महुदा थाना, पदुगोड़ा पंचायत एवं हाथुडीह पंचायत के मुखिया सम्पद घोषाल, एंव पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी, को पत्र देकर सूचित किया है.

# जोगता से पिस्टल व कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार



शुभम संदेश। धनबाद

जिले के जोगता थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुए एक शातिर अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई.

सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं और रात्रि के समय मोटरसाइकिल से भ्रमण कर रहे हैं. इसी के आलोक में पुलिस ने पुराना श्याम बाजार स्थित सीआईएसएफ कैंप के पास चेकिंग अभियान चलाया. चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (पंजीयन संख्या जेएच 10सीजेड6099) पर सवार एक संदिग्ध को रोका गया.

तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिनके पेंदे पर "केएफ 7.65" अंकित था. गिरफ्तार युवक की पहचान रोशन कुमार उर्फ रोशन भारती (उम्र लगभग 28 वर्ष), पिता - रामचंद्र भुइयाँ उर्फ राजकुमार भारती, निवासी - सिजुआ 10 नंबर मोड़, थाना - जोगता, जिला - धनबाद के रूप में की गई है.

## केंदुआ : ड्रिल मैन को बंधक बनाकर लूट लिया डीजल

### गोपालीचक और गोन्दुडीह में डीजल चोरों का तांडव

केंदुआ। शुक्रवार रात डीजल चोर गिरोह ने केंदुआ क्षेत्र की दो अलग-अलग आउटसोर्सिंग परियोजनाओं में डीजल लूट की घटनाओं को अंजाम दिया.

पहली घटना गोपालीचक कोलियरी स्थित एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी की है, जहां आधी रात को लगभग 10–12 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने पुटकी के 13-17 नंबर क्षेत्र के पास एक ड्रिल मैन को बंधक बना लिया और एक बड़े वाहन से करीब 100 लीटर डीजल निकाल कर फरार हो गए. कंपनी के प्रबंधक हरिहर चौहान ने बताया कि उस वक्त खनन कार्य बंद था, जिसका फायदा उठाकर अपराधियों ने ओपन कास्ट खदान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया.

दूसरी घटना गोन्दुडीह स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी की है, जहां अपराधी गैलन, पाइप कटर, प्लास और अन्य औजारों की मदद से वाहनों से डीजल निकालने की कोशिश कर रहे थे. लेकिन जैसे ही कंपनी के सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे, चोर अपना सामान छोड़कर भाग निकले.

दोनों घटनाओं के बावजूद अब तक स्थानीय थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है. लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्रामीणों और कंपनी कर्मियों ने प्रशासन से सुरक्षा कड़ी करने की मांग की है.

## गोविंदपुर लायंस क्लब की नई टीम ने ली शपथ

गोविंदपुर। लायंस क्लब गोविंदपुर की नई टीम ने शनिवार को शपथ ग्रहण की. इस नए सत्र के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जया कुमार ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, जबकि सपना लिखमनिया सचिव बनीं. श्रीमती कुमार ने घोषणा की कि नए सत्र में क्लब की गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी और लायंस क्लब नई कल्याणकारी योजनाओं के साथ सबके समक्ष होगा. शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता संदीप विश्वकर्मा ने की. इस समारोह में जिलापाल संजय कुमार मुख्य अतिथि थे, जबकि कमल जैन स्थापना अधिकारी और कंचन साहू शपथ ग्रहण अधिकारी रहीं. आर.पी. सरिया और रीजन चेयरपर्सन प्रकाश ठक्कर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे. नई टीम में राजेश जायसवाल, अनूप सरिया व कैलाश दुदानी उपाध्यक्ष चुने गए. रोशन अग्रवाल एडमिनिस्ट्रेटर, एस. के. राय संयुक्त सचिव, संतोष सोनी कोषाध्यक्ष और कुमारकांत जायसवाल सह कोषाध्यक्ष बने. मो. मोहसिन टेमर, रितेश शर्मा टेल ट्विस्टर बनाए गए. ईसा शमीम, सतीश सरिया, अनुराग प्रदीप, डॉ. यू.एल. विश्वकर्मा, एजाज अहमद व पवन लोधा ने चेयरपर्सन के रूप में शपथ ली.

## मारवाड़ी विद्यालय में रामचरित मानस का अखंड पाठ



शुभम संदेश। झरिया

श्री रामचरितमानस की प्रत्येक पंक्ति, दोहा एवं चौपाई मंत्र समान है. मानस में भाई का भाई के प्रति, पिता का पुत्र के प्रति और पुत्र का पिता के प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिए का स्पष्ट उल्लेख है. आज भौतिकवाद के इस युग में जबकि परिवार बिखर रहा है रामचरितमानस के सिद्धांतों पर चलकर उसे बचाया जा सकता है. उक्त बातें मारवाड़ी विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ललित कटेसरिया ने विद्यालय परिसर में आयोजित श्री रामचरितमानस अखंड पाठ के अवसर पर कही. अखंड पाठ से पूर्व विद्यालय परिसर में शुक्रवार को विधि विधान पूर्वक पंच देवता व श्री मानस की पूजा अर्चना की. विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षकों ने मानस पाठ में शामिल हुए. शनिवार दोपहर में पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ. अखंड पाठ कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश देवरलिया, डॉ ओपी अग्रवाल, विद्यालय समिति अध्यक्ष ललित कटेसरिया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण भोजगढ़िया, संयुक्त सचिव महेश जलूका, अनूप लिल्हा, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अनिल खरकिया अजय अग्रवाल अनिल केजरीवाल, गणेश अग्रवाल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं शामिल हुए.

## मारवाड़ी विद्यालय झरिया के नए भवन का लोकार्पण

शुभम संदेश। झरिया



मारवाड़ी विद्यालय, झरिया के परिसर में शनिवार को समाजसेवी स्व. बजरंग लाल कटेसरिया की स्मृति में निर्मित नए भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया. इस भवन का उद्घाटन उनके पुत्र एवं समाजसेवी ललित कटेसरिया ने परिजनों के साथ मिलकर किया.

इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव दीपक अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सतनारायण भोजगारिया, संयुक्त सचिव महेश जलूका, अनूप लिलहा, अनिल खरकिया, अजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

नवनिर्मित भवन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. समारोह के अंत में आयोजित महाभोग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया.

## भाकपा माले ने मनाई डी.पी. बक्शी और तापस नाग की पुण्यतिथि

**निरसा (शुभम संदेश)।** भाकपा माले के संस्थापक नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य डी.पी. बक्शी तथा एमसीसी के नेता तापस नाग की पुण्यतिथि के अवसर पर 26 जुलाई को देर शाम मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में स्मृति दिवस मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत में दोनों दिवंगत नेताओं की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम का संचालन माले नेता मनोरंजन मलिक ने किया. इस अवसर पर माले नेता नागेंद्र कुमार ने डी.पी. बक्शी को भाकपा माले के संस्थापक नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि पार्टी के प्रथम महासचिव चारू मजुमदार से लेकर दीपांकर भट्टाचार्य के कार्यकाल तक पार्टी के विस्तार व आंदोलन में उनका अहम योगदान रहा था. उन्होंने झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा आदि राज्यों में रहकर किसान-मजदूरों के बीच पार्टी को मजबूती प्रदान की थी. नागेंद्र कुमार ने बताया कि डी.पी. बक्शी शिक्षण-प्रशिक्षण के काम को बहुत ही बेहतरीन तरीके से करते थे और झारखंड में लंबे समय तक काम करके पार्टी को मजबूती दी थी. तापस नाग के बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने आजीवन एमसीसी के विचारधारा को मजबूत करने का काम किया और लंबे समय तक निरसा प्रखंड सचिव की जिम्मेदारी संभाली.

### 'माइलस्टोन 2025' में टॉपर सम्मानित, क्रांति गढ़िदेशी ने दिया सफलता का मंत्र

# लक्ष्य के प्रति जुनून से पाएं उत्कृष्टता : आईजी

शुभम संदेश। बोकारो



उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) क्रांति कुमार गढ़िदेशी ने शनिवार को डीपीएस बोकारो में आयोजित डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह 'माइलस्टोन 2025' में 30 स्कूलों के 60 से अधिक टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. आईजी गढ़िदेशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सपने देखें और जुनून से उनका पीछा करें, जब उत्कृष्टता पाएंगे तो सफलता खुद-ब-खुद कदम चूमेगी. उन्होंने केवल अच्छे अंकों को सफलता न मानते हुए नैतिक मूल्यों, विनम्रता और समाज सेवा को सच्ची कामयाबी बताया. उन्होंने शिक्षकों और माता-पिता के सम्मान पर भी जोर दिया. विद्यार्थी विकसित भारत की बुनियाद सहोदया के अध्यक्ष और डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों को 2047 के विकसित भारत-निर्माण की बुनियाद बताते हुए निरंतर मील के पत्थर स्थापित करने का संदेश दिया. कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ. अंत में सहोदया के महासचिव विश्वजीत पात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. मौके पर सहोदया के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस सेक्टर-5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती, दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के निदेशक डॉ. डी.एन. प्रसाद, प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पी. शैलजा जयकुमार, आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य रंजीत कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6 की प्राचार्या अनुराधा सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विजय ठाकुर एवं शैक्षणिक समन्वयक अक्षत कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे.

## एसएसपी ने किया जोरापोखर थाना का निरीक्षण

**झरिया।** धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने शनिवार की शाम को जोरापोखर थाना पहुंचे. एसएसपी ने थाना परिसर में भवन, क्वार्टर और उसकी रख रखाव के व्यवस्था का निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया. संचालक और स्टेशन डायरी की जांच की. एसएसपी ने अधिकारियों को थाना की साफ सफाई और लाइट व्यवस्था पर संतुष्टि जताते हुए सराहना की. पुलिस पदाधिकारियों को फरियादियों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने, पुलिस गश्ति को दुरुस्त करने तथा अपराधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखते हुए अपराध नियंत्रण को कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने अधिकारियों को जनता के काम को तत्काल करने का आदेश दिया. लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मी पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी.

## तोपचांची के रामाकुंडा में कारगिल विजय दिवस पर नगर भ्रमण

**गोमो (शुभम संदेश)।** तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा ग्राम पंचायत में विवेकानंद युवा मंडल रामाकुंडा के वेनर तले कारगिल विजय दिवस मनाया गया. इस अवसर पर वीर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किये गए. विद्यालय प्रांगण से विजय दिवस पर जयघोष करते हुए गांव का भ्रमण किया. 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय और शहीद सैनिकों के बलिदान की स्मृति को जागृत कराया. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक ने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है. हमारे वीर सैनिकों ने विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी. राष्ट्र सदैव इन शहीदों का बलिदान स्मरण रखेगा. कार्यक्रम में शत्रुधन कुम्हार,कार्तिक रजक, राहुल गोस्वामी, झुम्मा रजक, भुनेश्वर साव, सोनू डोम, राजा महतो, अमृत रजक सहित दर्जनों की संख्या में भारी संख्या में युवा उपस्थित थे.

## सविमं तेतुलमारी में प्रश्नमंच प्रतियोगिता

**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी में विद्या भारती योजना के अनुसार शनिवार को संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता, अंग्रेजी एवं संगणक का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में श्यामडीह, बाघमारा, भूलीनगर, तेतुलमारी और सिनीडीह विद्यालयों के भैया-बहनों की प्रतिभागिता रही. आयोजन समिति ने बताया कि संगणक (कंप्यूटर) शिशु वर्ग में प्रथम तेतुलमारी, द्वितीय सिनीडीह और तृतीय भूलीनगर, बाल वर्ग में प्रथम भूलीनगर, द्वितीय तेतुलमारी, तृतीय श्यामडीह और किशोर वर्ग में प्रथम भूलीनगर, द्वितीय बाघमारा, तृतीय तेतुलमारी रहे. वहीं अंग्रेजी प्रश्नमंच में शिशु वर्ग प्रथम बाघमारा, द्वितीय श्यामडीह, तृतीय भूलीनगर, बाल वर्ग में प्रथम तेतुलमारी, द्वितीय श्यामडीह, तृतीय भूलीनगर रहा. किशोर वर्ग में प्रथम बाघमारा, द्वितीय श्यामडीह, तृतीय भूलीनगर रहा. वहीं तरुण वर्ग में प्रथम सिनीडीह द्वितीय श्यामडीह, तृतीय भूलीनगर रहे.

## पतलाबाड़ी की बेटी पूजा को जेपीएससी में मिला 188वां रैंक

**पंचेत (शुभम संदेश)।** पतलाबाड़ी की बेटी पूजा दे ने जेपीएससी परीक्षा में 188 रैंक प्राप्त किया है. उसकी इस उपलब्धि पर परिवार, समाज में खुशी का माहौल है. इस मौके पर वैली पब्लिक स्कूल पतलबाड़ी के शिक्षक-शिक्षिका पूजा के घर शनिवार को पहुंचे. पूजा को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए बुके देकर सम्मानित किया. विद्यालय के उपप्राचार्य विक्रम प्रमाणिक ने बताया कि पूजा हमारे विद्यालय के मेघावी छात्र थी. शुरू से ही पढ़ने में तेज थी, जिसका परिणाम सबके सामने हैं. पूजा ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बाद भी कभी हिम्मत नहीं हारी. बच्चों को ट्यूशन पढ़कर इस मुकाम तक पहुंचे हैं. सफलता का श्रेय माता-पिता एवं विद्यालय को जाता है. पूजा ने शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चियों को बताया कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, निरंतर सच्ची लगन से सफलता अवश्य मिलती है. मन लगाकर 5 घंटा पढ़ना चाहिए. पूजा ने लड़कियों की मदद करने की बात कही.

## डीएवी कुसुंडा और मॉर्डन स्कूल केंदुआ में लगे सैकड़ों पौधे

**केंदुआ (शुभम संदेश)।** मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रजत जयंती वर्ष पर मॉडर्न स्कूल केंदुआ में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया. मंच के पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्रियों ने विद्यालय प्रांगण में 351 पौधे लगाए और बांटे. प्रधानाचार्य ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष करण अग्रवाल, हर्ष मित्तल, रोमित बंसल, मुकुल केडिया, संगीता बंसल और छात्र-छात्राएं मौजूद थे. डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा के प्राचार्य अजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण में हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में पेड़-पौधों के प्रति लगाव और प्रकृति से जुड़ाव जागृत करना था. प्राचार्य दुबे ने कहा कि पेड़ वास्तव में हमारी मां के समान होते हैं जो निस्वार्थ भाव से हमें ऑक्सीजन, फल और छाया प्रदान करते हैं. प्राचार्य ने कम से कम एक पेड़ लगाने और उसका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया. मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक नवीन कुमार, एके तिवारी, डॉ. आरबी राय उपस्थित थे.

## सांसद ढुलू महतो की मांगों पर जीएम ने दिया सकारात्मक आश्वासन

**पुटकी (शुभम संदेश)।** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय सचिव सह धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो ने 23 सूत्री मांगों पर वाशरी डिवीजन के जीएम सोहेल इक़बाल से शनिवार को वार्ता की. मुनीडीह गेस्ट हॉउस में मुनीडीह कोल वाशरी के रिजेक्सन कोयला को लोकल सेल करने, रॉ कोल वेब्रीज में वाशरूम,पेयजल, ऑपरेशन विभाग में मेनपावर बढ़ाने, एम्बुलेन्स, धोबनी में रेल लाइन के ऊपर नया पुल, गैरेज विभाग में कार्यरत ऑटो फिटरों को मेकनिकल फीटर ऑटो में पदोन्नति के मामले में चर्चा हुई. सभी मांगों पर जीएम ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया. मौके पर प्रबंधन की ओर से उप प्रबंधक (एचआर) शुभम राज, मुनीडीह वाशरी पीओ (प्रभार) रवि रंजन, एमएन जेनरल राणा आदि के अलावे यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव राजकुमार पांडेय व अध्यक्ष संजीवन कुमार, वाशरी शाखा अध्यक्ष शंकर गोराई, सचिव हैदर अली, उपाध्यक्ष रोहित सिंह, दयाशंकर सिंह, महेंद्र कुमार, श्रीमंत बाउरी, आनंद गोराई, शक्ति पाठक, उदय चंद्र पांडे, राज कुमार, करम चंद साव, चाँद रशीद, राजकुमार रविदास, पूर्व मुखिया छोटू दास, सूर्य नारायण आदि उपस्थित थें.

## केशवी केयर फाउंडेशन ने आयोजित किया 'महावतार नरसिंह' का विशेष शो

**धनबाद (शुभम संदेश)।** केशवी केयर फाउंडेशन ने धनबाद और अलकडीह गांव के भक्तों के लिए आईनोक्स धनबाद में भगवान श्री नरसिंह और प्रहलाद महाराज की लीलाओं पर आधारित चलचित्र "महावतार नरसिंह" का विशेष शो आयोजित किया। संस्था के अंकित अरुण ने बताया कि इस कार्यक्रम में 150 से अधिक भक्तों ने हिस्सा लिया और 3डी एनिमेटेड मूवी के माध्यम से प्रहलाद महाराज और नरसिंह भगवान की लीलाओं का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मूवी देखने आए प्रत्येक व्यक्ति ने हॉल के बाहर अपने जूते-चप्पल उतारकर भगवान नरसिंह पर बनी इस मूवी का सम्मानपूर्वक आनंद लिया। मूवी के दौरान कीर्तन और भक्ति भरे उत्साह ने ऐसा माहौल बनाया, मानो सभी किसी पवित्र धाम में भगवान के दर्शन कर रहे हों। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने केशवी केयर के सदस्यों को इस विशेष आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## जमुनिया कोल डंप के मजदूरों को एकजुट होने की जरूरत : अरुप चटर्जी

**बाघमारा (शुभम संदेश)।** निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र अंतर्गत बदहाल जमुनिया कोल डंप में शनिवार को लोकल सेल मजदूरों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा. उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी यूनियन बीसीकेयू (भारतीय कोयला खदान श्रमिक यूनियन) हर मोर्चे पर मजदूरों के साथ खड़ी है. विधायक चटर्जी ने अवैध कोयला उत्खनन के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि जमुनिया में हालिया घटना, जिसमें कुछ मजदूर दब गए, बेहद गंभीर है. उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग की और कहा कि इसे लोकसभा में उठाया जाना चाहिए. चार दिन बीतने के बाद भी शव बरामद न होने पर उन्होंने प्रशासन और बीसीसीएल की कार्रवाई को महज खानापूर्ति बताया. सभा में सीटू के वरिष्ठ नेता हलधर महतो, बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव जे.के. झा, बैजनाथ यादव, इंडल यादव और शिव शंकर मुखिया ने भी मजदूरों का समर्थन किया. कार्यक्रम का संचालन बलदेव वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन सीताराम कर्मकार ने किया. मौके पर जेएमएम नेता बबलू महथा, नकुल महतो, देवानंद राजभर, दिलीप नोनिया समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे.

मंथन

## झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की पहल

मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश न केवल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देंगे, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे. वर्तमान में तिलैया स्थित सैनिक स्कूल राज्य का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जो छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे गुणों का विकास करता है. तिलैया सैनिक स्कूल में 875 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो देश के अन्य सैनिक स्कूलों की तुलना में सबसे अधिक है. यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि झारखंड में ऐसे संस्थानों की भारी मांग है. देश के कई राज्यों में दो सैनिक स्कूल संचालित हो रहे हैं, ऐसे में झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की जरूरत समय की मांग बन गई है. इससे न केवल अधिक छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के होनहार छात्रों को भी आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा. मुख्य सचिव द्वारा तिलैया सैनिक स्कूल की आधारभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार इन संस्थानों को केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण दृष्टि से देख रही है. यह पहल न केवल युवाओं को सेना में सेवा के लिए प्रेरित करेगी, बल्कि उनके भीतर आत्मानुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भी मजबूत करेगी. झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की स्थापना राज्य के लिए गौरव की बात होगी और यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा.

नजरिया

## हजारीबाग में हमारी विरासत व सामाजिक सौहार्द पर हमला

हजारीबाग के सेंट कोलंबस कॉलेज के सामने स्थित ऐतिहासिक केबी सहाय पार्क में असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व सीएम स्वर्गीय केबी सहाय की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया जाना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द पर सीधा प्रहार है. सहाय झारखंड-बिहार के राजनीतिक इतिहास की सम्मानित शख्सियत रहे हैं. उनकी मूर्ति को नुकसान पहुंचाकर उनकी स्मृति को अपमानित करने का दुस्साहस, समाज में वैमनस्य फैलाने की सोची-समझी साजिश भी हो सकती है. इस घटना ने हजारीबाग के नागरिकों को आहत किया है और उनके आक्रोश को स्वाभाविक रूप से जन्म दिया है. प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेना और पुलिस निगरानी बढ़ाना एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषियों को जल्द से जल्द पहचानकर सख्त सजा दी जाए. केवल आश्वासन नहीं, कार्रवाई ही समाज के विश्वास को पुनर्स्थापित कर सकती है. स्थानीय लोग इस मूर्ति को एक स्मारक से कहीं अधिक, प्रेरणा का प्रतीक मानते हैं. इसलिए ऐसी घटनाएं केवल एक प्रतिमा को नहीं, बल्कि पीढ़ियों की भावनाओं को चोट पहुंचाती हैं. अब समय है कि प्रशासन, सामाजिक संगठन और आम लोग मिल कर यह संदेश दें कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी कट्टर या असामाजिक क्यों न हो, हमारी विरासत, एकता और इतिहास को खंडित नहीं कर सकता. ऐसी घटनाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति ही उचित उत्तर होगी.

# कैसे आएगी बिहार में औद्योगिक जागृति?

निशिकांत ठाकुर



**बिहार में आए दिन हो रही हत्याएं राजनीतिक ही कही जाएंगी.**

**देश के जो राज्य विकास की बुलंदियों पर हैं, उनके कई कारणों में एक कारण वहां सरकारों द्वारा, वहां के जागरूक समाज द्वारा औद्योगिक क्रांति को अपनाने के कारण, संपन्न और विकसित हैं. क्या बिहार में भी ऐसी परिस्थिति है?**

सच में, अब ऐसा लगने लगा है कि बिहार में जो बाहुबली है उसके लिए कोई रोकटोक नहीं है और वह जब चाहे जहां चाहे किसी की हत्या कर सकते हैं, करवा सकते हैं. पिछले दिनों जिन दुर्दांत अपराधियों ने सरेशाम पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया इसका दूरगामी परिणाम निश्चित रूप से आज नहीं कल सामने आएगा ही.घटना के बाद उसकी जांच करना और गुनहगारों को सामने लाना तो एक अस्त्र है, लेकिन घटना घटे ही नहीं,यही पुलिस- प्रशासन का तो काम होना चाहिए. लेकिन, क्या ऐसा हो रहा है? या प्रशासन इतना ढुलमुल हो गया है कि इन घटनाओं की जानकारी ही नहीं होती और हत्याएं हो जाती है, हत्यारे हत्या करके आसानी से भाग निकलते में सफल हो जाते हैं.

पुलिस समाज के रक्षक और सरकार का प्रतिनिधित्व करती है, पर आज अब देश का हर व्यक्ति ऐसी क्रूर हत्याओं को उदाहरण मानकर डरा हुआ है. जब बात चली है तो दूर तक जाएगी, जब देश के अन्य राज्यों और व्यवसायियों तक पहुंचेगी तो फिर बिहार में उद्योग -धंधा करने कौन आएगा? यही तो दुर्भाग्य इस राज्य का अभी तक रहा है कि उद्योगपतियों से सरकारी टैक्स के बाद गुंडागर्दी टैक्स भी वसूला जाता है. पर, साथ ही उद्योगपति गोपाल खेमका की तरह कौन किस तरफ से कब आकर सरेआम गोलियों से छलनी कर दे. इस प्रशासनिक व्यवस्था में यह कोई नहीं जानता. अब खेमका की पिछली जिंदगी पर जाएंगे तो पाएंगे कि इन्हीं दहशतगर्दों ने कुछ वर्ष पहले उनके बेटे को गोलियों से भूना था, अब उनकी हत्या उनके घर बाहर कर दी गई. यह कैसा प्रशासन, यह कैसी पुलिस व्यवस्था जो निर्भीक होकर धीरे धीरे एक परिवार का कत्लेआम करता रहे. घटनाएं छिनैती, डकैती तो हर राज्य में होती रहती हैं, लेकिन जिस तरह के हालत यहां बना दिए गए हैं कि कोई उद्योग लगाने की बात सोच भी कैसे सकता है, कौन परिवार सहित अपनी जान को जोखिम में डालना चाहेगा . बिहार में हो रही इन हत्याओं के बारे में जानने के प्रयास किया गया तो आज की तारीख में सबका यही मानना था कि इस प्रकार की वारदात को अभी इसलिए अंजाम दिया जा रहा है क्योंकि अगले कुछ दिनों में विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है. परिणाम स्पष्ट है कि चाहे कुछ भी हो सरकार उन्हीं के दल की बनेगी. एक अन्य राज्य से आए उद्योगपति ने कहा कि हमारी कंपनी ने यह तय कर लिया था बिहार के युवाओं के रोजगार के लिए कुछ किया जाए, लेकिन इस तरह की खबरों के कारण उन्होंने अपना इरादा बदल दिया. अब किसी अन्य राज्य में अपने प्रोजेक्ट को लॉन्च करने का मन बना लिया. इसी तरह जैसे-जैसे बात फैलती जाएगी वैसे- वैसे उद्योगपतियों का बिहार में उद्योग लगाने के प्रति मन खट्टा और भयभीत हो जाएगा वे अपने उद्योग को बिहार से अन्यत्र स्थानांतरित कर देंगे.

फिर बिहार के युवाओं का क्या होगा जो आज देश के शहर-शहर में रोजगार पाने के प्रयास में भटकते रहते हैं. राज्य के पूर्व उद्योगमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश हैं कि अब सरकार किसी भी राज्य में सरकारी उद्योग लगाने के पक्ष में नहीं है. हां, यदि राज्य का कोई उद्योगपति अपने राज्य के लिए कुछ करना चाहे तो उसके लिए वह स्वतंत्र है, लेकिन किसी उद्योगपति के लिए क्या यह संभव है कि बिना सरकार के सहयोग कहीं भी उद्योग लगा ले? यदि आप बिहार में रहते हैं तो एक बार देश के अन्य शहरों में जाकर देखें कि आपके उन भाई बंधुओं को किस स्थिति का सामना करना पड़ता है . हम भले ही यह दावा कर लें कि यदि बिहार के लोग वहां नहीं होंगे तो उस राज्य का उद्योग धंधा या खेती कौन करेगा - उद्योग धंधे ठप्प हो जाएंगे. सच तो यह है कि यह आत्मसंतुष्टि की बात है, लेकिन यदि यही उद्योग बिहार में लगे होते तो बाहरी राज्यों में ऐसे लोगों को जो अपमान समय- समय पर झेलना पड़ता है, ऐसी स्थिति तो नहीं आती. दरअसल, हमारे राजनीतिज्ञ नहीं चाहते कि हर किसी के घर अपने यहां की रोटी बने, अपने यहां की शिक्षा बेहतर हो, यदि ऐसा होगा तो फिर वे नेता कैसे बनेंगे. इतनी बुरी स्थिति बिहार की मात्र इसलिए कर दी गई है कि वे नेतागिरी करते रहें उनके बच्चे विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर सकें और वहीं अच्छी नौकरी या व्यवसाय कर सकें. इसलिए सतर्क रहिए और शिक्षित के हाथों में राज्य की बागडोर को सौंपिए, वही हमारा आपका कुछ न कुछ भला करेंगे. आप भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिए ताकि वह आगे चलकर मज़दूरी करने के लिए अपमानित किए जाने वाले राज्यों में जाकर जीविकोपार्जन न कर सकें.

सरकारी नौकरी आज सबको मिल जाए यह किसी भी राज्य के लिए संभव नहीं है. इसलिए उद्योगपतियों को अपने राज्य में उद्योग लगाने के लिए उन्हें पानी, बिजली, सड़क, सुरक्षा, टैक्स देने की सुविधा देनी होगी. यदि ऐसा नहीं करेंगे तो फिर वहीं प्रश्न उठता है कि आपके राज्य में क्यों और किसके लिए उद्योग लगाएंगे. देश के जो राज्य विकास की बुलंदियों पर हैं उनके कई कारणों में एक कारण वहां सरकारों द्वारा, वहां के जागरूक समाज द्वारा औद्योगिक क्रांति को अपनाने के कारण, संपन्न और विकसित हो सके हैं. इस तरह की योजना की नींव सरकार में ऊपर बैठे राजनीतिज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी, जिनको देश- विदेश घूमने और उस योजना को अपने यहां लाने के लिए आमंत्रित करना है. यदि पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा जाएंगे तो सभी के पास अपने रोजगार हैं या किसी न किसी उद्योग से जुड़े हुए हैं. इसलिए उनकी रोजी तो लगी हुईं हैं और उनका और कैसे विकास हो इसलिए सदैव सोचते रहते हैं. उनका लक्ष्य सदैव अपने विकास और बच्चों की शिक्षा पर रहती है, इसलिए वे विकसित और दुनियादारी पर नजर रखते हैं और अपने विकास की मानसिकता को जगाकर कर रखते है. हम असत्य आचरण करके अपनी समृद्धि चाहते हैं, ईर्ष्या में अपने को जलाते रहते हैं जिसके कारण चाही हुई चीज नहीं मिलती और हम अपना नाश करते रहते हैं.

**(लेखक वरिष्ट पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

आज का इतिहास

1789 : पहली फेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना.
1862: अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत.
1888: फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया.
1897 : बाल गंगाधर तिलक गिरफ्तार किए गए.
1935 : चीन की यांग जी और होआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत.
1982 : तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 11 साल में पहली अमेरिकी यात्रा.
1987: खोजकर्ताओं ने टाइटैनिक का मलबा खोजा.
1994: निशानेबाज जसपाल राणा ने विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता.
1996 : अमेरिका के अटलांटा ओलंपिक खेलों के कार्यक्रम के दौरान बम धमाका.
2003 : दुनिया भर में अमेरिकी सैनिकों का मनोरंजन करने वाले बॉब होप का निधन.
2006 : रूसी प्रक्षेपण यान नेपर ज़मीन पर गिरा.

## दूसरों की नकल भी करो, तो अकल लगा कर करो

चिंतन

बहुत पुराने की बात है. एक बार दो गधे अपनी पीठ पर बोझा उठाए कहीं चले जा रहे थे, उनको काफी लंबा सफर तय करना था. एक गधे की पीठ पर नमक की भारी बोरियां लदी हुई थीं तो एक की पीठ पर रूई की बोरियां लदी हुई थीं.

जिस रास्ते से दोनों गधे जा रहे थे, उसके बीच में एक नदी पड़ी, नदी के ऊपर रेत की बोरियों का कच्चा पुल बना हुआ था. जिस गधे की पीठ पर नमक की बोरियां थीं, उसका पैर बुरी तरह से फिसल गया और वह नदी के अंदर गिर पड़ा. नदी में गिरते ही नमक पानी में घुल गया और उसका वजन हल्का हो गया. वह यह बात बड़ी प्रसन्नता से दूसरे को बताने लगा. दूसरे गधे ने सोचा कि यह तो बहुत बढ़िया युक्ति है, ऐसे में तो मैं भी अपना भार काफी कम कर सकता हूं और उसने बिना सोचे समझे पानी के अंदर छलांग लगा दी, किन्तु रुई के पानी सोख लेने के कारण उसका भार कम होने की जगह बहुत बढ़ गया, जिस कारण वह मूर्ख गधा पानी में ही डूब गया.

इस पूरी घटना को वहां बैठे एक संत भी अपने शिष्यों के साथ देख रहे थे, उन्होंने अपने शिष्यों से कहा- मनुष्य को सदा अपना विवेक जागृत रखना चाहिए, बिना अपनी बुद्धि लगाए दूसरों की नकल करके वैसा ही करने वाले सदा उपहास के पात्र बनते हैं. इस लिए हमेशा सावधानी बरतने चाहिए, नकल करने में.

मित्रों, हमारी असल जिंदगी में भी यही बात लागू होती है, हम किसी को एक क्षेत्र में सफल होते देख उसे कॉपी करना शुरू कर देते हैं, हमे लगता है कि यदि कोई बंदा अपने क्षेत्र में सफल हो गया, तो हमे भी उस क्षेत्र में सफलता मिल जाएगी. लेकिन हम शायद यह ध्यान नहीं देते कि उसकी पीठ पर नमक वाली बोरी है. मतलब उसका इंटरेस्ट अलग है और भूलवश हम रुई की बोरी को लादे छलांग लगा देते हैं. मतलब दूसरा टैलेंट या इंटरेस्ट को लादे उस क्षेत्र में सफल होने का ख्वाब देखते हैं, और अंततः हमें पछताना पड़ता है. इसलिए, दूसरों को देख कर सीखना तो ठीक है, पर उनका अंधा अनुसरण करना उस मूर्ख गधे के समान व्यवहार करना है.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #KargilVijayDiwas
2. कारगिल विजय
3. #SSCVendorFailure
4. #IndianArmy
5. Jai Hind
6. #SSCMisManagement
7. #DMKUruttugalumThiruttugalum
8. भारतीय सेना
9. अमर गाथा
10. Maturity

# बहुरंग



## जरीन खान, बूढ़ी हो रही हो, कब कर रही हो शादी?

जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इसके बाद एक्ट्रेस ने कई और फिल्मों में काम किया लेकिन उनका हिंदी फिल्मों में करियर चल नहीं पाया. एक्ट्रेस की प्रोफेशनल लाइफ तो खास नही रही वहीं पर्सनल लाइफ में भी उन्होंने ब्रेकअप का दर्द झेला. इन सबके बीच 38 साल की जरीन खान ने अपने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें उन्होंने अपनी शादी को लेकर बात की है. पोस्ट पर और एक कमेंट है जिसने बहुत ज्यादा ध्यान खींचा. शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो. इस पर एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए हंसते हुए कहा कि क्या शादी करके मैं जवान हो जाऊंगी? ज़रीन खान ने कहा,मुझे ये समझ नहीं आता कि ये हमारे देश में ही है या ये यूनिवर्सल प्रॉब्लम है. अगर इंसान लाइफ में फोकस नहीं है, काम-धंधा नहीं कर रहा है, तो फैमिली वालों का उसके लिए सॉल्यूशन होता है कि उसकी शादी करा दो. ये कैसे सॉल्यूशन हो सकता है. एक इंसान जो खुद की रिस्पॉन्सिबिलिटी नहीं ले पा रहा है निहत्थे का ख्याल नहीं रख पा रहा है उस पर तुम एक और इंसान ला दो. मुझे नहीं लगता कि ये वर्क करेगा. जरीन कहती हैं, फिर अगर बच्चा हाथ से निकल गया, लड़का या लड़की, जो हमारी सोसाइटी में आई थिंक पेरेंट्स के लिए सबसे ज्यादा डर की बात होती है कि अरे बच्ची हाथ से निकल गई तो उसका भी सॉल्यूशन ये है कि शादी करा दो.

## एक रोल से रातोंरात स्टार बन गया था ये एक्टर एकसाथ साइन की 40 फिल्में, फिर डूबा करियर



आज हम बात कर रहे हैं फिल्म 'मोहब्बतें' में अपनी मासूमियत और चार्मिंग लुक से दर्शकों का दिल जीतने वाले एक्टर जुगल हंसराज की. जो इस फिल्म से रातोंरात स्टार बन गए थे. लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि वो अचानक ही इंडस्ट्री से गायब हो गए. एक्टर के बर्थडे पर आज हम आपको उनकी कुछ दिलचस्प बातें बताएंगे. जानिए एकसाथ 40 फिल्में साइन करने के बाद उनका करियर क्यों डूबा. बहुत कम लोग ये बात जानते होंगे कि जुगल हंसराज का जन्म पूर्व क्रिकेटर प्रवीण हंसराज के घर हुआ था. लेकिन उन्होंने क्रिकेट में नहीं बल्कि एक्टिंग में अपना करियर बनाया. जुगल ने सिर्फ 10 साल की उम्र से एक्टिंग शुरू कर दी थी. उनकी पहली फिल्म साल 1983 में आई 'मासूम' थी. फिल्म में उन्होंने नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी के साथ काम किया था. इसके अलावा भी उन्होंने बचपन में कई फिल्में की.

फिर बतौर हीरो जुगल हंसराज को 'आ गले लग जा' में देखा गया. हालांकि उनकी ये फिल्म कुछ खास सफल नहीं हो पाई. फिर वो साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'मोहब्बतें' में शाहरुख खान संग दिखे और बॉक्स ऑफिस पर छा गए. इस फिल्म से उन्हें खूब फेम मिला और फिल्म ने शानदार कलेक्शन भी किया. यहां से जुगल हंसराज का करियर उड़ान भरने लगा और एक वक्त में तो उन्होंने एकसाथ 40 फिल्में साइन कर डाली. लेकिन फिर जल्द ही उनका बुरा दौर शुरू हो गया. दरअसल एक्टरने जो फिल्में साइन की थी. उनमें कुछ डिब्बा बंद हो गई तो कुछ शूट होकर भी रिलीज नहीं हुई. इसके बाद एक्टर 'मनहूस' कहा जाने लगा. बता दें कि इंडस्ट्री में जब उन्हें काम मिलना बंद हो गया तो एक्टर इंडिया छोड़कर न्यूयॉर्क शिफ्ट गए. हालांकि बीच-बीच में वो कई प्रोजेक्ट्स में नजर आए, लेकिन इनसे भी उन्हें खास सफलता नहीं मिल पाई. हाल ही में एक्टर को इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म 'नादानियां' में देखा गया था.

## बर्तन-कपड़ा धोकर सलमान खान की कोस्टार को मिलती थी पॉकेट मनी



बॉलीवुड में रणबीर कपूर समेत कई बड़े स्टार्स ऐसे हैं, जो करोड़ों के मालिक होकर भी अपने पेरेंट्स से पॉकेट मनी लेते हैं और उन्हें ये बहुत आसानी से मिल भी जाती है. लेकिन आज हम आपको जिससे रूबरू करवा रहे हैं, उस हीरोइन को अपनी मां से पॉकेट मनी लेने के लिए घर में कभी बर्तन धोने पड़ते थे, तो कभी बाथरूम साफ करना पड़ता था. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये वो हसीना हैं, जिन्होंने सलमान खान की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है. दरअसल हम बात कर रहे हैं सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से एक्टिंग में कदम रखने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी की, जो कि टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं.

दरअसल श्वेता हाल ही में भारती सिंह की पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जहां उन्होंने पलक को लेकर कई बड़े खुलासे किए. इसी दौरान उन्होंने एक्ट्रेस की पॉकेट मनी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया. श्वेता तिवारी ने बताया कि मैंने अपने बच्चों को पैसों की अहमियत करना सिखाया है. पलक के लिए मैंने हमेशा से ही बजट तय किया है. जैसी कि उसका बजट 25,000 रुपए है और अगर उसने 30,000 रुपए खर्च किए, तो उसे घर के काम करके इसकी भरपाई करनी पड़ती. इसके लिए वो 1000 रुपए में बाथरूम साफ करती, 500 रुपए में बिस्तर बनाती थी और बर्तन धोने के लिए उसे 1000 रुपए मिल जाते थे. जब भी उसे बजट से ज्यादा खर्च करना होता, तो वो एक्स्ट्रा काम करती थीं. श्वेता तिवारी ने ये भी बताया कि उन्होंने पलक के लिए घर में रूल बना रखे हैं.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## सैयारा का कमाई का सिलसिला जारी



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' ने रिलीज के साथ ही सिनेमाघरों में तहलका मचा दिया है. 18 जुलाई को रिलीज हुई इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया है. फिल्म को देखने के लिए कामकाजी दिनों में भी दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और यह लगातार नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. अब 'सैयारा' की आठवें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं.

फिल्म 'सैयारा' ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए पहले दिन 21.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी. देखते ही देखते इसने पहले हफ्ते के भीतर 172.75 करोड़ रुपये का शानदार आंकड़ा पार कर लिया. अब बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के आठवें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 18 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. इस आंकड़े के साथ 'सैयारा' की कुल कमाई अब 191.21 करोड़ रुपये हो चुकी है. खासकर शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिल सकता है. फिल्म 'सैयारा' से दिग्गज अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना अभिनय डेब्यू किया है. वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में अनीत पड्डा ने बतौर लीड एक्ट्रेस अपनी शुरुआत की है. दोनों की फ्रेश केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है.




**मेष :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-5-8-9

**वृष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. थाड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. शुभांक-3-6-9

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. बौदि्घक उलझनें बनी रहेगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. शुभांक-5-7-8

**सिंह :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-2-6-9

**कन्या :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृदि्घ होगी. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृदि्घ होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-2-5-7

**तुला :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिदि्घ के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिदि्घ का योग है. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृदि्घ होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-5-7-9

**धनु :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-3-5-7

**मकर :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुदि्घतत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. शुभांक-3-4-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-4-7-9

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. पूरा दिन आशा-निराशा के बीच बीतने का योग है. शुभांक-3-5-7

### ब्रीफ न्यूज

#### चार वाहनों की भीषण टक्कर, ट्रक चालक फंसा

**कैमूर।** दुर्गावती थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एनएच-19 पर कुलहड़िया मोड़ के पास चार वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक ट्रक ड्राइवर फंस गया. घटना शनिवार सुबह लगभग 4:30 बजे हुई. मोहनिया से वाराणसी की ओर जा रहा तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक सड़क किनारे खड़ी मैजिक गाड़ी से टकराया. टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक ने मैजिक को घसीटते हुए आगे खड़े लोहा लदे दो ट्रकों से टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बालू लदे ट्रक का ड्राइवर अपनी गाड़ी में फंस गया, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने देखा और तुरंत पुलिस तथा एनएचएआई टीम को सूचना दी.

#### एंबुलेंस में जा रही बेहोश महिला से हुआ गैंगरेप

**गया।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान एक महिला बेहोश हो गई और उसे अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस में ले जाया जा रहा था, तभी एंबुलेंस में उसके गैंगरेप किया गया. यह घटना 24 जुलाई को बोधगया में बिहार सैन्य पुलिस मैदान में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान हुई. बताया जाता है कि महिला शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश हो गई थी. जिसके बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था. पीड़िता का आरोप है कि एंबुलेंस में उसके साथ कई लोगों ने बलात्कार किया, जबकि वह बेहोश थी. महिला के बयान के आधार पर बोधगया पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है.

#### 75 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार हुआ

**मुंगेर।** पुलिस की सतर्कता और तत्परता ने बड़ी तस्करी की साजिश को नाकाम कर दिया है. धपरी असरगंज मुख्य मार्ग के बेराय गांव के पास 75 किलो गांजा के साथ एक गांजा तस्कर बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्कर बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल का रहने वाला है और वह बेगूसराय से गांजा लेकर मुंगेर के तारापुर में सप्लाई करने के मकसद से जा रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कच्ची कांवरिया पथ के रास्ते मुंगेर में गांजे की बड़ी खेप आने वाली है. इस सूचना के आधार पर एसपी के आदेश पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई और सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया.

### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने चुनाव आयोग के एसआईआर का किया समर्थन, बताया

# लोकतंत्र को मजबूत करनेवाली संवैधानिक प्रक्रिया

**शुभम संदेश। पटना**



केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरी तरह से समर्थन देते हुए इसे लोकतंत्र को मजबूत करने वाली संवैधानिक प्रक्रिया बताया है. सिंह ने केंद्र समेत बिहार में तेजस्वी यादव द्वारा किये जा रहे सवाल पर करारा जवाब दिया.
उन्होंने इस पहल को गैर-नागरिकों, डुप्लिकेट मतदाताओं और स्थायी रूप से विदेश में रहने वाले मतदाताओं को सूची से हटाने के लिए आवश्यक करार दिया. सिंह ने विपक्ष के इस विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या फ़र्ज़ी मतदाताओं के साथ चुनाव होने चाहिए? उन्होंने जनता के व्यापक समर्थन पर भी ज़ोर दिया. पत्रकारों से बातचीत के दौरान ललन सिंह ने कहा, चुनाव आयोग का निर्णय है कि एक विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा, जिसके तहत उन लोगों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा जो इस देश के नागरिक नहीं हैं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम दो अलग-अलग जगहों पर मतदाता सूची में हैं, उन्हें हटाया जाएगा. इसके अलावा, विदेश में स्थायी रूप से रह रहे लोगों के नाम मतदाता सूची में बने रहना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह से संविधान के अनुरूप है और इससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी. जदयू नेता ने कहा, देश के मतदाता भी इस पहल का समर्थन करते हैं, इसलिए विपक्ष इस मुद्दे पर क्यों डर रहा है? उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है और इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता बेहतर होगी.
वहीं, इस मामले पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल तब ही उठाए जाते हैं जब विपक्ष को चुनाव हारने का डर सताने लगे. जोशी ने महाराष्ट्र चुनाव के बाद भी ऐसे आरोप लगाए जाने की बात कही और कांग्रेस पर चुनाव हार से पहले बहाने बनाने का आरोप लगाया. इस बीच, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी संसद के मकर द्वार पर जारी रहा.

इस विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी भाग लिया. विपक्ष का कहना है कि यह पुनरीक्षण प्रक्रिया मनमानी और राजनीतिक एजेंडे के तहत की जा रही है, जिससे कई वाजिब मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं. उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है और इसे वापस लेने की मांग की है. वहीं, सरकार इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बता रही है. विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को साफ़-सुथरा और सटीक बनाना है ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी हो सकें. चुनाव आयोग का कहना है कि इस प्रक्रिया से वोटिंग प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ेगी और किसी भी प्रकार के अवैध मतदान को रोका जा सकेगा. इस पूरे घटनाक्रम ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है, खासकर बिहार जैसे संवेदनशील राज्यों में जहां आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक सक्रियता चरम पर है. इसके साथ ही यह मुद्दा आगामी विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों के बीच बहस का केंद्र बना हुआ है. कुल मिलाकर, चुनाव आयोग का यह कदम देश में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है.

## अपराधी अजय नट के साथ मुठभेड़, पैर में लगीं दो गोलियां

**एजेंसियां। गोपालगंज**

- पुलिस के मुताबिक अजय नट नट गिरोह का प्रमुख सदस्य है और उस पर गोपालगंज, सीवान, सारण और उत्तर प्रदेश में लूट, छिनतई और हत्या के प्रयास जैसे करीब तीन दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं.

मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाला के पास पुलिस और कुख्यात नट गिरोह के 25 हजार के इनामी अपराधी अजय नट के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में अजय नट के पैर में दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित ने खुद अस्पताल पहुंचकर जख्मी अपराधी से पूछताछ की. जानकारी के अनुसार, अजय नट सारण जिले के दाऊदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा बिंदु टोली गांव निवासी रामनाथ नट का बेटा है. एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि अजय नट को शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तारी के बाद उसे गोपालगंज लाया गया था. शनिवार की सुबह मीरगंज थाना पुलिस उसे हथियारों की बरामदगी के लिए जिगना ढाला ले जा रही थी. इसी दौरान अजय नट ने पुलिस पर छिपाए गए हथियार से फायरिंग कर दी. पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें अजय नट के पैर में दो गोलियां लगीं. वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा. पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस के मुताबिक अजय नट नट गिरोह का प्रमुख सदस्य है और उस पर गोपालगंज, सीवान, सारण और उत्तर प्रदेश में लूट, छिनतई और हत्या के प्रयास जैसे करीब तीन दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं. इससे पहले पुलिस ने उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि इस मुठभेड़ से नट गिरोह की वारदातों में कमी आने की उम्मीद है. पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने का भरोसा दिया है.

### चिराग पासवान ने तेजस्वी को दिया चुनाव बहिष्कार की खुली चुनौती, कहा

## हिम्मत हो तो अकेले लड़ें चुनाव

**शुभम संदेश। पटना**



पटना में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार के बयान पर जमकर हमला बोला. चिराग पासवान ने तेजस्वी को खुली चुनौती दी कि अगर हिम्मत है तो चुनाव बहिष्कार कर दिखाएं. उन्होंने कहा कि राजद बिहार की सबसे पुरानी पार्टी है और 15 साल तक सत्ता में रही है, फिर भी उसमें इतनी हिम्मत नहीं कि वह अकेले चुनाव लड़ सके. ऐसे में जो अकेले चुनाव नहीं लड़ सकते, वे चुनाव बहिष्कार की बात क्या करेंगे. चिराग पासवान ने विपक्ष की किरकिरी करते हुए कहा कि ये राजनीतिक दल चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं रखते, इसलिए वे बहिष्कार की बात करते हैं. उन्होंने बताया कि राजद की गठबंधन कांग्रेस से भी है, जो देश की सबसे पुरानी पार्टी है, लेकिन कांग्रेस में भी अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है. इसके विपरीत, चिराग पासवान ने खुद 2020 में अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत दिखाई, जबकि तब उनके नेता का निधन हुआ था और पहले चरण के नामांकन चल रहे थे.

उन्होंने कहा, अगर विपक्ष में भी हिम्मत है तो अकेले चुनाव लड़कर दिखाएं. जो अकेले चुनाव नहीं लड़ सकते, वे बहिष्कार की बात क्यों करें? चिराग ने विपक्ष की राजनीति को डराने-धमकाने की आदत बताते हुए कहा कि विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भी मोदी सरकार को डराने की कोशिश की थी. विपक्ष ने दावा किया था कि अगर मोदी फिर से सत्ता में आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी और संविधान समाप्त हो जाएगा. लेकिन सरकार को एक साल हो गया, किसका आरक्षण छिना? कहां लोकतंत्र खत्म हुआ? कहां संविधान खत्म हुआ? चिराग पासवान ने बताया कि एसआईआर (स्पेशल इंडस्ट्रीयल रिजर्व) को लेकर जो भ्रम फैलाया गया, वही नागरिकता कानून को लेकर भी फैलाया गया था. विपक्ष ने नागरिकता देने वाले कानून को छीनने वाला कानून बता कर डराया था.

### न्यूज अपडेट

#### उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

**वैशाली।** महनार थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और मारपीट कर हमला कर दिया. यह घटना महनार स्टेशन रोड के पास तब हुई जब टीम ने शराब पीते दो लोगों को गिरफ्तार किया था. गुस्साए ग्रामीणों ने टीम को घेरकर पथराव शुरू कर दिया, जिससे उत्पाद विभाग का वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हमले में उत्पाद निरीक्षक कुमारी पल्लवी, होमगार्ड जवान देवनाथ सिंह, ड्राइवर चंदन कुमार और सुजीत कुमार घायल हो गए. जख्मियों को महनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है. होमगार्ड जवान देवनाथ सिंह ने बताया कि वे गांव में गश्त कर रहे थे, तभी कुछ लोगों को शराब पीते पकड़ा गया. दो लोगों को गिरफ्तार करने पर ग्रामीणों ने टीम को घेर लिया और हमला कर दिया. उनका हाथ गंभीर रूप से घायल हुआ है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच-पड़ताल में जुट गई है. इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है.

#### पत्रकारों को हर महीने मिलेगी 15 हजार रुपए पेंशन

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों के लिए बड़ी सौगात का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत पात्र पत्रकारों को अब हर महीने 15 हजार रुपए पेंशन मिलेगी, जो पहले 6 हजार रुपए थी. यह बढ़ोतरी पत्रकारों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सम्मान देने के मकसद से की गई है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों की मृत्यु के बाद उनके आश्रित पति या पत्नी को भी अब 3 हजार रुपए की जगह 10 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी. इस कदम से पत्रकारों के परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उन्हें बेहतर सुरक्षा मिलेगी. नीतीश कुमार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और समाज में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. सरकार उनकी सुविधा और सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार पत्रकारों के हित में विभिन्न योजनाओं को मजबूत कर रही है ताकि वे निर्भीक होकर अपनी भूमिका निभा सकें. यह पेंशन योजना बिहार के पत्रकारों के लिए एक बड़ी राहत और प्रोत्साहन साबित होगी. इससे न केवल पत्रकारों को आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि उनके परिवार भी सुरक्षित महसूस करेंगे. मुख्यमंत्री का यह फैसला चुनावी माहौल में पत्रकारों को सम्मान देने और उनके साथ संवेदनशीलता दिखाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है.

#### इलेक्ट्रिक दुकान पर अपराधियों ने की फायरिंग

**नवादा।** एक बार फिर अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया. हिसुआ थाना क्षेत्र के दरबार चौक के पास स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान पर हथियारबंद अपराधियों ने न सिर्फ फायरिंग की, बल्कि दुकानदार पर हेलमेट से हमला भी किया. घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार नीरज प्रकाश ने बताया कि दो बाइक पर सवार छह युवक उनकी दुकान पर पहुंचे थे. एक युवक ने दुकान में आकर पंखे का स्विच मांगा. जब नीरज ने मॉडल नंबर पूछा, तो युवक भड़क उठा और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने लगा. विरोध करने पर उसने नीरज के सिर पर हेलमेट से वार कर दिया जिससे उनका सिर फट गया. इस बीच अन्य युवक दुकान के बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए फरार हो गए. गनीमत रही कि इस गोलीबारी में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ. दुकान मालिक का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, इसलिए इस हमले का कोई कारण समझ नहीं आ रहा.

#### संपत्ति विवाद में पत्नी की गला रेतकर हत्या की

**गोपालगंज।** कुचायकोट थाना क्षेत्र स्थित बेदोली गांव में संपत्ति विवाद एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी. स्थानीय निवासी बाहरण यादव ने हाल ही में अपने पिता महंत यादव की पुश्तैनी संपत्ति और घर को बेच दिया, जिससे उसकी पत्नी गंभीर रूप से नाराज़ थी. इस बात को लेकर घर में पहले भी विवाद होता रहा था.पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी. कुछ दिन पहले उसे मनाकर वापस लाया था, लेकिन पुरानी कड़वाहट फिर से उभर आई. शनिवार देर रात दोनों के बीच फिर से बहस हुई. गुस्से में आकर बाहरण ने धारदार हथियार से पत्नी का गला रेत डाला.महिला की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही कुचायकोट थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे.डीएसपी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

## कारोबार

#### भारत की इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग स्कीम पर संकट के बादल

**नयी दिल्ली।** चीन की ओर से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई में रुकावट का असर अब भारत में दिखने लगा है. इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत आवेदन करने वाली कुछ कंपनियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर यह स्थिति अगले छह महीनों तक बनी रही, तो वे प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट से जुड़े लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएंगी. इससे 22,919 करोड़ रुपये की यह महत्वाकांक्षी स्कीम विफल हो सकती है.

#### छोटे व्यापारी बंद कर रहे हैं यूपीआई पेमेंट लेना

**नयी दिल्ली।** इन दिनों सरकार का अप्रत्यक्ष कर विभाग यानी जीएसटी विभाग बेहद सक्रिय हो गया है. कारोबारियों का टर्नओवर अगर कुछ हजारों या लाखों तक भी पहुंचता है, तो उन्हें टैक्स डिमांड या नोटिस भेजा जा रहा है. यही वजह है कि देशभर खासकर दक्षिण भारत के कई शहरों में छोटे व्यापारी अब यूपीआई पेमेंट लेना ही बंद कर रहे हैं. दिल्ली-एनसीआर में भी इसका असर देखा जा रहा है.

### भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिली राहतः चीनी निवेश पर सरकार नरम

# डिक्सन-लॉन्गचीयर जेवी को मंजूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही चीन और भारत पर निशाना साध रहे हों, लेकिन भारत में हालात कुछ और ही तस्वीर दिखा रहे हैं. भारत और चीन के रिश्तों में लंबे समय से तनाव बना हुआ है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी झड़प के बाद. इसके चलते भारत सरकार ने चीन से आने वाले निवेश पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए थे. लेकिन अब लगता है कि मोदी सरकार चीन को लेकर अपने रुख में कुछ नरमी लाने को तैयार है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में. एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज और चीन की लॉन्गचीयर इंटेलीजेंस के बीच हुए संयुक्त उद्यम (जेवी) को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. इस जेवी में डिक्सन की 74% और लॉन्गचीयर की 26% हिस्सेदारी होगी. इस कदम को भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए बड़ा बूस्ट माना जा रहा है, क्योंकि यह संकेत देता है कि चीनी कंपनियों को फिर से भारतीय बाजार में टेक्नोलॉजी के साथ साझेदारी का मौका मिल सकता है. डिक्सन को मिली इस मंजूरी के बाद अन्य भारतीय कंपनियों जैसे इपैक, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, अंबर इंटरप्राइजेज और कार्बन मोबाइल ने भी चीनी कंपनियों के साथ साझेदारी की योजना बनानी शुरू कर दी है. इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग चीनी तकनीक और निवेश का लाभ उठाकर खुद को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है.

पीजी के एमडी (ऑपरेशंस) विकास गुप्ता का कहना है कि डिक्सन को मिली मंजूरी इंडस्ट्री के लिए सकारात्मक संकेत है. उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों को चीनी टेक्नोलॉजी और अनुभव की जरूरत है, जिससे उत्पादन गुणवत्ता और क्षमता दोनों को बेहतर बनाया जा सके. मोदी सरकार ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि वह केवल असेंबली यूनिट्स नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और रिसर्च पर आधारित निवेश को प्रोत्साहित करेगी. नीति आयोग ने भी चीन से निवेश पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का सुझाव दिया है. एक रिपोर्ट में बताया गया था कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में चीन से निवेश को लेकर समर्थन दे सकती है. सरकार का यह नरम रुख तब सामने आया जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की. यह बैठक कई वर्षों में दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय बातचीत के रूप में देखी गई. इसके तुरंत बाद भारत ने पांच साल में पहली बार चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करना भी फिर से शुरू किया.

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर की चीन पर भारी निर्भरता भी सरकार को नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर रही है. भारत में आयात होने वाले लगभग 70-75% इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स चीन से आते हैं. बाकी ताइवान, थाईलैंड, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों से आते हैं, लेकिन इनका भी एक बड़ा हिस्सा चीनी कंपनियों द्वारा ही निर्मित होता है. 2020 के बाद लागू हुए पीएन3 नियमों के तहत चीन जैसे सीमावर्ती देशों के निवेशकों को भारत में निवेश के लिए विभिन्न विभागों से मंजूरी लेनी होती है. हालांकि, मौजूदा माहौल में यह स्पष्ट है कि अगर निवेश टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और भारत में निर्माण को बढ़ावा देने वाला हो, तो उसे समर्थन मिल सकता है.

डिक्सन-लॉन्गचीयर जेवी को मिली मंजूरी ने भारतीय उद्योग जगत में नई उम्मीद जगा दी है. यह न केवल निवेश को गति देगा बल्कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक निर्माण को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा. अब सबकी नजरें इस जेवी की सफलता पर और सरकार की आगे की नीतियों पर टिकी हैं.

#### मस्क की बादशाहत खतरे में, लैरी बना रहे फासला



**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुर्सी अब खतरे में नजर आ रही है. इस साल उनकी नेटवर्थ में भारी गिरावट दर्ज की गई है. ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के अनुसार टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में इस साल 70.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है और अब उनकी कुल नेटवर्थ 362 अरब डॉलर रह गई है. इस बीच टेक कंपनी ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन तेजी से मस्क के करीब पहुंच रहे हैं. उनकी कुल नेटवर्थ अब 296 अरब डॉलर हो गई है. इस साल एलिसन की संपत्ति में 104 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है और उन्होंने औसतन हर दिन करीब 500 मिलियन डॉलर (करीब 4,322 करोड़ रुपये) कमाए हैं. अब मस्क और एलिसन के बीच केवल 66 अरब डॉलर का अंतर रह गया है. 80 वर्षीय एलिसन की कंपनी ओरेकल में 40% से अधिक हिस्सेदारी है.

### पेज एक का शेष

#### वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल ...

बगैर किसी सरकारी फंड और सरकार के भरोसे गांव वाले खुद जल, जंगल और जमीन की रक्षा बिर होरो नीः (जंगल का रखवाला) जैसी परंपरागत पद्धतियों से करते आ रहे हैं. जंगल को आग से बचाने के लिए लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ततहा ग्राम सभा ने अपने जंगल में फायर लाइन बनाया है. इस फायर लाइन में ग्राम सभा अपने सीमा क्षेत्र में 10 फुट चौड़ी लाइन में सूखे पत्ते और झाड़ियों को अच्छी तरह साफ किया गया और छोटी झाड़ी, घास फूस को भी. ताकि दूसरी ग्राम सभा के जंगल से यदि आग फैलते हुए आएं तो अपने ग्राम सभा की तरफ न बढ़ सकें. वैज्ञानिक रूप से साबित है कि आग 10 फीट खाली जगह से पार होकर आगे नहीं बढ़ पाती है. इससे ग्राम सभा ने अपने जंगल को आग से बचाया. ग्राम सभा लोगों ने फायर लाइन गांव चारों तरफ सीवाना में करीब 10 किमी से भी अधिक फायर लाइन बनाई है. यह काम ग्राम सभा सामुदायिक वन प्रबंधन के अन्तर्गत हुआ है. सामुदायिक वन संरक्षण के ये कुछ उदाहरण मात्र हैं. झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों में ऐसे सैकड़ों पहल ग्राम सभाओं द्वारा किये गये हैं. वनधिकार पर यह आरोप भी लगता रहा है कि इससे 'भूमि हड़प' या अतिक्रमण बढ़े हैं, लेकिन सरकारी आंकड़े दिखाते हैं कि अधिकांश मामलों में दिए गए भूमि अधिकार सीमित आकार के हैं और बड़े भूखंडों का हस्तांतरण बेहद कम हुआ है. अध्ययन दर्शाते हैं कि जिन जिलों-राज्यों में सामुदायिक वनाधिकार लागू हुए, वहां जैव विविधता एवं वन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है. आदिवासी समाज जंगल को 'आजीविका' नहीं, 'आस्तित्व' मानता है; उसका संरक्षण, संवर्धन और पुनःस्थापन उनकी संस्कृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है.

**कौन कर रहा है जंगलों का नुकसान? :** असली संकट बड़ी परियोजनाओं और वन भूमि डायवर्जन से है. आंकड़े बताते हैं कि वाणिज्यिक परियोजनाएं वन क्षेत्र का सबसे ज्यादा ह्रास कर रही हैं. 2006-2022 के बीच फॉरेस्ट क्लियरेंस रिपोर्ट बताती है कि करीब 14,000 वर्ग किमी से अधिक वन भूमि का डायवर्जन किया गया है. ये डायवर्जन कोयला खनन, बांध परियोजनाओं और रेल/सड़क निर्माण के लिए किये गए हैं. यह वनाधिकार के अंतर्गत हुए दावों से कई गुना अधिक वन ह्रास को दर्शाता है. आंकड़े बताते हैं कि जंगल कटाई के प्रमुख कारणों में खनन का योगदान लगभग 30%, बड़े बांध और उद्योग का योगदान 25%, वाणिज्यिक लकड़ी कटाई का योगदान 15%, आग, चराई, जलवायु प्रभाव 10% है जबकि स्थानीय समुदायों की गतिविधि का योगदान 5% से भी कम है. जमीन और समुदायों के संबंध पर नजर रखने वाली संस्था 'लैंड कॉन्फ्लिक्ट वॉच' के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि ग्राम सभाओं से मंजूरी नहीं मिलने की वजह से देश में खनन, स्टील और पावर सेक्टर में होने वाले लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ का निवेश फंस गया है. और लगभग 47 लाख हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण लंबित है. वनाधिकार कानून की आलोचना का यही मूल प्रश्न है. वनाधिकार कोई 'लाइसेंस टू किल फॉरेस्ट' नहीं, बल्कि 'लाइसेंस टू सेव फॉरेस्ट' है. यह जंगल और जंगलवासियों के बीच टूटे हुए रिश्ते को जोड़ने की कोशिश है, जो ब्रिटिश वन कानूनों और उसके उपरांत संरचनात्मक दमन से टूटा था.

### गिरावट

### विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट, एफसीए व एसडीआर में कमी

# भारत का भंडार घटकर $695.489 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है. यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब देश के फॉरेक्स रिजर्व में गिरावट दर्ज की गई है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $1.183 अरब की कमी आई है. इस गिरावट के बाद अब देश का कुल भंडार घटकर $695.489 अरब डॉलर पर आ गया है. इससे पिछले सप्ताह (11 जुलाई को समाप्त सप्ताह) में भी $3.064 अरब की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी. अगर रिकॉर्ड स्तर से तुलना करें तो यह भंडार अब तक $9.396 अरब की गिरावट देख चुका है. गौरतलब है कि 27 सितंबर 2024 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार $704.885 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था. विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे अधिक कमी फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) में दर्ज की गई है. 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में एफसीए में $1.201 अरब की गिरावट आई है, जिससे इसका कुल मूल्य घटकर $587.609 अरब रह गया है. एक सप्ताह पहले भी इसमें $2.477 अरब की भारी गिरावट दर्ज हुई थी. एफसीए विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होता है और इसमें यूरो, येन, पाउंड जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का असर भी शामिल होता है. जहां एफसीए और अन्य मदों में गिरावट देखी गई है, वहीं सोने के भंडार में मामूली बढ़त दर्ज की गई है.
समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान देश के गोल्ड रिजर्व में $150 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है. इससे एक सप्ताह पहले इसमें $737 मिलियन की कमी आई थी, जबकि उससे पहले चार जुलाई को $342 मिलियन की वृद्धि दर्ज की गई थी. अब देश का कुल सोने का भंडार बढ़कर $84.499 अरब डॉलर हो गया है. स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में भी गिरावट का रुख जारी है. 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में एसडीआर में $119 मिलियन की कमी दर्ज की गई, जिससे इसका कुल मूल्य घटकर $18.683 अरब डॉलर रह गया है. इससे पहले सप्ताह में एसडीआर में $66 मिलियन की गिरावट हुई थी. इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास जमा भारत के भंडार में भी $13 मिलियन की कमी आई है, जिससे इसका मूल्य घटकर $4.698 अरब डॉलर रह गया है.

लगातार तीन सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट भारत के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से एक अहम संकेत है. इसमें वैश्विक वित्तीय बाजारों की अस्थिरता, डॉलर की मजबूती और आयात बढ़ने जैसे कई कारण हो सकते हैं. यह स्थिति विदेशी निवेशकों के लिए भी एक निगाह रखने योग्य कारक बन गई है.

#### भारत का विनिर्माण पीएमआई 17.5 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** जुलाई में भारत की विनिर्माण गतिविधियां 17.5 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं. एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया, जबकि जून में यह 58.4 था. यह उल्लेखनीय उछाल घरेलू और वैश्विक मांग की मजबूती को दर्शाता है, जो विनिर्माण क्षेत्र में तेज वृद्धि का संकेत देता है. सिर्फ विनिर्माण ही नहीं, बल्कि सेवा क्षेत्र का पीएमआई भी जुलाई में 60.7 तक पहुंच गया, जो पिछले एक वर्ष में सबसे तेज वृद्धि है. इस वृद्धि के पीछे तेज मांग, तकनीकी निवेश और उत्पादन क्षमताओं के विस्तार का बड़ा योगदान है. खासतौर पर सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी मजबूती आई है.

### भारतीय गेंदबाजी की आलोचना पर मोर्ने मोर्कल ने चयन रणनीति का किया बचाव

# गेंदबाज कुलदीप यादव को लेकर मोर्कल ने दी सफाई

एजेंसी ।मैनचेस्टर

इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारत को गेंदबाज़ी में संघर्ष करना पड़ा, खासकर तब जब टीम ने पिछले दस वर्षों में पहली बार एशिया और वेस्ट इंडीज के बाहर किसी मैच में 500 से अधिक रन लुटाए. इस प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कई तीखे सवालों का सामना किया. हालांकि उनके पास सभी सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं थे—जैसे कि गेंदबाजों की घटती रफ्तार, शार्दुल ठाकुर का ऑलराउंडर के रूप में चयन और वॉशिंगटन सुंदर को देर से गेंदबाजी देना—लेकिन उन्होंने इतना जरूर साफ किया कि टीम चयन में बल्लेबाज़ी को अतिरिक्त गहराई देने को प्राथमिकता दी गई है.कुलदीप



यादव को अब तक इस दौरे पर एक भी टेस्ट में मौका नहीं मिला है, जिस पर मोर्कल से दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बार सवाल पूछा गया. उन्होंने कहा, ₹मुद्दा यह है कि टीम का संतुलन कैसे बने और बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कैसे रखा जाए. कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन बल्लेबाजी को लेकर संतुलन बैठाना कठिन हो जाता है.उन्होंने यह भी कहा कि टीम इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए स्कोरबोर्ड पर 400 से अधिक रन चाहती है, इसलिए बल्लेबाजी में गहराई जरूरी है.मोर्कल ने जोड़ा, ₹हमारे टॉप छह बल्लेबाज़ों से लगातार रन चाहिए ताकि हम कुलदीप जैसे स्ट्राइक बॉलर को टीम में ला सकें,

**क्या भारत रक्षात्मक हो गया है ? :** जब उनसे पूछा गया कि भारत इतना रक्षात्मक क्यों खेल रहा है और क्या स्ट्राइक गेंदबाजों को खिलाकर रन का बोझ कम नहीं किया जा सकता, तो उन्होंने जवाब दिया, ₹ये विकल्प हमारे सामने होते हैं. लेकिन अब तक की टेस्ट सीरीज़ में हमारे स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है. लॉर्ड्स टेस्ट हम लगभग जीत ही गए थे और एजबेस्टन टेस्ट भी शानदार था.₹

**गेंदबाजों की रफ्तार और ऊर्जा पर चिंता :** दूसरे दिन भारत की गेंदबाज़ी काफी साधारण रही और मोर्कल ने स्वीकार किया कि गेंदबाज़ी इकाई बहुत ज़्यादा प्रयास करने लगी थी, जिससे लाइन-लेंथ बिगड़ी. उन्होंने कहा कि तीसरे दिन गेंदबाज़ों की लाइन बेहतर रही, लेकिन गेंद में वह ₹ऊर्जा₹ नहीं दिखी जो विकेट निकालने के लिए ज़रूरी होती है.उन्होंने कहा, ₹फ्लैट विकेटों पर आपको गेंद में थोड़ी अतिरिक्त तेजी और ऊर्जा चाहिए होती है ताकि आप कैच आउट या एलबीडब्ल्यू के मौके बना सकें.

### अंशुल कांबोज को डेब्यू क्यों?

अंशुल कांबोज को सीधे उड़ान से बुलाकर प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल करने पर मोर्कल ने कहा, ₹हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था जो लंबी स्पेल फेंक सके और ऑफ स्टंप के आसपास सटीक गेंदबाजी कर सके. कांबोज ने इंडिया ए टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया और घरेलू क्रिकेट में भी प्रभावशाली रहे हैं. इसलिए उन्हें मौका दिया गया.₹

### शार्दुल और वॉशिंगटन के इस्तेमाल पर सफाई

शार्दुल ठाकुर को ज्यादा गेंदबाजी नहीं दी गई, जिस पर मोर्कल ने कहा कि चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलना फिट नहीं बैठता जब रनरेट 5 प्रति ओवर हो.उन्होंने कहा,₹ऐसे समय में कप्तान विकेट लेने के लिए अपने स्ट्राइक बॉलर्स को वापस लाना चाहता है.वहीं वॉशिंगटन सुंदर को आखिर में गेंदबाजी दी गई, जहां उन्होंने दो विकेट लेकर कुछ नियंत्रण भी दिखाया. इस पर मोर्कल ने कहा, ₹शुभमन गिल ने शुरुआत में सीमर्स को तरजीह दी, क्योंकि शुरुआत में गेंद मूव कर रही थी. लेकिन जब वॉशिंगटन को मौका मिला, उन्होंने अच्छा काम किया.

## जो रूट हर पारी के साथ निपुण होते जा रहे हैं: जोनाथन ट्रॉट

एजेंसी ।नई दिल्ली



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पहली पारी में 150 रन बनाए. इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट के मुताबिक यह करिश्माई खिलाड़ी हर पारी के साथ अपने खेल में निपुणता हासिल कर रहा है. जो रूट टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं. जो रूट इस मामले में रिकी पोंटिंग (13,378), जैक्स कैलिस (13,289) और राहुल द्रविड़ (13,288) को पछाड़ चुके हैं. इस फेहरिस्त में सचिन तेंदुलकर (15,921) टॉप पर हैं.

जोनाथन ट्रॉट ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, ₹जो रूट का तरीका बेहद शानदार है. आप उन्हें अचानक तेजी से गियर बदलते हुए नहीं देखते. हालांकि, जब 'बैजबॉल' की शुरुआत हुई थी, तो उन्होंने थोड़ा प्रयोग जरूर किया. रूट ने सीमर्स के खिलाफ रैंप शॉट्स खेले, रिवर्स स्कूप्स भी लगाए, लेकिन अब उन्होंने वह सब छोड़ते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है. शायद उस आक्रामक दौर की कुछ झलक अब भी उनके खेल में हो, लेकिन कुल मिलाकर रूट वैसा ही खेलते हैं, जो उनके लिए सबसे ज्यादा कारगर है.उन्होंने कहा, ₹जब विपक्षी टीम कड़ी टक्कर नहीं देती, तो रूट क्रीज पर डट जाते हैं.

### चाइना ओपन : सात्विक-चिराग सेफा में पहुंचे

# उन्नति का सफर खत्म

एजेंसी ।चांगझोउ

भारतीय बैडमिंटन सितारे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने वैश्विक सर्किट पर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को शानदार जीत के साथ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. युवा उन्नति हुड्डा का शानदार सफर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थम गया.

दुनिया की तीसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी, सात्विक और चिराग ने मलेशिया के ओंग येव सिन और टियो ई यी को सीधे गेमों में हराकर केवल 40 मिनट में 21-18, 21-14 से जीत हासिल की. भारतीय जोड़ी ने पूरे मैच में अपने खास आक्रामक अंदाज और सहज खेल का प्रदर्शन किया. इस जीत के साथ, उन्होंने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 7-3 तक सुधार लिया.पहले गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन सिन और यी ने वापसी करते हुए अंतर कम कर दिया. भारतीयों ने अपना संयम बनाए रखा और 21-18 से गेम अपने नाम कर लिया. दूसरे गेम में, दोनों जोड़ियां 15-14 तक बराबरी पर रहीं, उसके बाद सात्विक और चिराग ने अपना रुख बदला और लगातार छह



अंक जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. यह साल का उनका चौथा सेमीफाइनल है, और अब उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आरोन चिया और मलेशिया की सोह वूई यिक से होगा, जो एक बेहद रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है. दूसरी ओर, 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा का टूर्नामेंट में शानदार सफर जापान की दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची के हाथों हारकर खत्म हुआ.

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में हराने वाली उन्नति को महज 33 मिनट में 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा.अपने जोशीले प्रयास के बावजूद, उन्नति को यामागुची की अथक गति और सटीक शॉट-मेकिंग के सामने लय बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा. हालांकि उन्होंने शुरुआती गेम में मुकाबला कड़ा बनाए रखा, लेकिन यामागुची के लगातार जल्दी-जल्दी अंक बनाने से मुकाबला पलट गया. दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही, जहां यामागुची का अनुभव युवा भारतीय के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ.उन्नति के बाहर होने के साथ, टूर्नामेंट में भारत की एकल चुनौती समाप्त हो गई है. अब सभी की निगाहें सात्विक और चिराग पर हैं.

### डीसी ओपन : ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु व कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज सेमीफाइनल में

# शेल्टन और डी मिनौर पुरुष वर्ग के अंतिम चार में

एजेंसी ।वॉशिंगटन

ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. 2021 यूएस ओपन चैंपियन बनने के बाद यह उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जहां वह अंतिम चार में पहुंची हैं. शुक्रवार को खेले गए महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में राडुकानु ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-4, 7-5 से हराया.गर्मी और उमस भरे दिन में (तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार), राडुकानु को दूसरे सेट में 2-5 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा. इसके बावजूद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच अपने नाम किया.राडुकानु ने मैच के बाद कहा, "मैं आमतौर पर गर्मी में ठीक रहती हूं, लेकिन आज काफी संघर्ष करना पड़ा. यह मेरा सबसे कठिन परिस्थितियों वाले मैचों में से एक था.

दूसरे सेट में मैं थोड़ी अस्थिर महसूस कर रही थी, लेकिन खुशी है कि मैं सीधे सेटों में मैच खत्म कर सकी.महिला वर्ग में ही कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया. 2021 यूएस ओपन फाइनल में राडुकानु की प्रतिद्वंद्वी रहीं लेयलाह ने क्वालिफायर में टेलर टाउन्सेंड को 6-4, 7-6 (4) से हराया. सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से मात दी. राडुकानु का सेमीफाइनल मुकाबला अब अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीय क्लारा टॉसन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई.

### पुरुष वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले

पुरुष सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन ने लगातार दूसरे साल डीसी ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई है. उन्होंने ऑल-अमेरिकन क्वार्टरफाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया. शेल्टन ने 90 प्रतिशत पहले सर्व पॉइंट जीते और 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से नौवां ऐस लगाकर मैच समाप्त किया. चौथे वरीय शेल्टन अब शनिवार को शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज या बारहवें वरीय अलेजांद्रो डाविडोविच फोकीना में से किसी एक से भिड़ेंगे .पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर और फ्रांस के कोरेंटिन माउटे के बीच होगा. डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से हराया, जबकि माउटे ने 2021 यूएस ओपन विजेता डेनिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया. इस मैच में तीसरे सेट के दौरान आसमान में बिजली चमकने के कारण करीब एक घंटे का ब्रेक भी लेना पड़ा .डीसी ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले अब और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां युवा सितारे और अनुभवी खिलाड़ी आमने-सामने होंगे.



### डिविलियर्स के नहीं खेलने पर फुस्स हुई द. अफ्रीका की टीम

# पाकिस्तान ने 31 रन मैच जीता

एजेंसी ।नयी दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है. शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम का सामना पाकिस्तान चैंपियंस से हुआ. इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम नियमित कप्तान एबी डिविलियर्स के बिना उतरी थी. एरॉन फांगिसो कप्तानी कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान टीम की कमान मोहम्मद हफीज संभाल रहे थे. पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 198 रन बनाए. जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी.इस हार के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है. उसके चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं. वहीं, पाकिस्तान की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसके तीन मैचों में दो जीत और एक बेनतीजा के साथ पांच अंक हैं. ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन अंकों के साथ



तीसरे स्थान पर है. आज युवराज सिंह की अगुआई वाली भारत चैंपियंस टीम का मुकाबला ब्रेट ली की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस टीम से है.

**पाकिस्तान की पारी :** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम के लिए सबसे ज्यादा उमर अमीन ने बनाए. उन्होंने 42 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 58 रन बनाए. वहीं, शोएब मलिक ने 34 गेंद में पांच चौकों की मदद से 46 रन की नाबाद पारी खेली. शरजील खान 11 गेंद में 19 रन, कामरान अकमल 11 गेंद में 17 रन और कप्तान हफीज आठ रन बनाकर आउट हुए. आसिफ अली 11 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए. आमिर यमीन चार गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रहे. दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेन ओलिवियर ने दो विकेट लिए, जबकि विलजोएन, पार्नेल और डुमिनी को एक-एक विकेट मिला.

**द. अफ्रीका की पारी :** 199 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सबसे ज्यादा रन मोर्ने वान विक ने बनाए. उन्होंने 20 गेंद में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेली. वहीं, पार्नेल नौ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई बल्लेबाज 15+ रन नहीं बना सका.

### कोपा अमेरिका (महिला)

# ब्राजील ने कोलंबिया को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ।क्विटो

कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी के अंतिम मुकाबले में शुक्रवार को ब्राज़ील ने एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए कोलंबिया को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया. यह मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जबकि कोलंबिया को 70 मिनट तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा नहीं मिल सका.मैच का टर्निंग पॉइंट 21वें मिनट में आया, जब ब्राज़ील की गोलकीपर लोरेना को रेड कार्ड दिखाया गया. कोलंबिया की लिंडा कैईसेडो के तेज़ काउंटर अटैक के दौरान लोरेना ने बॉक्स से बाहर आकर हैंडबॉल किया, जिसके बाद रेफरी मिलाग्रोस अरुएला ने सहायक रेफरी मिरियाना अकीनो से सलाह लेकर उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया. इसके बाद ब्राज़ील ने सब्स्टीट्यूट गोलकीपर क्लाउडिया को मैदान पर उतारा. कोलंबिया के



पास कई मौके थे लेकिन वैलेरिन लोबोआ और मायरा रामिरेज़ के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके. मैच के बाद लोबोआ ने कहा, "यह बहुत मुश्किल और थकाने वाला मुकाबला था. हम जीतना चाहते थे, लेकिन अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी पर ध्यान देना है.दूसरी ओर, ब्राज़ील ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए दूसरे हाफ में कुछ काउंटर अटैक किए. यास्मिन, गाबी पोर्टिल्हो और डुडिन्हा ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली. यास्मिन का एक फ्री किक इंजरी टाइम में क्रॉसबार से टकराया और गोल में तब्दील नहीं हो सका.

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी ।बासेटेरे

ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज़ टिम डेविड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज़ पर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है.वार्नर पार्क में खेले गए इस मुकाबले में डेविड ने सिर्फ 37 गेंदों पर 11 छक्कों और 6 चौकों की मदद से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक है. इससे पहले यह रिकॉर्ड जोश इंग्लिस के नाम था, जिन्होंने 43 गेंदों में शतक जड़ा था.डेविड की ये पारी अंतरराष्ट्रीय टी20 में तीसरा सबसे तेज़ शतक भी है, उनसे तेज सिर्फ भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने शतक बनाए हैं (35 गेंद में). डेविड ने मिशेल ओवेन (36* रन, 16 गेंद) के साथ मिलकर 128 रनों की अटूट साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 16.1



ओवर में 215/4 तक पहुंचा दिया.इससे पहले, वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप (नाबाद 102 रन, 57 गेंद) की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 214/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया. होप ने ब्रैंडन किंग (62 रन, 36 गेंद) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े. होप, क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक दर्ज है.ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत लड़खड़ाई थी, जब ग्लेन मैक्सवेल (20), जोश इंग्लिस (15), मिच मार्श (22) और कैमरन ग्रीन (11) सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे. लेकिन इसके बाद टिम डेविड ने तूफानी अंदाज़ में रन बटोरते हुए मैच का रुख पलट दिया.वेस्टइंडीज की ओर से रोमारीओ शेफर्ड ने 2 विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर को 1 सफलता मिली.डेविड को 90 रन पर जीवनदान भी मिला, जब ब्रैंडन किंग ने डीप मिडविकेट पर उनका आसान कैच छोड़ दिया. इसके बाद डेविड ने कोई चूक नहीं की और अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया.

### फुटबॉल | लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा पर एक मैच का लगा प्रतिबंध

# एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे दोनों खिलाड़ी

एजेंसी ।नई दिल्ली

इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है. यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लेने के चलते लिया गया है. अब यह दोनों खिलाड़ी मियामी की अगली लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे. एमएलएस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो ऑल-स्टार गेम में बिना पूर्व स्वीकृति के भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य



होता है.एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, "मुझे पता है कि लियोनेल मेसी इस लीग से कितना प्रेम करते हैं. मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी – या कोई और – मेजर लीग सॉकर के लिए मेसी से ज्यादा योगदान दिया है. मैं उनके इंटर मियामी के प्रति समर्पण को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं. लेकिन ऑल-स्टार गेम में भागीदारी को लेकर हमारी एक पुरानी नीति है और हमें उसका पालन करना पड़ा. यह निर्णय लेना बहुत कठिन था.उन्होंने आगे कहा,हालांकि, हम इस नीति की समीक्षा करने जा रहे हैं. मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह तय किया जा सके कि इस नियम को आगे कैसे विकसित किया जाए.गौरतलब है कि मेसी और आल्बा दोनों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा एमएलएस ऑल-स्टार मैच के लिए चुना गया था, लेकिन दोनों ने लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भाग नहीं लिया, जिसमें एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की.पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था. इंटर मियामी फिलहाल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात को चेस स्टेडियम, फोर्ट लॉडरडेल में पहले स्थान पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा.

### अनहत ने विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

# अटवाल सीनियर ओपन में संयुक्त 5वें स्थान पर

एजेंसी ।नयी दिल्ली

युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनहत सिंह शुक्रवार को कैरो में विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल सेमीफाइनल में मिस्र की नाडिएन एलहमामी से हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन अंत में मिस्र की खिलाड़ी से 6-11, 12-14, 10-12 से हार गईं.

सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही 17 वर्षीय अनहत 2010 में दीपिका पल्लीकल के बाद टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं थीं. अगर वह जीत जातीं तो 2005 में जोशना चिनप्पा के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद महिला व्यक्तिगत वर्ग में फाइनल में



पहुंचने वाली केवल दूसरी भारतीय बन जातीं.

चैंपियंस टूर पीजीए में अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन के पहले दौर में तीन अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर बने हुए हैं. अटवाल ने इससे पहले यूएस सीनियर ओपन में भी कट हासिल किया था. भारत के दो अन्य गोल्फर ज्योति रंधावा (70) इवन पार के कार्ड से संयुक्त 42वें जबकि जीव मिल्खा सिंह (71) एक ओवर से संयुक्त 69वें स्थान पर बने हुए हैं. संयुक्त रूप से 70 स्थान पर रहने वाले गोल्फर कट हासिल करेंगे.

# बंगाल की तरफ से बढ़ रहा दबाव, झारखंड के आठ जिलों में 29 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के आठ जिलों में 29 जुलाई को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है उनमें राज्य के दक्षिणी-पूर्वी जिले शामिल हैं. इनमें पूर्वी सिंघभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह और गोड्डा शामिल हैं. वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोल्बा में 94.6 मिलीमीटर दर्ज की गई है. वहीं इस दौरान राजधानी रांची में 38.8 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गईं है. मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र और उससे सटे झारखंड पर बना दबाव पिछले 25 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. वहीं इसके अगले 36 घंटों के दौरान झारखंड और आसपास के उत्तरी छत्तीसगढ़, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है. शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 29.3,डालटेनगंज में 30.2, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## खूंटी: दिन में की उपायुक्त से आवागमन चालू करने की मांग, रात को बह गया डायवर्सन

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर अस्थायी डायवर्सन शुक्रवार की रात हुई मूसलाधार बारिश में बह गया. ज्ञात हो कि बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर उक्त अस्थायी डायवर्सन पर आवागमन चालू करने की मांग की थी और रात को डायवर्सन भारी बारिश में बह गया. इसके कारण सावन महीने में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम आनेवाले श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गई. अस्थायी डायवर्सन के बनने से श्रद्धालु पैदल या दो पहिया वाहन से अंगराबारी पहुंचते थे, लेकिन अब वह भी बंद हो गया. उल्लेखनीय है कि 19 जून को हुई भारी बारिश के कारण बनई नदी का पुल ध्वस्त हो गया था. वहां पर डायवर्सन बनाने के लिए एक करोड़ 80 लाख, 42 हजार 800 रुपये की निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन अभी तक कार्यकारी एजेंसी की नियुक्ति नहीं हुई. सावन महीने को देखते हुए खूंटी के संवेदक शिव कुमार साहू ने वहां अस्थायी डायवर्सन का निर्माण करा दिया. बिना कार्य आवंटित हुए खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने डायवर्सन का शिलान्यास कर दिया था. डायवर्सन में आवागमन पर प्रशासन ने रोक लगा दी थी. लोग पैदल वहां से पार होते थे.

## ब्रीफ न्यूज

### डीसी का हंटरगंज दौरा फिर स्थगित, लोगों में मायूसी

**हंटरगंज (चतरा)।** उपायुक्त कीर्तिश्री जी का हंटरगंज प्रखंड का बहुप्रतीक्षित दौरा एक बार फिर स्थगित हो गया है. शनिवार, को उनका दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे टाल दिया गया. इससे पहले भी 23 जुलाई को उनका दौरा अंतिम क्षणों में रद्द कर दिया गया था. उपायुक्त को प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण करना था. इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं. बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप के अनुसार, सभी विभागों को अलर्ट किया गया था और अधिकारी व कर्मचारी उपायुक्त के स्वागत और निरीक्षण के लिए तैयार थे. प्रखंड में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पंचायत स्तर की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और निरीक्षण का कार्यक्रम तय था.

### कोडरमा रेलवे स्टेशन पर शराब सहित युवक धराया

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04/05 पर सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, धीरज कुमार और नीतू कुमारी की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है. युवक के पास से 10 बोतलें डबल व्हिस्की बरामद हुई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 6700 रुपये बताई गई है. पुलिस ने बताया कि ब्लू रंग के बिट्टू बैग के साथ खड़े युवक से पूछताछ की गई. उसने अपना नाम वरुण कुमार निवासी सिद्धार्थ पुरी थाना मुसाफिर जिला गया बताया. युवक के बैग की तलाशी लेने पर 10 बोतलें डबल व्हिस्की मिलीं, जिनकी प्रत्येक बोतल 750 मिलीलीटर की थी और कीमत 750 रुपये अंकित थी.

### क्रेन से गिरा तार का बंडल फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के आरागारो गांव स्थित धनलक्ष्मी टावर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में सोमवार को एक हादसे में मजदूर की मौत हो गई. मृतक की पहचान रोहित कुमार, पिता विजय राज विंद, ग्राम कैमूर, जिला भभुआ (बिहार) के रूप में हुई है. फैक्ट्री में बिजली के पोल बनाने का कार्य होता है. जानकारी के अनुसार, निर्माण स्थल पर तार के भारी बंडल को क्रेन के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था. इसी दौरान असंतुलित होकर बंडल अचानक नीचे खड़े रोहित पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के तुरंत बाद फैक्ट्री प्रबंधन को सूचना दी गई, लेकिन उनके घटनास्थल पर न पहुंचने से नाराज सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायल को ट्रेलर की मदद से एक निजी क्लीनिक में पहुंचाया. वहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया.

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोसिस सहायक यंत्र वितरित

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई से 30 जुलाई तक सीएच हाई स्कूल, झुमरीतिलैया में लाईफलाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. इस शिविर में जिले के हजारों लाभार्थियों को विभिन्न रोगों की जांच एवं इलाज की सुविधाएं प्रदान की गईं. शिविर में कुल 121 लाभार्थियों को 350 ऑर्थोसिस सहायक यंत्र वितरित कर उन्हें राहत दी गई. 11 से 16 जुलाई के बीच आंख की जांच एवं मोतियाबिंद सर्जरी में 229 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया. 16 से 21 जुलाई तक कान की जांच एवं सर्जरी में 118 मरीजों का सफल इलाज हुआ.

मनीष जायसवाल ने हजारीबाग बार संघ को दिया आधुनिक सभागार का उपहार

# बार के विकास की गति रहेगी बरकरार : सांसद

- 34 लाख की लागत से बना सुविधायुक्त सभागार
- अधिवक्ताओं के सपनों को मिला नया आधार

शुभम संदेश। हजारीबाग




हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पूर्व विधायक निधि से हजारीबाग बार संघ को एक आधुनिक, आकर्षक एवं सुविधायुक्त सभागार का तोहफ़ा दिया है.

शनिवार को बार एसोसिएशन भवन के ऊपरी तल्ले पर निर्मित इस शानदार सभागार का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन समारोह में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने.इस अवसर पर युवा अधिवक्ता दीपशिखा ने साथी अधिवक्ता के साथ मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की. बार संघ अध्यक्ष राजकुमार (राजू) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सभागार अधिवक्ताओं के वर्षों पुराने सपनों का साकार रूप है.

उन्होंने बताया कि एक अधिवक्ता की शादी समारोह के दौरान सांसद से हुई बातचीत में इस सभागार की मांग रखी गई थी, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकारते हुए 34 लाख रुपये की निधि से इसे संभव बनाया.मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह सभागार किसी बैंक्वेट हॉल जैसा प्रतीत होता है. अधिवक्ताओं ने निधि का सही उपयोग कर एक सुंदर सभागार का निर्माण किया है. उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को पेड़ के नीचे बैठकर न्याय दिलाने का कार्य करते देख उन्हें यह आधारभूत संरचना देना उनका कर्तव्य था. उन्होंने आश्वासन दिया कि सभागार को जल्द ही वातानुकूलित और स्थायी कुर्सियों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे वरिष्ठ नागरिकों व अधिवक्ताओं को अधिक सुविधा मिल सके.

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह सभागार न केवल बार संघ बल्कि पूरे हजारीबाग के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे हर माह संगोष्ठी आयोजित कर हजारीबाग के विकास में अपना योगदान दें.

बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने इस सभागार को झारखंड के सभी बार संघों में सबसे बेहतरीन बताया और कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा पांच करोड़ की लागत से एक बहुमंजिला भवन का निर्माण भी यहां किया जाएगा.

उन्होंने इसे अधिवक्ताओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया.कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुमन कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया. समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ, कनिष्ठ और महिला अधिवक्ता उपस्थित थे.

### 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आकांक्षा हाट का आयोजन

**कोडरमा।** नगर परिषद् झुमरी तिलैया स्थित पूर्णिमा टॉकिज परिसर में 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक ₹आकांक्षा हाट₹ का भव्य आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागीय पदाधिकारियों को स्टॉल लगाने और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई. उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के तहत स्टॉल लगाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें. उन्होंने कहा कि ₹आकांक्षा हाट₹ में कोडरमा जिले के स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री और विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए उचित मंच उपलब्ध कराया जाएगा. इस अवसर पर उपायुक्त ने आयोजन को बहुआयामी और जन-संवेदनशील बनाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डेमोंस्ट्रेशन, सूचना प्रदर्शनी, स्टार्टअप एवं नवाचार प्रदर्शन, महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री जैसी गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए. उन्होंने ₹आकांक्षा हाट₹ के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों और माइकिंग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके. बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला उद्योग केंद्र, समाज कल्याण विभाग, आई.ई.सी. टीम सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.

## आरएसएस ने भगवा ध्वज को गुरु माना: मुकेश राणा



**जयनगर (कोडरमा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भगवा ध्वज को गुरु के रूप में पूजता है. उन्होंने बताया कि भगवा ध्वज हिंदू संस्कृति का प्रतीक है और इसे गुरु के समक्ष समर्पित करना सौभाग्य की बात है. भगवा ध्वज त्याग, बलिदान और शौर्य का प्रतीक है तथा यह अग्नि की शिखा की तरह तेज का द्योतक है. मुकेश राणा ने कहा कि संघ व्यक्ति निष्ठा के बजाय तत्व निष्ठा को प्राथमिकता देता है, और आज पूरे हिंदू समाज ने भगवा ध्वज को तत्व के रूप में स्वीकार कर लिया है. भगवा ध्वज भारतीय संस्कृति का एक मजबूत आधार स्तंभ है. उन्होंने इस मौके पर कहा कि भगवा ध्वज में समर्पण और साहस की भावना संजोई हुई है, जो समाज को एकजुट करने में सहायक है. कार्यक्रम में व्यक्तिगत गीत खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव ने प्रस्तुत किया, जबकि सामूहिक गीत सकलदेव राम ने गाया. अमृत वचन दिवाकर पांडेय ने लोगों को प्रेरित किया. मौके पर जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय, शशिकांत प्रसाद, अमरदीप शर्मा, रामेश्वर साव, बिनोद साव, अवधेश सिंह, मनोज यादव, प्रकाश मोदी, मनोज राणा और बासुदेव पांडेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे. यह कार्यक्रम हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भावना को मजबूत करने का माध्यम बना.

### डेंगू-चिकनगुनिया नियंत्रण को लेकर निगरानी योजना लागू

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर डेंगू एवं चिकनगुनिया नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तर पर सशक्त कार्ययोजना तैयार की है. इसके तहत शहरी क्षेत्र के फिक्स्ड साइट जैसे अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों में नियमित वेक्टर सर्वे, लार्वा विनाशक उपचार एवं कीटनाशी छिड़काव किया जाएगा. साप्ताहिक कार्य योजना के अनुसार सोमवार से शनिवार तक क्षेत्रीय कार्यकर्ता विभिन्न स्थलों पर निगरानी कार्य करेंगे.रंजीत राम, चौहान राम और राजेश कुमार को क्रमशः मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, झील परिसर, बालिका आवासीय विद्यालय, समाहरणालय, एसपी कोठी, सिविल सर्जन कोठी, जज कॉलोनी जैसे स्थलों पर जिम्मेदारी दी गई है. बड़कागांव, चुरचू और सदर प्रखंडों में अगस्त-सितंबर के बीच चिन्हित गांवों में कीटनाशी छिड़काव किया जाएगा. शहरी क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में उमेश कुमार एवं बिनोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में नियत तिथियों को छिड़काव कार्य होगा. लार्वा सर्वेक्षण एवं विनाशक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों को स्थल पर समय पर उपस्थिति का निर्देश दिया गया है.

## जयनगर में सर्पदंश से तीन लोग हुए अचेत, एक गंभीर

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में बीती रात सर्पदंश की तीन घटनाएं सामने आईं, जिनमें तीन लोग घायल हुए हैं. इनमें से एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई है. पहली घटना बेरोगायां गांव की है, जहां 30 वर्षीय सुरेंद्र राणा, जो कि वेल्डिंग दुकान संचालक हैं, को विषैले रसैल वाइपर सांप ने डंस लिया. सुरेंद्र दुकान बंद कर बाहर खड़े थे, तभी अचानक वह सांप ने काट लिया. परिजन उन्हें तुरंत सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है. दूसरी घटना परसाबाद गांव की है, जहां समोसा खाने निकले 22 वर्षीय गोपाल हेम्ब्रम को सांप ने काट लिया. गोपाल, जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के गिधनी, झारग्राम के निवासी हैं और वर्तमान में परसाबाद में रहते हैं, को उनके साथ मौजूद मित्रों ने तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों के अनुसार, गोपाल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है. तीसरी घटना डंडाडीह गांव की है, जहां 12 वर्षीय अमित राणा को सांप ने डंस लिया. परिजन बच्चे को तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नियंत्रण में बताई जा रही है. सर्पदंश की इन घटनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में भय और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है. स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया है कि प्रखंड स्तर पर एंटी-स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. साथ ही ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने की मांग की गई है ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके और समय पर इलाज मुहैया कराया जा सके. ग्रामीणों का कहना है कि यदि एंटी-वेनम और बचाव संबंधी जानकारी समय पर मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है. इस प्रकार लगातार बढ़ रही सर्पदंश की घटनाएं ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रही हैं और इन्हें रोकने के लिए तत्काल कदम उठाना आवश्यक है.

कार्रवाई

मुख्य सरगना फरार,पुलिस ने बाइक, लैपटॉप समेत कई सामान किए जब्त

# 15 लाख की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

शुभम संदेश। चतरा



चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 लाख रुपये मूल्य की 3.260 किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर ललकीमाटी रोड स्थित सिंघानी टोला में की गई.

गिरफ्तार तस्करों में मेराल गांव निवासी सोनू कुमार यादव उर्फ प्रमोद यादव और तेतरिया गांव निवासी पियूष कुमार शामिल हैं. पियूष वर्तमान में हजारीबाग जिला के पेलावल थाना क्षेत्र के शिवपुरी गली में रह रहा था. गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक बाइक, दो लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, एक वजन मापने की मशीन, स्टील का डब्बा, एक काला बैग, पांच एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और आरसी कार्ड जब्त किया है. समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने इस पूरे मामले की जानकारी दी. एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ललकीमाटी रोड पर अफीम की खरीद-बिक्री हो रही है. सूचना मिलते ही सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक सवार सोनू कुमार को पकड़ा. उसकी तलाशी के दौरान एक किलो अफीम बरामद हुई. पूछताछ में सोनू ने अन्य तस्करों की जानकारी दी, जिसके आधार पर एक टीम को हजारीबाग के पेलावल क्षेत्र भेजा गया.
वहां से पुलिस ने 2.260 किलोग्राम अफीम के साथ पियूष कुमार को गिरफ्तार किया. पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह अफीम खुटी जिले से लाया गया था. वहीं, इस तस्करी गिरोह का मुख्य सरगना हरिश कुमार फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है. इस संबंध में पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या 30/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों गिरफ्तार तस्करों को जेल भेज दिया गया है. पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर भी अभियान चला रही है. छापेमारी टीम में एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल, पत्थलगड्डा थाना प्रभारी राकेश कुमार, एसआई विजय कुमार, अरविंद कुमार रविदास, एएसआई घनश्याम प्रसाद सिंह समेत जिला बल के कई जवान शामिल थे.

### एएनएम का हुआ स्थानांतरण स्वास्थ्य उप केंद्र बिरसोडीह में

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय कोडरमा द्वारा जारी पत्रांक 877, दिनांक 26 जुलाई के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित एएनएम नीलू कुमारी का स्थानांतरण स्वास्थ्य उप केंद्र बिरसोडीह कर दिया गया है. संबंधित अधिकारी ने निर्देश दिया है कि नीलू कुमारी को इस आदेश के प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर अपने नव पदस्थापन स्थल पर उपस्थित होकर योगदान देना अनिवार्य है. यह स्थानांतरण स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने और क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए किया गया है. नीलू कुमारी से अपेक्षा है कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाएं ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके. कोडरमा जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस स्थानांतरण की जानकारी दे दी है और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं.

## एक नजर

### डीएवी सेक्टर-4 में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**बोकारो (शुभम संदेश)।** पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के तहत डीएवी सेक्टर-4 विद्यालय प्रांगण में माध्यमिक वर्ग के बच्चों के लिए अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य सह एआरओ एस. के. मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के बहुआयामी प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए. जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, उत्साह, रुचि एवं आधुनिक तकनीक के सही उपयोग की समझ विकसित हो सके. इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता में आठवीं व नौवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. दयानंद, विरजानंद, विवेकानंद और श्रद्धानंद-चारों सदनों के बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का विषय था 'ऑनलाइन शिक्षण से ज्यादा प्रभावी है ऑफलाइन शिक्षण'. बच्चों ने बहुत ही तार्किक एवं उत्साहित होकर अपने वक्तव्यों को प्रस्तुत किया. उनके द्वारा अपने पक्ष को लेकर दी गई दलीलें आधुनिक परिवेश एवं शिक्षण से मिलती-जुलती तथा समय के अनुकूल थीं. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा नौवीं की छात्रा प्रणया झा (विरजानंद सदन) और जयप्रिया (विवेकानंद सदन) ने प्राप्त किया. द्वितीय स्थान कक्षा आठवीं की छात्रा वृंदा माहेश्वरी (दयानंद सदन) ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान कक्षा नौवीं की छात्रा भव्या (श्रद्धानंद सदन) ने प्राप्त किया. प्राचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं.

### रोटरी क्लब का 12वां इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

**बोकारो(शुभम संदेश)।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स का 12वां इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न हुआ. इस अवसर पर क्लब के नए पदाधिकारियों ने आगामी वर्ष के लिए अपनी जिम्मेदारियों को विधिवत रूप से ग्रहण किया. समारोह में मिनी स्टीफन कपूर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में शपथ ली. उनके साथ मोहित अग्रवाल ने सचिव और उमा त्रेहान ने कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला. सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को क्लब सदस्यों और उपस्थित अतिथियों द्वारा शुभकामनाएँ दी गईं. इसमें मुख्य अतिथि रोटेरियन अनु नारंग (जिला गवर्नर इलेक्ट) थीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में रोटरी के सेवा कार्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को उजागर किया. समारोह के विशिष्ट अतिथि मुकेश तनेजा (जिला गवर्नर नोमिनी) रहे, जिन्होंने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए नए नेतृत्व को शुभकामनाएं दीं. पूर्व जिला गवर्नर राजन गंदोत्रा ने रोटरी इंटरनेशनल अध्यक्ष के अच्छे काम के लिए जुड़ने के आह्वान पर अपनी बात कहकर प्रकाश डाला. समारोह का संचालन राहुल लांबा ने बेहद सधे हुए और आकर्षक अंदाज में किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में रोटेरियन अनुप अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में बोकारो, चास और धनबाद के रोटरी क्लब, लायंस क्लब, बौकसा, जेसीआई बोकारो जज़्बा, चास बोकारो चैंबर के सदस्यों ने शिरकत कर रोटरी मिडटाउन कपल्स क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और नई कार्यकारिणी के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव अग्रवाल, अमीषा अनूप अग्रवाल, कविता विकास जैन, अलका सुभाष जैन, रंजन गुप्ता, पुनीत जौहर, बंदना दिलीप गुप्ता, प्रियंका राहुल लांबा, साक्षी अग्रवाल, संजीव त्रेहान, तनवीर सिंह, मनीष केजरीवाल, अमित जोहर ने सक्रिय भूमिका निभाई.

### मंत्री ने स्कूली बच्चों में किया साइकिल वितरण

**कसमार (बोकारो)(शुभम संदेश)।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद कसमार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित उन्नति का पहिया योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने कसमार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के 39 बच्चे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरको के 17 बच्चे एवं उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सुरजुडीह के 20 स्कूली बच्चों के बीच कल्याण विभाग की ओर से प्रदान की गई निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख नियोति दे, प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी भजन लाल महतो व अन्य अधिकारी मौजूद थे. इससे पूर्व प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए साइकिल की उपयोगिता अधिक होती है, क्योंकि विद्यालय से घर की दूरी ज्यादा होने के कारण अक्सर बच्चे देर से स्कूल पहुंचते हैं. इससे उनका पठन-पाठन प्रभावित होता है. साइकिल मिलने से उन्हें कम समय में स्कूल आने एवं छुट्टी में समय पर वापस घर लौटने में सहूलियत होगी. उन्होंने सभी बच्चों से अपील की कि पठन-पाठन कार्य को गति देने के लिए जो साइकिल मिली है, उसका दुरुपयोग किसी अन्य काम में न हो. इस अवसर पर रघुनाथपुर स्कूल के छात्र-छात्राओं और जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत गीत एवं दोना-पत्तल से बनी पारंपरिक टोपी देकर उनका सम्मान किया गया. मौके पर प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी योगेश्वर मांझी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिमा दास, पूर्व जिप सदस्य विमल जायसवाल, शेरे आलम, सोहेल अंसारी, सिकंदर कपरदार, कुलदीप करमाली, शिक्षक दिनेश नायक, सुभाष चंद्र ठाकुर, पंसस मंजू देवी, प्रिया देवी, मेहरुल होदा, सगीर आलम, तिमिर मुखर्जी, साजन अंसारी, विनोद बिहारी महतो, शेखावत अंसारी, रियाज अंसारी, फारुख अंसारी, बबलू अंसारी, मिथिलेश जायसवाल व अन्य लोग मौजूद थे.

### किसान भवन में लगा मासिक जनता दरबार

मजदूरों की बकाया मजदूरी का मामला सुलझा

**डुमरी (शुभम संदेश)।** झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन द्वारा शनिवार को डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में मासिक जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र दिए. जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन और बिजली से संबंधित शिकायतें आईं. वहीं, तेतुलमारी और निचितपुर में रेलवे ट्रैक की चहारदीवारी निर्माण में लगे परसाटांड़, चैनपुर के 6 मजदूरों को दो वर्षों से मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत भी मिली. इस पर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ने तुरंत संबंधित संवेदक से दूरभाष पर बात कर मजदूरी का भुगतान करने को कहा. संवेदक ने एक सप्ताह के भीतर मजदूरों का बकाया भुगतान कर देने की बात कही. इस दौरान 9 लोगों ने यूनियन की सदस्यता भी ली. यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने बताया कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन्हें संबंधित विभाग को सौंपकर यूनियन उनका समाधान कराने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगा. मौके पर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, उपाध्यक्ष भगतु रविदास उर्फ रवि, महासचिव रवींद्र कुमार, शाहिद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव घनश्याम सिंह, छोटन विश्वकर्मा, जिला सदस्य अमृत रविदास, समीना खातून, भोला मिस्त्री, रूकसार अली, घनश्याम महतो, रोहित महतो, मोहन महतो, युगल महतो, खुर्शीद अंसारी, मोबिन अंसारी, दीपक जैन, गंगा प्रसाद, मनीर अंसारी, सरयू रविदास, युसूफ अंसारी, कौशर अंसारी, रियाजुल अंसारी, रमजान अंसारी, मिथलेश महतो, अलाउद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे.

### बीमा कर्मचारी संघ की वार्षिक बैठक संपन्न निजीकरण और बेरोजगारी पर चिंता

संजय शर्मा बने अध्यक्ष और धर्म प्रकाश सचिव



**गिरिडीह(शुभम संदेश)।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल की गिरिडीह शाखा इकाई की वार्षिक बैठक एलआईसी शाखा परिसर में संपन्न हुई. इसमें संजय शर्मा को अध्यक्ष और धर्म प्रकाश को सचिव चुना गया.

**निजीकरण, महंगाई और बेरोजगारी पर चिंता :** शाखा सचिव धर्म प्रकाश ने अपने प्रतिवेदन में भारत में आर्थिक असमानता, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने सरकार पर सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के तेज निजीकरण का आरोप लगाया, जिससे रोजगार में कमी और बेरोजगारी बढ़ रही है. उन्होंने एलआईसी के शेयर बेचे जाने की भी आलोचना की, जिसे देश और बीमा धारकों के हित में नहीं बताया.

**राजनीतिक ध्रुवीकरण और मीडिया पर सवाल :** मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने देश में धार्मिक ध्रुवीकरण और मीडिया द्वारा सरकार के महिमामंडन पर सवाल उठाए. महासचिव जे.सी. मित्तल ने आर्थिक सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय कॉर्पोरेट दबाव और एलआईसी में कर्मचारियों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र नियुक्ति की मांग की. बैठक के बाद गिरिडीह के स्नेहदीप वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के बीच मिठाई के पैकेट वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी देखी गई.

शुभम संदेश
धनबाद, रविवार 27 जुलाई, 2025


## न्यूज अपडेट

### पंजाब पुलिस ने 7 तस्करों को किया गिरफ्तार, 10 केजी हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से हो रही तस्करी की घटनाओं पर विराम लगाते हुए अमृतसर क्षेत्र से 7 आरोपितों को गिरफ्तार करके 10 किलो हेरोइन बरामद की है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के साथ मिलकर नशा तस्करी करने वाले मॉडयूल का भंडाफोड़ किया है. उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन सीमावर्ती क्षेत्र के एक गांव से सक्रिय है. वह सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है. उसे एक किशोर के साथ गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 1 किलो हेरोइन बरामद की गई है.

### खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने पुलिस अधिकारी को मार डाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादियों ने अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले में शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी को मौत के घाट उतार दिया. इसके अलावा पुलिस ने बन्नू के बस्याखेल इलाके में एक थाने पर देर रात हुए हमले को विफल कर दिया. डान अखबार की खबर के अनुसार, करक के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारी को दुर्गम पहाड़ी इलाके में गोलियों से भून दिया. इसके बाद पहाड़ों की तरफ भाग गए. यह पुलिस अधिकारी अपने गृहनगर चपई बांदा जा रहा था. सुरक्षा बल के जवानों ने पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है. करक सिटी पुलिस लाइन में इस अधिकारी को अंतिम सलामी दी गई.

### डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करेगा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने देश में नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले रोकी गई शिक्षा निधि (संघीय शिक्षा अनुदान) पर बड़ा फैसला लिया है. दोनों दलों के सांसदों के दबाव में प्रशासन ने राज्यों को 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करने की घोषणा की है. इस धनराशि से नई शिक्षकों की भर्ती करने का मार्ग प्रशस्त होगा. इसके अलावा शिक्षण कार्य में आ रही रुकावटें दूर होंगी. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई है. अधिकारियों की इस घोषणा के बाद पास्को काउंटी के स्कूल अधीक्षक जॉन लेग ने कहा कि यह फैसला अच्छा है. यह संघीय शिक्षा अनुदान सोमवार तक स्कूलों को प्राप्त होने की उम्मीद है.

### श्रीलंकाई नौसेना के लेफ्टिनेंट ने पूरा किया अमेरिकी नेवी सील प्रशिक्षण

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना के स्पेशल बोट स्क्वाड्रन (एसबीएस) के लेफ्टिनेंट कोयान चमिथा ने अमेरिकी नेवी सील प्रशिक्षण पूरा कर इतिहास रच दिया. लेफ्टिनेंट कोयान चमिथा को 14 माह के इस कठोर और दुनिया के चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने पर अमेरिका ने प्रतिष्ठित सील ट्राइडेंट पिन प्रदान कर सम्मानित किया है. चमिथा यह सम्मान पाने वाले श्रीलंकाई नौसेना के पहले अधिकारी हैं. डेली मिरर अखबार और समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट की खबर में यह जानकारी दी गयी है. इसके अनुसार, यह ऐसा चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण है, जिसमें 75 से अधिक प्रशिक्षु बीच में छोड़ देते हैं.

### जान गंवाने वाले छात्रों के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**जयपुर।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के दांगीपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपलोदी गांव में शुक्रवार को हुए स्कूल हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के लिए राज्य सरकार की ओर से 10-10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है. ऐसे परिजनों को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी. हादसे में 7 बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि 21 बच्चे घायल हो गए थे. जान गंवाने वाले बच्चों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस हृदयविदारक दुर्घटना के पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है. मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

### सऊदी अरब में विदेशियों के जमीन खरीदने के नियमों में बड़ा बदलाव

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने विदेशियों के लिए जमीन खरीदने और अचल संपत्ति के स्वामित्व से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं. सऊदी गजट की रिपोर्ट के अनुसार, अब नया कानून गैर-सऊदी व्यक्तियों, कंपनियों और गैर-लाभकारी संस्थाओं को सऊदी अरब में अचल संपत्ति के स्वामित्व या उस पर वास्तविक अधिकार प्राप्त करने की अनुमति देता है. हालांकि, इस कानून में मक्का और मदीना जैसे धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों के लिए विशेष शर्तें और प्रतिबंध बरकरार रखे गए हैं. इन दोनों शहरों में विदेशी स्वामित्व केवल मुस्लिमों के लिए सीमित शर्तों के तहत ही संभव होगा. वहीं, खाड़ी सहयोग परिषद देशों के नागरिकों के लिए इन शहरों में संपत्ति खरीदने पर पहले से लगा प्रतिबंध हटा लिया गया है.



## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर संघर्ष जारी

## प्रीह विहार मंदिर है विवाद की जड़

**नयी दिल्ली ।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच स्थित ऐतिहासिक प्रीह विहार मंदिर एक बार फिर दोनों देशों के बीच तनाव की वजह है. यह भव्य हिंदू मंदिर 11वीं सदी में खमेर सम्राट सूर्यवर्मन प्रथम द्वारा भगवान शिव को समर्पित कर बनवाया गया था. यह मंदिर डोंगरेक पहाड़ियों की 525 मीटर ऊंची चोटी पर स्थित है और इसकी वास्तुकला में पांच सुंदर गोपुरम (प्रवेश द्वार) और लगभग 800 सीढ़ियां शामिल हैं. यूनेस्को विश्व धरोहर घोषित यह मंदिर थाईलैंड के सीसाखेत और सुरीन प्रांतों तथा कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत की सीमा पर स्थित है. दोनों देश इस पर अपना दावा करते हैं. विवाद की जड़ 1907 में बना वह फ्रांसीसी उपनिवेश कालीन नक्शा है, जिसमें मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा दिखाया गया था. थाईलैंड ने इसे खारिज करते हुए मंदिर को अपने क्षेत्र में बताया. 1953 में कंबोडिया की स्वतंत्रता के बाद यह विवाद और गहरा गया. अंततः 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इस पर फैसला सुनाया और मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना. कोर्ट ने कहा कि थाईलैंड को अपनी सेना मंदिर क्षेत्र से हटानी होगी. हालांकि मंदिर पर तो फैसला हो गया, लेकिन उसके आसपास की 4.6 वर्ग किलोमीटर भूमि अब भी विवाद में है. इस क्षेत्र पर दोनों देश दावा करते हैं, जिससे सीमा पर समय-समय पर तनाव और सैन्य झड़पें होती रहती हैं. अब यह देखना होगा कि ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के साथ-साथ दोनों देश इस विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कैसे निकालते हैं.

## बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में बड़े हमलों की ली जिम्मेवारी

# 24 सुरक्षाकर्मी मार गिराने का दावा

एजेंसी। क्वेटा (बलूचिस्तान)



पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हाल ही में किए गए कई घातक हमलों की जिम्मेदारी ली है. संगठन के प्रवक्ता जीयंद बलूच द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि इन हमलों में पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सहित कम से कम 24 सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं. बीएलए ने इन हमलों को बलूच स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बताया है. प्रवक्ता के अनुसार, 22 से 25 जुलाई के बीच मस्तुंग, कलात, जमुरान, बुलेदा, क्वेटा, नुश्की, दलबंदिन और पंजगुर क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना पर योजनाबद्ध हमले किए गए. बीएलए ने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान की संघीय सरकार को यह संदेश देने के लिए की गई कि बलूच जनता आज़ादी के अलावा और कुछ स्वीकार नहीं करेगी. 22 जुलाई को कलात के कोहाक क्षेत्र में बीएलए ने घात लगाकर एक बड़ा हमला किया. हमले में पाकिस्तान के तीन सैन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और लड़ाकों ने पीछे हट रहे सैनिकों को घेर कर मार गिराया. बीएलए के अनुसार, इस हमले में 13 सैनिक मौके पर ही मारे गए और उनके हथियार जब्त कर लिए गए. मस्तुंग के तल्ख कावी क्षेत्र में आईईडी धमाके में एक वरिष्ठ अधिकारी मेजर जियाद सहित 6 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई और 3 घायल हो गए. वहीं, आब गुल क्षेत्र में हुए एक अन्य विस्फोट में 2 और सैनिक मारे गए तथा 4 घायल हो गए.

बीएलए ने नुश्की में मुआविया जमालदिनी की हत्या की जिम्मेदारी भी ली है, जिसे उन्होंने एक राज्य समर्थित सशस्त्र समूह का नेता बताया. इसके अलावा, नुश्की के जियारत दस्तगीर क्रॉस और दलबंदिन के कुरोद फाटक में खनिजों का परिवहन कर रहे दो ट्रकों को आग के हवाले कर नष्ट कर दिया गया. जमुरान के अर्चनान क्षेत्र में बीएलए ने एक रिमोट-कंट्रोल आईईडी विस्फोट में एक सैनिक को मार गिराया. बुलेदा के गिल्ली क्षेत्र में एक सैन्य वाहन को निशाना बनाकर दो सैनिकों की हत्या और तीन के घायल होने की बात कही गई. क्वेटा के अख्तराबाद इलाके में एक सैन्य चौकी पर ग्रेनेड हमला किया गया. पंजगुर के पुलाबाद क्षेत्र में बीएलए ने पाकिस्तान की सेना के निगरानी कैमरों, टावरों और उपकरणों को नष्ट कर दिया. प्रवक्ता ने अंत में यह भी दोहराया कि जब तक बलूचिस्तान को राष्ट्रीय मुक्ति नहीं मिल जाती, तब तक यह सशस्त्र प्रतिरोध जारी रहेगा. बीएलए का यह दावा पाकिस्तान सरकार और सेना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है. हालांकि, अब तक पाकिस्तान सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है.

## कांग्रेस के दिल में कुछ और जुबान पर कुछ और : मायावती

एजेंसियां ।लखनऊ



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को लेकर दिए गये बयान पर राजनिति गरमा गई है. राहुल के बयान पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोला है. मायावती ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है. यह दिल में कुछ और व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है. बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उन्हें उनका संवैधानिक हक़ दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है. यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है. वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से जगजाहिर है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी-एसटी समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी का ऐसा ही दुर्भाग्यपूर्ण रवैया लगातार रहा है. इस कारण ही इन वर्गों के लोगों को फिर अन्ततः अपने आत्म-सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने की ललक के कारण अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) बनानी पड़ी है. मायावती ने आगे कहा कि कुल मिलाकर इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश सहित देश के प्रमुख राज्यों की सत्ता से लगातार बाहर है और अब सत्ता गंवाने के बाद इन्हें इन वर्गों की याद आने लगी है जिसे इनकी नीयत व नीति में हमेशा खोट रहने की वजह से घड़ियाली आंसू नहीं तो और क्या कहा जाएगा. जबकि वर्तमान हालात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भी इन वर्गों के प्रति दोहरे चरित्र वाला यही चाल-ढाल लगता है. वैसे भी एससी-एसटी वर्गों को आरक्षण का सही से लाभ व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं करना. देश की आज़ादी के बाद लगभग 40 वर्षों तक ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने और सरकारी नौकरियों में इनके पदों को नहीं भरकर उनका भारी बैकलॉग रखने आदि के जातिवादी रवैयों को भला कौन भुला सकता है.

## यूएस ने आईएसआईएस के बड़े नेता व उसके दो बेटों को मार डाला

एजेसियां ।वाशिंगटन

अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को सीरिया में छापामार कार्रवाई में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के एक वरिष्ठ नेता और उसके दो बेटों को मार गिराया. यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) की विज्ञप्ति में दी गई है. आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट (आईएस), इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट (आईएसआईएल), या दायश भी कहा जाता है. यह आतंकी इस्लामी समूह इराक और सीरिया में सक्रिय है. सेंटकॉम की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएस के वरिष्ठ नेता धिया जौबा मुस्लीह अल-हरदानी, उसके दो युवा पुत्र अब्दुल्ला धिया अल-हरदानी और अब्द अल-रहमान धिया जौबा अल-हरदानी अमेरिकी और गठबंधन सेनाओं के साथ-साथ नई सीरियाई सरकार के लिए खतरा पैदा कर रहे थे. घटनास्थल पर मौजूद तीन बच्चों और तीन महिलाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. सीएनएन के अनुसार, सेंटकॉम ने अपनी विज्ञप्ति में छापे के बारे में इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी है. सेंटकॉम कमांडर जनरल एरिक कुरिल्ला ने विज्ञप्ति में कहा, ₹हम आईएसआईएस आतंकवादियों का लगातार पीछा करते रहेंगे. वह चाहे आसमान में हों या पाताल में.

उल्लेखनीय है कि अमेरिका गठबंधन सेनाओं के साथ लंबे समय से सीरिया और इराक में आईएसआईएस विरोधी अभियान का संचालन कर रहा है. अमेरिकी सेना ने मई में इराक में एक और सीरिया में एक आतंकी को मार गिराया था. इससे पहले मार्च में अमेरिकी सेना ने इराक में एक सटीक हवाई हमलाकर आतंकवादी समूह के संचालन प्रमुख और प्रतिनिधि समिति के अमीर अब्दुल्ला मक्की मुस्लीह अल-रिफाई और एक अन्य आईएसआईएस आतंकवादी को मार गिराया था. अमेरिका ने अप्रैल में घोषणा की थी कि वह सीरिया से अपनी लगभग आधी सेना वापस बुला रहा है. पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा था कि इसके परिणामस्वरूप सीरिया मेंअमेरिकी सेना के एक हजार से भी कम सैनिक रह जाएंगे.

### ईरान के जाहेदान में अदालत में आतंकी हमला, पांच की मौत

**तेहरान।** ईरान के जाहेदान में आतंकवादियों ने आज सुबह न्यायिक भवन पर हमला किया. इस हमले में पांच लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए. इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया. हमले की जिम्मेदारी जैश अल-अदल आतंकवादी समूह ने ली है. ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर' की खबर के अनुसार, देश के न्यायिक सूचना केंद्र ने पुष्टि की कि शनिवार सुबह अज्ञात हथियारबंद लोगों ने जाहेदान में सिस्तान और बलूचिस्तान की प्रांतीय न्यायपालिका पर हमला किया. अधिकारियों ने सूचित किया है कि इस हमले में पांच लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए. प्रांतीय न्यायपालिका परिसर में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में तीन आतंकवादी मारे गए. जैश अल-अदल आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

## तेज प्रताप महुआ सीट से निर्दलीय लड़ेंगे, राजद की मुश्किल बढ़ी

शुभम संदेश ।पटना

बिहार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है. तेज प्रताप ने साफ किया है कि वह इस बार महुआ विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे.

लंबे समय से राजनीति में सक्रिय तेज प्रताप ने कहा, 'हमने 'टीम तेज प्रताप यादव' बनाया है. यह कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है बल्कि एक ओपन प्लेटफॉर्म है, जहां हर किसी को जुड़ने और काम करने का मौका मिलेगा.' तेज प्रताप ने आगे कहा कि 'टीम तेज प्रताप' में लगातार लोग जुड़ रहे हैं, और उन्होंने स्पष्ट किया कि 'हमारा दरवाजा सबके लिए खुला है.'



हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि फिलहाल पार्टी लॉन्च करने की कोई योजना नहीं है. तेज प्रताप का यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब बिहार की राजनीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं. उन्होंने यह भी बताया कि उनका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देना और युवाओं को एक मंच देना है. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, तेज प्रताप का यह कदम ना सिर्फ राजद के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, बल्कि महुआ सीट पर एक दिलचस्प मुकाबले की भी भूमिका तैयार कर रहा है.

### पहले भी महुआ से लड़ने की जताई थी इच्छा

गौरतलब है कि तेज प्रताप यादव ने पहले भी कहा था कि अगर राजद उन्हें टिकट नहीं देती है, तो वह महुआ से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे. तेज प्रताप ने स्पष्ट कहा था, 'हम महुआ के लिए काम किए हैं, तो चुनाव भी महुआ से ही लड़ेंगे.' तेज प्रताप ने महुआ को लेकर अपने भावनात्मक लगाव का जिक्र करते हुए कहा, 'महुआ को हम जिला बनाएंगे, यह हमारी कर्मभूमि है. वहां की जनता कह रही है कि अगर राजद ने किसी और को टिकट दिया, तो हम उसे हरवा देंगे.'

**कम होंगी सुविधाएं** अगस्त 2025 में होंगे फाइनेंशियल बदलाव, पड़ेगा जनता की जेब पर असर

# क्रेडिट कार्ड पॉलिसी, गैस के दाम में बदलाव की संभावना

एजेंसी। नयी दिल्ली



अगस्त 2025 में आम आदमी के लिए कई फाइनेंशियल नियमों में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं, जो सीधे आपकी जेब और बजट पर असर डाल सकते हैं. क्रेडिट कार्ड पॉलिसी, गैस के दाम, यूपीआई ट्रांजेक्शन नियम और एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बदलाव की संभावना है. आइए जानते हैं, उन छह अहम बदलावों के बारे में, जो अगले महीने से लागू होंगे और जिनका असर आपको महसूस होगा. इसमें 11 अगस्त से एसबीआई अपने कई को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स पर मिलने वाले फ्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर को बंद कर रहा है. एसबीआई-यूको बैंक, सेंट्रल बैंक, पीएसबी, करूर वैश्य बैंक और अलाहाबाद बैंक के साथ मिलकर जारी किए गए इलाइट और प्राइम कार्ड्स पर अब 1 करोड़ रुपये या 50 लाख रुपये तक का फ्री कवर नहीं मिलेगा. यह बदलाव उन यूजर्स के लिए चिंता का विषय है, जो एयर ट्रैवल करते समय इस सुरक्षा कवरेज पर निर्भर थे.

वहीं रसोई गैस सिलेंडर के दाम में अगस्त से कटौती हो सकती है. जुलाई में 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर के दाम 60 रुपये तक घटाए गए थे, लेकिन रसोई गैस के दाम में अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ. 1 अगस्त से गैस सिलेंडर के दाम में कमी की संभावना है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने यूपीआई ट्रांजेक्शन को और बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए कई नए नियम लागू किए हैं, जो 1 अगस्त से शुरू होंगे. इनमें कुछ लिमिटेशन भी शामिल हैं: एक दिन में यूपीआई ऐप से केवल 50 बार बैलेंस चेक किया जा सकेगा. वहीं मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट्स को दिन में सिर्फ 25 बार चेक किया जा सकेगा. ऑटोपे ट्रांजेक्शन (जैसे नेटफ्लिक्स, म्यूचुअल फंड की किस्त) अब केवल तीन टाइम स्लॉट्स में ही प्रोसेस होंगे. यह सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर 1 से 5 बजे, और रात 9:30 बजे के बाद. फेल ट्रांजेक्शन का स्टेटस एक दिन में केवल 3 बार देखा जा सकेगा. प्रत्येक चेक के बीच 90 सेकेंड का अंतर होगा. इन बदलावों से पेमेंट प्रक्रिया में सुरक्षा बढ़ेगी, लेकिन कुछ यूजर्स को सीमित लिमिट के कारण असुविधा हो सकती है. तेल कंपनियां अक्सर सीएनजी और पीएनजी के दाम में हर महीने बदलाव करती हैं, लेकिन अप्रैल के बाद से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है.

भारतीय रिजर्व बैंक हर महीने बैंक हॉलिडे की सूची जारी करता है, जिसमें त्योहार, वीकेंड और अन्य जरूरी दिन शामिल होते हैं. ये छुट्टियां अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हो सकती हैं. अगस्त 2025 में भी आरबीआई की हॉलिडे लिस्ट जारी होगी, जिसके अनुसार बैंक बंद रहेंगे. इससे आप अपनी बैंकिंग जरूरतों को पहले से योजना बना सकते हैं.

## धर्मांतरण मामला: छांगुर के भतीजे के अवैध मकान पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में धर्मांतरण का मास्टर माइंड और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में शनिवार को प्रशासन ने छांगुर के भतीजे सबरोज के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया. इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था. उपजिलाधिकारी सत्यपाल प्रजापति ने बताया कि यह मकान गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के ग्राम रेहरा माफी में सरकारी नवीन परती भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था. शनिवार को पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में 300 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में बने



एक कमरे, किचन और बरामदे वाले इस अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया. इस दौरान राजस्व निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव, लेखपाल शैलेन्द्र पाठक, रत्न भूषण सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे. टीम ने मौके पर सटीक नाप-जोख कर रिपोर्ट तैयार की है, जिसे उच्चाधिकारियों को सौंपा जाएगा.

अतिक्रमण हटाने के लिए सबरोज को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन समय सीमा में उसकी ओर से कोई कार्रवाई न होने पर प्रशासन ने यह कदम उठाया. राजस्व विभाग की पैमाइश में यह पुष्टि हुई कि मकान का हिस्सा नवीन परती भूमि में आता है. कार्रवाई से पहले ही सबरोज की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ मायके चली गई थी. इस कार्रवाई के बाद छांगुर गिरोह में हड़कंप मच गया है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट, चूना भट्ठा, एचबी रोड, कोकर (नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार). आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com